हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • शुक्रवार • 01.08.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 11 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND




## श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
भारत की माननीय राष्ट्रपति

## का वीर भूमि झारखण्ड में
# अभिनंदन और
# जोहार

दिनांक: 31 जुलाई और 1 अगस्त 2025



श्री संतोष कुमार गंगवार
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड



श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR- 358699 (IPRD) 25-26

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

**एक नजर**

## सेवानिवृत्त अनुसेवक कोलेश्वर महतो को दी गई भावभीनी विदाई

**केरेडारी** : केरेडारी अंचल कार्यालय केरेडारी में अनुसेवक के पद पर कार्य कर रहे कोलेश्वर महतो को अंचल अधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल और प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार ने प्रखंड और अंचल कर्मियों के साथ मिलकर दिन बृहस्पतिवार को भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों ने उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की और उनके सेवानिवृत्त जीवन सुखमय स्वस्थ्य होने की कामना की। मौके पर सीओं व अन्य कर्मियों ने कोलेश्वर महतो को उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वस्थ्य व सुखद भविष्य की कामना के साथ विदा किया। मौके पर सीओं ने कहा कि अनुसेवक के पद पर कर रहे अपने दायित्व का पूरे समर्पण व संजीदगी के साथ उन्होंने निर्वहन किया। उनकी कमी सदैव कार्यालय में महसूस होगी। वहीं सेवानिवृत कर्मी कोलेश्वर महतो ने अपने मन की बात साझा की और कहा कि आप सबों के साथ गुजारे गए समय हमेशा याद रहेंगा।

## शोकाकुल परिजनों से भेंट कर विधायक ने जताया संवेदना

**बरही** : बरही के जरहिया ग्राम निवासी 57 वर्षीय किसान रूपलाल यादव उर्फ रूपन यादव की मौत पिछले सोमवार की शाम जारहिया डैम में डूबने से हो गई थी। वे खेत में काम करने के बाद जरहिया डैम में नहाने के क्रम में यह दुर्घटना हुआ था। घटना की सूचना मिलने पर बुधवार की देर शाम बरही विधायक मनोज कुमार यादव पीड़ित परिवार से मिलने जारहिया गांव पहुंचे ।वहीं गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिए। इस दौरान स्थानीय बसरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## रामविलास साव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनने पर लोगो ने दी बधाई

**बड़कागांव** : बड़कागांव लोकहित अधिकार पार्टी प्रदेश कार्यसमिति का पुनर्गठन हुआ। जिसमें ग्राम चेपाखुर्द बड़कागांव हजारीबाग निवासी रामविलास साव को प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दिया गया। जिस पर क्षेत्र के लोगों में एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह है। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष को धन्यवाद देते हुए रामविलास साव को बधाई दिया। जिसमें मुख्य रूप से बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी कौलेश्वर साव, अशोक साव, मनोज शाहा, युवा प्रदेश अध्यक्ष (आर टी एस एम) अरविंद कुमार साहू , पूर्व जिला अध्यक्ष (एल ए पी) नन्दलाल साहू, राजू पासवान, रमेश गोप, प्रमेश्वर साव इलियास अंसारी, मो सरफुद्दीन योगेन्द्र भुइयां, महेंद्र करमाली, भोला साव, बासुदेव साव,नरेश प्रसाद, प्रेम यादव, हरिनाथ यादव सहित सैकड़ों लोग शामिल है।

## सिकरी एमडीओ में शिव मंदिर निर्माण पूर्ण, 4 अगस्त को होगा प्राण प्रतिष्ठा

**बड़कागांव** : प्रखंड अंतर्गत सिकरी राजबागी स्थित एमडीओ कॉलोनी में त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से निर्मित भव्य शिव मंदिर का कार्य पूर्ण हो चुका है। दक्षिण भारतीय वास्तुकला में निर्मित यह मंदिर नौ महीने की अथक मेहनत से तैयार हुआ है। जिसे लेकर मंदिर में श्री श्री 1008 शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा और पांच दिवसीय महायज्ञ शुरू किया गया। 1 से 3 अगस्त तक धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला चलेगी। 4 अगस्त को भगवान शिव, पार्वती, गणेश की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, जिसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भंडारा और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की हुई समीक्षा बैठक

# शिक्षा योजनाओं में लापरवाही नहीं चलेगी : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग** : उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं क्रियान्वित कार्यों की गहन समीक्षा की तथा कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने विद्यालयों में शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति, छात्रों की उपस्थिति, यू-डाइस पोर्टल पर विद्यालयों की प्रविष्टि, टीचर मॉड्यूल अपडेट, एसडीएमआईएस, ब्लॉकवार वृक्षारोपण एवं इको क्लब पंजीकरण, छात्र बैंक खाता स्थिति, बच्चों का आधार नामांकन एवं एमडीए-आईडीए अभियान के अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन हेतु दवा वितरण जैसे बिंदुओं की बिंदुवार समीक्षा की। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी सीआरपी एवं बीआरपी एक चेकलिस्ट तैयार कर विद्यालयों में संचालित योजनाओं की भौतिक जांच कर समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति प्रतिशत में सुधार हेतु ठोस प्रयास करने को कहा। उन्होंने यू-डाइस पोर्टल पर सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों की पूर्ण एवं अद्यतन प्रविष्टि सुनिश्चित करने, तथा टीचर मॉड्यूल में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश दिया। उन्होंने सभी विद्यालय परिसरों में वृक्षारोपण करने और इसके लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि एमडीए-आईडीए अभियान के तहत सभी विद्यालयों में फाइलेरिया की दवा छात्रों को अनिवार्य रूप से खिलाई जाए तथा दवा वितरण दिवस पर छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बच्चों के बैंक खाते खोलने की प्रक्रिया में तेजी लाने पर विशेष बल दिया। सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जहाँ यह प्रक्रिया बाधित हो रही है, वहाँ विशेष बैंक कैंप का आयोजन कर बच्चों के बैंक खाते खोले जाएंगे। बैठक के अंत में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि शिक्षा परियोजना से संबंधित सभी योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारु रूप से हो तथा नियमित निगरानी एवं मूल्यांकन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उपायुक्त के अलावे जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, बीआरपी, सीआरपी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## बरही विधायक ने बसरिया विद्यालय में अतिरिक्त कक्षों का किया लोकार्पण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चौपारण** : प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसरिया में शनिवार को शिक्षा क्षेत्र के विकास की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया। क्षेत्रीय विधायक मनोज कुमार यादव ने विद्यालय में नवनिर्मित 10 अतिरिक्त कक्षाओं का विधिवत उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय की छात्राओं के बीच निःशुल्क साइकिलों का वितरण भी किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह के दौरान विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे ले जाने का सबसे बड़ा साधन है, और ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षणिक ढांचे को सुदृढ़ करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में क्षेत्र के अन्य विद्यालयों को भी आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इस अवसर पर मंच पर कई गणमान्य लोग उपस्थित थे, जिनमें प्रमुख रूप से रामशरूप पासवान, राजदेव यादव, बसरिया की मुखिया मंजू देवी, बेलाही के मुखिया मंटू सिंह, सीताराम साव, गजाधर प्रसाद, और संजय सिन्हा शामिल थे। सभी अतिथियों ने विधायक की ओर से की गई इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे न केवल छात्र-छात्राओं को पढ़ाई का बेहतर वातावरण मिलेगा, बल्कि स्कूल ड्रॉपआउट दर भी घटेगी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने विधायक को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि अतिरिक्त कक्षों के निर्माण से अब विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए पर्याप्त जगह मिल पाएगी। जिससे शिक्षण गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। समारोह का समापन राष्ट्रगान और विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ।

## थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए लगाया गया रक्तदान शिविर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : 30 जुलाई को थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में लगाया रक्तदान शिविर। शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्लड मैन निर्मल जैन के द्वारा किया गया शिविर का शुभारंभ राजकुमार, ऋतुराज रंजन, आशीष रंजन द्वारा प्रथम बार रक्तदान कर के किया गया तत्पश्चात विकास कुमार, गुड्डू कुमार, अभय कुमार, अमित कुमार ठाकुर, लालदेव कुमार, रवि भारद्वाज, दीपक सिंह, रंजीत कुमार यादव, सरोज कुमार, रवि कुशवाहा और ऋतिक ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया साथ ही रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया एक महिला को ओ पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता थी। ब्लड बैंक में ओ पॉजिटिव उपलब्ध नहीं था ऐसे में एसोसिएशन के नियमित रक्तदाता गुड्डू कुमार ने रक्तदान कर महिला की जान बचाने में मदद की। ऋतुराज रंजन, आशीष रंजन एवं राजकुमार ने प्रथम बार रक्तदान कर आनंद की अनुभूति की, उन्होंने भविष्य में प्रत्येक 3 माह के अंतराल में रक्तदान करने का आश्वासन दिया। जैन ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में स्पूर्ति आती है, रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है हार्ट अटैक कैंसर जैसी बीमारियों से बचाव होता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए एसोसिएशन द्वारा 3 अगस्त को रक्तदान शिविर का आयोजन शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में प्रातः 10:30 बजे से किया जाएगा।

## विभावि की प्राकृतिक सुंदरता उच्च शिक्षा के अनुकूल : डॉ अजीत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : विभावि हजारीबाग के विश्वविद्यालय शिक्षाशास्त्र विभाग में सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद के शिक्षाशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष, प्रो. मधुसूदन जे वी और इग्नू, नयी दिल्ली के शिक्षाशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ अजित कुमार सी ने शिक्षा शास्त्र के विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने अपने अभिभाषण से छात्रों को शिक्षाशास्त्र विषय की असीम संभावनाओं पर विस्तार से परिचित कराया। डॉ मधुसूदन ने विश्वविद्यालय की शैक्षिक परिवेश की प्रशंसा की। वही डॉ अजीत कुमार विश्वविद्यालय की प्राकृतिक सुंदरता और हरियाली की खूब प्रशंसा करते हुए बताया कि यह शिक्षा के लिए अनुकूल प्राकृतिक परिवेश प्रदान करता है। मौके पर विभाग द्वारा दोनों अतिथि शिक्षाविदों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर एम. एड एवं इंटीग्रेटेड बी. एड के छात्र अच्छी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो तनवीर यूनुस तथा विभागीय शिक्षक प्रो मृत्युंजय प्रसाद, डॉ रजनीश कुमार, शालिनी अवधिया, डॉ कुमारी भारती, डॉ चौधरी प्रेम प्रकाश और निशा सिन्हा उपस्थित थे। मंच का संचालन डॉ अमिता कुमारी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ विनिता बांकिरा द्वारा किया गया।

## बेलपत्र तस्करी में सिमरन ट्रेवल्स की बस जब्त, जांच में जुटा वन विभाग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चौपारण** : वन प्राणी आश्रयणी क्षेत्र में वन विभाग ने बुधवार रात एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए बेलपत्र की तस्करी में लिप्त एक यात्री बस को जब्त किया है। बस से 20 से अधिक बड़े बंडल बेलपत्र के बरामद किए गए हैं। कार्रवाई से वन तस्करों में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चौपारण वन क्षेत्र के वनपाल दल गश्ती पर था, तभी देर रात सिमरन ट्रेवल्स की एक यात्री बस डब्लू बी 57 ई 4224 को संदेह के आधार पर रुकने का इशारा किया गया। लेकिन चालक ने रफ्तार बढ़ाकर मौके से भागने की कोशिश की। स्थिति को गंभीर देखते हुए वन विभाग ने चौपारण थाना को तत्काल सूचित किया। पुलिस के सहयोग से बस को चौपारण थाना के पास रोका गया। जैसे ही बस रुकी, उसमें सवार कर्मी बेलपत्र के बंडल को सड़क पर फेंकने लगे ताकि कोई सबूत न बचे ।लेकिन वन विभाग की सतर्कता से सारा माल बरामद कर लिया गया। बेलपत्र की इस तरह से अवैध तस्करी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं आखिर इतनी बड़ी मात्रा में बेलपत्र किस उद्देश्य से एकत्रित की गई थी? क्या इसका उपयोग धार्मिक कार्यों तक सीमित था, या इसके पीछे कोई संगठित व्यावसायिक नेटवर्क सक्रिय है? वन विभाग ने इस मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। चौपारण वन क्षेत्र के वनपाल ने बताया कि जल्द ही तस्करी में लिप्त सभी व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल बस को चौपारण वन कार्यालय में खड़ा कर दिया गया है और वन अधिनियम के तहत वाद दर्ज कर अग्रेतर कानूनी प्रक्रिया चलाई जा रही है। छापेमारी अभियान में वन विभाग के कुलदीप महतो समेत कई अन्य कर्मी शामिल रहे। विभाग के अनुसार, यह कार्रवाई वन संपदा की अवैध तस्करी पर लगाम लगाने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

# मानव तस्करी के विरुद्ध अभियान में सामाजिक संगठनों की भूमिका आवश्यक : शेफाली गुप्ता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग** : नई दिल्ली राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा वर्ल्ड डे अगेंस्ट ट्रैफकिंग का आयोजन नई दिल्ली के विज्ञान भवन में किया गया। जिसमें हजारीबाग की सामाजिक कार्यकर्ता और ओम आरोहणाम संस्था की संस्थापिका एवं भारत सरकार की दिशा संगठन की सदस्य शेफाली गुप्ता ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान रेल सुरक्षा बल और राष्ट्रीय महिला आयोग के बीच ह्यूमन ट्रैफिकिंग को रोकने के लिए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहतकर सहित आयोग की अनेक सदस्याएं तथा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहतकर एवं रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव ने इस सहयोग के महत्व पर अपने विचार साझा किए। अपने संबोधन में अध्यक्ष विजया राहतकर ने कहा कि मानव तस्करी जैसे जघन्य अपराध को रोकने के लिए संस्थागत समन्वय, जमीनी सतर्कता और जन-जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस समझौते को महिला एवं बाल संरक्षण की दिशा में एक मजबूत कदम बताया। इस दौरान ओम आरोहणाम संस्था की संस्थापिका एवं भारत सरकार की दिशा संगठन की सदस्य शेफाली गुप्ता ने भी अपने विचार साझा किए और कहा कि ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में मानव तस्करी के खिलाफ सतर्कता और जागरूकता अभियान चलाना समय की मांग है। इस दिशा में हर सामाजिक संगठन को अपनी भूमिका निभानी होगी। कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिनिधियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए मील का पत्थर बताया।

**संक्षिप्त खबरें**

## चौपारण में दृष्टि पैरामेडिकल एवं दृष्टि विज्ञान संस्थान का हुआ शुभारंभ



**चौपारण** : चौपारण प्रखंड के युवाओं के लिए एक नई उम्मीद लेकर दृष्टि पैरामेडिकल एवं दृष्टि विज्ञान संस्थान की शुरूआत की गई है। इस संस्थान का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को उनके घर के पास ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य शिक्षा और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करना है। संस्थान के निदेशक इमरान खान के नेतृत्व में शुरू की गई इस पहल से युवाओं को पैरामेडिकल एवं दृष्टि विज्ञान का आधुनिक प्रशिक्षण मिलेगा। साथ ही, उन्हें सरकारी एवं निजी अस्पतालों में काम करने के लिए तैयार किया जाएगा। यह संस्थान देश के मान्यता प्राप्त संस्थानों से मान्यता प्राप्त है। 18 अगस्त, 2025 से कक्षाएं शुरू होंगी, जबकि प्रवेश प्रक्रिया जारी है। सीटें सीमित हैं, इसलिए पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर नामांकन किया जा रहा है। संस्थान की मुख्य विशेषताएँ: अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित प्रशिक्षण केंद्र, स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण एवं रोजगार, सरकारी एवं निजी अस्पतालों में करियर की संभावनाएँ। संस्थान का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना और आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाना है। अपने क्षेत्र के युवाओं को प्रशिक्षित करें और उन्हें बेहतर भविष्य की राह दिखाएँ। संपर्क: दृष्टि इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल एंड विजन साइंस, स्थान: ग्राम ताजपुर, पोस्ट– चौपारण, थाना– चौपारण, जिला– हजारीबाग फोन नंबर: 8409340240, आज ही नामांकन करें और यहाँ से अपने सपनों को साकार करें।

## अशोक महतो 12 किलोमीटर दंडवत देते बुढ़वा महादेव में सोमवार को करेंगे जलाभिषेक



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड में सावन की अंतिम सोमवारी को लेकर अभी से ही तैयारियां जोर–जोर से की जा रही है बुढ़वा महादेव में अंतिम सोमवारी को लगभग 50000 शिव भक्त श्रद्धालु जिला अभिषेक करेंगे जिसमें कई गांव से कांवरिया रजरप्पा के भैरवी नदी से जल उठाकर 108 किलोमीटर पैदल यात्रा कर बुढ़वा महादेव में जिलाभिषेक करेंगे। इसी क्रम में एक वृद्ध 58 वर्षीय सोनपुरा गांव के निवासी पुजारी अशोक महतो ने गुरुवार को 11:00 बजे सुबह पंचवाहिणि बादाम मंदिर प्रांगण से जल का उठाव कर दंडवत देते 12 किलोमीटर चलकर सोमवार को बुढ़वा महादेव में जलाभिषेक करेंगे। अशोक पिछले बार 2024 में सोनपुरा गांव के पांच वाहिनी मंदिर से 5 किलोमीटर दंडवत कर बुढ़वा महादेव में जलाभिषेक किया था। आखरी सोमवारी को लेकर बड़कागों में विभिन्न कांवरिया संघ के द्वारा कई प्रकार के जुलूस एवं झांकी भी निकाली जाएगी।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में तुलसीदास और प्रेमचंद जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई



**हजारीबाग** : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग, हजारीबाग में आज संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास एवं मुंशी प्रेमचंद की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रबंधन समिति के माननीय सचिव ज्ञानचंद प्रसाद मेहता एवं प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन, भारत माता पूजन एवं गोस्वामी तुलसीदास तथा मुंशी प्रेमचंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। विषय प्रवेश करते हुए विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य मनोज कुमार पांडे ने कहा की किसी भी कवि को काव्य लेखन में मातृशक्ति के रूप में प्रेरणा की आवश्यकता होती है ठीक उसी प्रकार गोस्वामी तुलसीदास जी पर मां सरस्वती स्वरूपा उनकी पत्नी रत्नावली ने ईश्वर भक्ति का सटीक उपदेश देकर गोस्वामी जी को विश्व प्रसिद्ध बनाकर स्वयं भी धन्य हो गई । उन्होंने आगे कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने अवधी भाषा में रामचरितमानस की रचना किया। रामचरितमानस की रचना करते–करते वे ईश्वर में इतने लीन हो गए कि उन्हें साक्षात प्रभु श्री राम का दर्शन हुआ। इस अवसर पर अपने आशीर्वचन में विद्यालय प्रबंधन समिति के माननीय सचिव ज्ञानचंद प्रसाद मेहता ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास और मुंशी प्रेमचंद दोनों ने समाज सुधारने का प्रण लिया था। दोनों महापुरुषों का जन्म संयोगवश एक ही दिन पड़ गया है इसलिए आज हम दोनों महापुरुषों की जयंती एक साथ मना रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि तुलसीदास अपनी पत्नी की प्रेरणा से प्रभावित होकर विश्व प्रसिद्ध महाकाव्य रामचरितमानस की रचना की । उन्होंने सांसारिक जीवन को त्याग कर वैराग्य जीवन ग्रहण किया। उस समय समाज में छुआछूत, जाति प्रथा इत्यादि अनेक कुरीतियों का बोलबाला था ।उन्होंने इन कुरीतियों को साहित्य के माध्यम से दूर करने का प्रयास किया। गोस्वामी तुलसीदास ने विनय पत्रिका,रत्नावली,गीतावली इत्यादि महान ग्रंथों की रचना की। मुंशी प्रेमचंद ने गोदान ,सेवा सदन, प्रेमाश्रम, रणभूमि, कर्मभूमि जैसे उपन्यास और पूस की रात, बड़े घर की बेटी, नमक का दरोगा ,ईदगाह जैसे कहानियों के माध्यम से मध्य वर्गीय समाज की स्थिति को दशार्ने का प्रयास किया। इस अवसर पर प्रांतीय योजनानुसार प्रांतीय निबंध, चित्रकला और सुलेख प्रतियोगिता तथा विभिन्न विषयों पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

## फेयर प्राइस शॉप डीलर्स की मांगों को लेकर हजारीबाग में एक दिवसीय महाधरना आज



**हजारीबाग** : फेयर प्राइस शॉंप डीलर्स एसोसियेशन हजारीबाग की राज्य सरकार से अपनी मांगो के समर्थन में झारखंड के सभी जिला मुख्यालय में एक दिवसीय महाधरना का आयोजन किया गया है जिसमें हजारीबाग जिला मुख्यालय में उपायुक्त के समक्ष दिनांक 01/08/2025 को एक दिवसीय महा धरना 11 से 3बजे तक दिया जाएगा धरना के बाद उपायुक्त महोदय को ज्ञापन देने बाद समाप्त किया जाएगा जिला के सभी प्रखंड डीलरो कि भागीदारी होगी जिसका नेतृत्व विष्णु गढ से टेकोचंद महतो टाटी क्षरीया से अरुण सिहं ,दारु से राम प्रकाश वर्मा सदर से धनेशवर महतो चुरचु से सुकुल रजक डाडी से आरती देवी बड़कागाँव से सतेंद्र गुप्ता केरेडारी से कुवर साव कटकम दाग से अरुण राणा कटकम साडी से मो एकराम ईचाक से मनोहर राम चौपारण से भोला सिंह बरही से डोमन पांडे बरकठा से जागेशवर यादव चलकुशा से केदार यादव पदमा से श्याम सुंदर पांडे और शहरी क्षेत्र से चंदन कुमार एवं अर्चना सिंहा के नेतृत्व मे महाधरना मे शामिल होगे।

हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची ● शुक्रवार ● 01.08.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 11 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : 3 रुपये 2 रुपये




# डॉक्टर व्यवहार में क्लीनिकल न रहें सहानुभूति के साथ दें सलाह : राष्ट्रपति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**देवघर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि डॉक्टर व्हार में क्लीनिकल न बनें, बल्कि सहानुभूति के साथ सलाह दें। बाबा बैद्यनाथ ने आपको जनसेवा के लिए भेजा है। एक अच्छा डॉक्टर के साथ एक अच्छा इंसान भी होना जरूरी है। राष्ट्रपति गुरुवार को एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहीं थीं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अनगिनत जीवन में उजाला कर सकते हैं। समाज निर्माण में भी वे अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं।



### एम्स के साथ मेरी विशेष स्मृति है जुड़ी

राष्ट्रपति ने कहा कि एम्स के साथ मेरी विशेष स्मृति जुड़ी हुई है। जब मैं झारखंड की राज्यपाल थी तो इसका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। देवघर एम्स की विकास यात्रा से मेरा विशेष संबंध बन गया है। एम्स में कल्चर ऑफ एक्सिलेंस की शुरूआत हो रही है। इसके लिए राष्ट्रपति ने पूरी टीम को शुभकामनाएं भी दीं।

### पदक पाने वाली बेटियों की संख्या छात्रों के बराबर

राष्ट्रपति ने कहा कि आज उपाधी व पदक पाने वालों में बेटियों की संख्या छात्रों के बराबर है। एम्स में प्रवेश पाना और शिक्षा ग्रहण करने का मतलब है कि आप एक कुशल डॉक्टर बन गए हैं। लेकिन सेंसेटिव कम्यूनिकेशन की क्षमता भी होनी चाहिए। कुछ ऐसे डॉक्टर हैं जिनके परामर्श से परिवार के लोग बेहतर महसूस करते हैं।

### प्राथमिक स्वास्थ्य क्षेत्र में सक्रियता के साथ करें काम

राष्ट्रपति ने डॉक्टरों से कहा कि प्राइमरी हेल्थ क्षेत्र में भी सक्रियता के साथ काम होना चाहिए। अर्बन-रुरल हेल्थ कम्यूनिटी सेंटर भी जाकर अपनी सेवा दें।

### रांची पहुंची राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट पर किया स्वागत



रांची : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर हैं। गुरुवार को देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में शिरकत करने के बाद रांची पहुंची। वे राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी और शुक्रवार को धनबाद के लिए रवाना होंगी। वहां से सीधे आईआईटी (आईएसएम) के लिए रवाना होंगी। जहां वे 45वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

### चिकित्सा केवल पेशा नहीं बल्कि पुनीत कर्म है : राज्यपाल

देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि चिकित्सा केवल पेशना ही नहीं होना चाहिए। बल्कि एक पुनित कर्म भी होना चाहिए। ज्ञान की प्राप्ति तभी सार्थक है, जब उसका उपयोग जनकल्याण के लिए हो। अपनी विशेषज्ञता को राष्ट्र निर्माण में लगाएं। यह शैक्षणिक उपलब्धि ही नहीं सामाजिक दायित्व की भी शुरूआत है। चिकित्सा मार्ग सिर्फ करियर ही नहीं, बल्कि संवेदना और नैतिक दृढ़ता की भी मांग करता है।

झारखण्ड का मानसून सत्र आज से, बैठक में शामिल हुए सीएम

# इस साल अतिवृष्टि हुई है, सदन में होगी सार्थक चर्चा : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** आज से 7 अगस्त 2025 तक आहूत षष्ठम झारखण्ड विधानसभा के तृतीय सत्र (मानसून सत्र) के सफल, व्यवस्थित और सुचारु संचालन को लेकर गुरुवार को झारखंड विधानसभा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने की। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के विधायक दलों के नेता एवं प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन भी उपस्थित रहे। उन्होंने सत्र के दौरान सदन में शालीन, सकारात्मक और रचनात्मक विमर्श की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने सभी दलों से अपेक्षा जताई कि वे जनहित के मुद्दों पर चर्चा को प्राथमिकता देंगे और सत्र को सार्थक बनाने में सहयोग करेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि बारिश के बीच मॉनसून सत्र आहुत किया गया है। स्पीकर से इसकी तिथि मुकर्रर कर दी है। यह सत्र काफी महत्वपूर्ण होने जा रहा है। सभी सदस्यों ने अतिवृष्टि को करीब से देखा है। वे सार्थक चर्चा के साथ अपनी बातों को रखेंगे। उन्होंने कहा कि शहर के हों या गांव के लोग सरकार जनता के प्रति संवेदनशील है। उम्मीद करते हैं कि विपक्ष भी सरकार को सहयोग करेगा।

विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने भी सत्र के दौरान अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र महत्वपूर्ण विधायी कार्यों और नीतिगत चर्चाओं के लिए अवसर प्रदान करता है, ऐसे में सभी दलों की रचनात्मक सहभागिता अपेक्षित है। बैठक में सदन के कार्य संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ, जिसमें यह सुनिश्चित करने की कोशिश की गई कि सदन का वातावरण सौहार्दपूर्ण बना रहे और जनहित के मुद्दों पर गहन चर्चा हो सके। ज्ञात हो कि इस बार का मानसून सत्र सात दिनों का होगा, जिसमें सरकार कई महत्वपूर्ण विधेयकों को प्रस्तुत कर सकती है और विपक्ष भी राज्य की नीतियों, कानून-व्यवस्था, विकास योजनाओं आदि पर सवाल उठा सकता है।

## एक नजर

### उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए जल्द जारी होगी अधिसूचना

**नयी दिल्ली :** चुनाव आयोग जल्द ही उपराष्ट्रपति चुनाव से जुड़ी अधिसूचना जारी कर सकता है। चुनाव की दृष्टि से आयोग ने निर्वाचन मंडल की सूची को अंतिम रूप दे दिया है। संविधान के अनुच्छेद 66(1) के तहत उपराष्ट्रपति चुनाव के निर्वाचन मंडल में राज्यसभा के निर्वाचित एवं मनोनीत तथा लोकसभा के निर्वाचित सदस्य होते हैं। निवर्तमान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हाल ही में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आयोग ने कहा है कि अधिसूचना जारी होने के बाद निर्वाचन मंडल की सूची खरीद के लिए आयोग की ओर से बनाए गए काउंटर्स में उपलब्ध होगी।

### गार्डन रीच शिपबिल्डर्स ने नौसेना को सौंपा युद्धपोत 'हिमगिरि'

**कोलकाता :** गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने भारतीय नौसेना को अत्याधुनिक निर्देशित प्रक्षेपास्त्र फ्रिगेट 'हिमगिरि' सौंप कर स्वदेशी युद्धपोत निर्माण के इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है। यह युद्धपोत प्रोजेक्ट 17ए के तहत जीआरएसई द्वारा निर्मित तीन फ्रिगेट्स में से पहला है और कुल मिलाकर कंपनी द्वारा निर्मित 801वां पोत है। रक्षा मंत्रालय के पूर्वी कमान मुख्यालय की ओर से गुरुवार को जारी बयान में बताया गया है कि इस युद्धपोत को पूर्वी नौसेना कमान के तकनीकी प्रमुख रियर एडमिरल रवनीश सेठ ने नौसेना की ओर से स्वीकार किया।

# अमेरिकी टैरिफ पर पीयूष गोयल ने कहा - राष्ट्रहित सर्वोपरि, प्रभावों का आकलन जारी



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 25 फीसदी के टैरिफ पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में कहा कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार पर बातचीत जारी है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने राज्यसभा में कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 25 फीसदी टैरिफ के मामले में सरकार पूरी तरह सतर्क है और राष्ट्रहित की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (BTA) को लेकर मार्च 2025 से बातचीत चल रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच वर्चुएल बैठकें भी हुई है और यूएस के साथ टैरिफ पर 4 दौर की बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि हमारे लिए राष्ट्रहित सबसे पहले है और राष्ट्रहित की रक्षा के लिए उचित कदम उठाएंगे।

### सरकार कर रही असर का मूल्यांकन

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय इस टैरिफ के प्रभाव का मूल्यांकन कर रहा है। भारत एक दशक पहले तक एक कमजोर अर्थव्यवस्था था लेकिन अब वैश्विक संस्थाओं और अर्थशास्त्रियों ने भारत को दुनिया की "ब्राइट स्पॉट" इकोनॉमी बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार पिछले एक दशक से भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में काम कर रही है।

# 17 साल बाद मालेगांव विस्फोट पर फैसला : साध्वी प्रज्ञा समेत सभी 7 आरोपी बरी, पीड़ितों को मिलेगा मुआवजा

एजेंसी

**मुंबई :** मुंबई की एनआईए विशेष अदालत ने गुरुवार को 2008 के मालेगांव विस्फोटों में शामिल सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष मामले को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। एनआईए अदालत ने महाराष्ट्र सरकार को पीड़ितों के परिवारों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया है।



पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा, मेजर (रिटायर्ड) रमेश उपाध्याय, सुधाकर चतुर्वेदी, अजय रहीरकर, सुधांकर धर द्विवेदी (शंकराचार्य) और समीर कुलकर्णी समेत कुल 7 लोगों को आरोपी बनाया गया था। एनआईए की विशेष अदालत ने कहा, 'आरोपियों के सभी जमानत बांड रद्द किए जाते हैं और जमानतदारों को मुक्त किया जाता है।' अदालत ने फैसला सुनाने से पहले अभियोजन पक्ष के 323 और बचाव पक्ष के 8 गवाहों से पूछताछ की। सातों लोगों को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, शस्त्र अधिनियम और अन्य सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। न्यायाधीश अभय लोहाटी ने कहा, अभियोजन पक्ष ने यह साबित कर दिया कि मालेगांव में विस्फोट हुआ था, लेकिन यह साबित करने में विफल रहा कि उस मोटरसाइकिल में बम रखा गया था। अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि मेडिकल प्रमाणपत्रों में भी कुछ हेराफेरी की गई थी। अदालत ने कहा, अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि घायलों की उम्र 101 नहीं, बल्कि 95 थी और कुछ मेडिकल प्रमाणपत्रों में हेराफेरी की गई थी। अदालत ने यह भी कहा कि प्रसाद पुरोहित, जो इस मामले में एक अन्य आरोपी थे, के आवास में विस्फोटकों के भंडारण या संयोजन का कोई सबूत नहीं है। अदालत ने कहा, पंचनामा करते समय जाँच अधिकारी ने घटनास्थल का कोई रेखाचित्र नहीं बनाया।

# 11 हजार करोड़ की चार रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सरकार ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक की रेलवे की क्षमता विस्तार की चार परियोजनाओं को मंजूरी दी है जिससे मालवहन क्षमता में लगभग 10 करोड़ टन प्रतिवर्ष की वृद्धि होगी।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने गुरुवार को रेल मंत्रालय की कुल 11,169 करोड़ रुपये लागत वाली इन चार परियोजनाओं को अनुमति प्रदान की।

सूचना प्रसारण, रेल, इलैक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने मध्यप्रदेश में इटारसी से महाराष्ट्र के नागपुर तक चौथी लाइन, महाराष्ट्र में ही औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर) से परभणी दोहरीकरण, पश्चिम बंगाल में अलुआबारी रोड- न्यू जलपाईगुड़ी तीसरी और चौथी लाइन तथा झारखंड ओडिशा सीमा क्षेत्र में डांगोपोसी- जारोली तीसरी और चौथी लाइन की परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है।

उन्होंने कहा कि बढ़ी हुई लाइन क्षमता गतिशीलता में काफी वृद्धि करेगी, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा। ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव संचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़ को कम करने के लिए निर्मित किए गए हैं। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री श्री मोदी के नवीन भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को ₹आत्मनिर्भर₹ बनाने के साथ-साथ रोजगार/स्वरोजगार के अवसर भी सृजित करेंगी।

श्री वैष्णव ने कहा कि परियोजनाओं की योजना पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान पर बनाई गई है, जिसमें एकीकृत योजना और हितधारक परामर्श के माध्यम से मल्टी-मोडल संपर्कता और रसद दक्षता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। ये परियोजनाएं लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध संपर्कता प्रदान करेंगी।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड राज्यों के 13 जिलों को कवर करने वाली चार परियोजनाओं से भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 574 किलोमीटर की वृद्धि होगी। प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना लगभग 2309 गांवों तक संपर्क बढ़ेगा, जिनकी जनसंख्या लगभग 43.60 लाख है। ये कोयला, सीमेंट, क्लिंकर, जिप्सम, फ्लाई ऐश, कंटेनर, कृषि उत्पाद और पेट्रोलियम उत्पादों आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं।

रेल मंत्री के अनुसार क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 95.91 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) सामान की आवाजाही होगी। रेलवे, पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा कुशल परिवहन माध्यम होने के कारण, जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की रसद लागत को कम करने, तेल आयात (16 करोड़ लीटर) कम करने और कार्बन डाई आक्साइड उत्सर्जन (515 करोड़ किलोग्राम) कम करने में मदद करेगा, जो 20 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

# पटना में दो बच्चों की जलने से मौत, लोगों में भारी आक्रोश

एजेंसी

**पटना :** पटना के जानीपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार एक घर में सो रहे दो बच्चों की जलकर मौत हो गई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। मृतक बच्चों के पिता ललन गुप्ता सचिवालय में प्राइवेट काम करते हैं जबकि मां एम्स में गार्ड है। घटना के बाद आक्रोशित लोग सड़क पर उतर गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए थाना पुलिस के साथ वरीय पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

मृतकों की पहचान 14 साल की अंजलि कुमारी और 12 साल के अंशु के रूप में हुई है। दोनों बच्चे स्कूल से लौटकर घर आए थे। घर पर उस वक्त माता-पिता मौजूद नहीं थे। आग लगने के बाद दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने जब घर से धुआं निकलता देखा तो पुलिस को सूचना दी। जानीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। फुलवारी शरीफ के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार स्वयं निगरानी कर रहे हैं। पुलिस ने कमरे को सील कर शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है ताकि घटनास्थल की वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा सके।

मृतक के पिता ललन गुप्ता ने बताया कि घटना 12 से डेढ बजे के बीच हुई है। रूम अंदर से बंद था। उन्होंने आशंका जताई कि दोनों बच्चों की हत्या की गयी है। पीड़ित पिता ने यह मांग की है कि जिस किसी ने इस वारदात को अंजाम दिया है उसे पुलिस गिरफ्तार करें और उसे कड़ी से कड़ी सजा दिलाये।

## एक नजर

### पुर्व प्रतिपक्ष नेता अमर बाउरी पीड़ित परिवार से मिले, सांत्वना दी



**बोकारो** : पुर्व प्रतिपक्ष नेता अमर कुमार बाउरी गुरुवार को शौकाकुल परिवार से मिलकर सांत्वना दिया। कहा हर संभव मदद करेंगे। बता दूँ कि 27 जुलाई को इलेक्ट्रो स्टील वेदांता फोरलेन पर सड़क दुर्घटना से सुगा देवी 55 बर्ष का मौत हो गया था। भाजपा बिजुलिया मंडल अध्यक्ष बबलु चौबे, संतोष हाजरा, तुलसी हाजरा, मुकेश बाउरी, श्याम पैतंडी,शुभंकर पैतंडी, मानिक हाजरा, तुफान हाजरा, दिजेन हाजरा, मधु हाजरा, बिक्की तिवारी, राजकिशोर मेहता, चंदन मेहता, हरि पद हाजरा, रामयश हाजरा, संजय हाजरा आदि शामिल थे।

### आकांक्षा हाट एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**कोडरमा** : झुमरी तिलैया नगर परिषद् क्षेत्र अंतर्गत पूर्णिमा टॉकिज मैदान में आकांक्षा प्रखंड कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान सह सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त ऋतुराज, उप वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, विकास आयुक्त रवि जैन तथा अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके उपरांत आकांक्षा हाट का प्रतीकात्मक उद्घाटन गुब्बारा उड़ाकर किया गया। उप विकास आयुक्त रवि जैन द्वारा स्वागत भाषण में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, मूलभूत संरचना एवं सामाजिक विकास जैसे पाँच प्रमुख थीम के अंतर्गत कुल 39 पर कार्य किया जा रहा है। मुख्य अतिथि उपायुक्त ऋतुराज ने संबोधन में कहा कि आकांक्षा प्रखंड अंतर्गत संपूर्णता अभियान को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने में फ्रंटलाइन वर्करों ने सराहनीय भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि कई प्रमुख सूचकों जैसे अठउ रजिस्ट्रेशन (प्रथम तिमाही), मधुमेह एवं रक्तचाप जांच, और सॉयल हेल्थ कार्ड में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की गई है। दो अन्य संकेतकों में 95% की प्रगति दर्ज की गई है। उपायुक्त ने यह भी बताया कि नीति आयोग द्वारा जारी डेल्टा रैंकिंग में कोडरमा जिले के मरकच्चो और जयनगर प्रखंडों की रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। दिसंबर 2023 में जॉन 6 में मरकच्चो को उच्च स्थान प्राप्त हुआ, वहीं मार्च 2024 में यह प्रखंड झारखंड में तीसरे स्थान पर रहा।

### झुमरीतिलैया के असनाबाद की शमा निकली डेंजर

**कोडरमा** : जिले के झुमरीतिलैया की शमा निकली डेंजर और पाकिस्तान से निकला कनेक्शन। माइंड वॉश,व्हाट्सप्प,आइकॉनज्वाइन और व्हाट्सप्प चैनल के जरिये करती थी। बैंगलोर से गिरफ्तार हुई संदिग्ध आतंकी शमा प्रवीण को लेकर चौकाने वाला खुलासा हुआ। दिखने में सिम्पल लड़की सोशल मीडिया के जरिये खतरनाक और नफरत फैलाने का काम करती थी। साथ ही पाकिस्तान के मौलाना जो आतंकी संगठन से जुड़े है, उनकी बातो को आगे शेयर कर लोगों को भड़काने का काम करती है। शमा मूल रूप से कोडरमा जिले के झुमरीतिलैया थाना अंतर्गत असनाबाद की रहने वाली है। सामान्य से परिवार में इसका जन्म हुआ, लेकिन पिछले चार साल पहले यह झारखण्ड से बैंगलोर चली गई।

# बोकारो में नवजात बेटियों के सम्मान में भव्य आयोजन, उपायुक्त ने बांटी शुभकामनाएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** उपायुक्त जय नाथ झा के मार्ग दर्शन में समाज कल्याण विभाग द्वारा गुरुवार को बधाई हो बेटी हुई है। कार्यक्रम की शुरूआत सदर अस्पताल स्थित मातृ शिशु वार्ड में एक भव्य समारोह कर की गई। मौके पर स्वयं उपायुक्त, उनकी धर्मपत्नी डा. प्रतिमा झा, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डा. एन पी सिंह, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, पीएमयू की टीम समेत अन्य उपस्थित थे। सबसे पहले उपायुक्त अजय नाथ झा, उनकी धर्मपत्नी डा. प्रतिमा झा, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार व अन्य के द्वारा नवजात बेटियों के अभिभावकों को क्रमवार उनके घर बेटी होने की उन्हें बधाई दी गई। बेटी के जन्म की इस खुशी को साझा करते हुए सभी पदाधिकारियों ने अभिभावकों को मिठाई खिलाई गई और उनका मुंह मिठा कराया गया। इसके साथ ही प्रसव के पश्चात आवश्यक मेडिकल कीट और बच्चों से संबंधित किट प्रदान किया गया।

समारोह को जीवंत और उल्लासपूर्ण बनाने के लिए धीमी ताल पर पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की धुन बजाई गई, जिससे अस्पताल परिसर में एक खुशनुमा, पारिवारिक और उत्सव का माहौल बन गया। अभिभावकों के चेहरे पर खुशी और गर्व का पल साफ झलक रहा था। मौके पर अपने संबोधन में उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि बेटी के जन्म को बोझ नहीं, सौभाग्य समझें। अब समय आ गया है कि हम अपने मानसिकता में बदलाव लाएं और बेटियों के जन्म को खुशी और उल्लास से मनाएं। जब तक समाज में मानसिक स्तर पर बेटियों को लेकर समानता का भाव नहीं आएगा, तब तक असल बदलाव संभव नहीं है। उन्होंने जिलेवासियों को आह्वान किया कि समाज बेटियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सुरक्षा जैसे सभी क्षेत्रों में समान अवसर दें। साथ ही, अपने आस - पास बेटियों के जन्म पर उनके अभिभावकों को बधाई दें, मिठाई खिलाएं।

**बेटियों को आगे बढ़ने की आजादी दें, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना बना रही सशक्त**

उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना जैसे कार्यक्रम महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का ही एक माध्यम है। यह आवश्यक है कि अभिभावक अपनी बेटियों को आगे बढ़ने की पूरी आजादी दें और उनको प्रोत्साहित करें।

## कलश यात्रा के साथ चार दिवसीय श्री श्री शतचंडी यज्ञ शुरू



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो के सेक्टर-2 बी स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में गुरुवार को चार दिवसीय श्री श्री शतचंडी यज्ञ और मां शीतला एवं मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना का भव्य शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। मंदिर परिसर से गाजे-बाजे और उत्साह के साथ निकली कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं पीला वस्त्र धारण कर शामिल हुईं। यह यात्रा प्रधान डाकघर होकर सेक्टर-3 टू टैंक गार्डेन पहुंची, जहां पंडितों ने पूजा-अर्चना कराई। महिलाएं कलश में जल भरकर वापस मंदिर लौटीं, जिसके साथ यज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू हुआ। मुख्य यजमानों में शारदा गुप्ता, आशा देवी, पवन मिश्रा, अर्जुन बाबा, उमेश शर्मा, विनोद सिंह, अखिलेश सिंह, रिंकू सिंह, राकेश ओझा, मिथलेश सिंह, राममूर्ति चौबे, गुड़िया सिंह आदि उपस्थित रहे। शुक्रवार को प्रतिमा का नगर भ्रमण होगा। शनिवार को प्राण प्रतिष्ठा और 24 घंटे का अखण्ड हरि संकीर्तन होगा, और रविवार को हवन, पूणार्हुति तथा महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। यह आयोजन समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक एकता को मजबूती देता है, जिसमें क्षेत्र के लोग बड़े उत्साह से भागीदारी कर रहे हैं।

## डीपीएस में 'तरंग' उत्सव के तीसरे दिन कव्वालियों की गूंज, बाल कलाकारों ने बिखेरा सूफियाना रंग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** कला-संगीत के क्षेत्र में विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा निखारकर उसे उचित मंच देने के उद्देश्य से डीपीएस बोकारो की सीनियर इकाई में चल रहे चारदिवसीय सांस्कृतिक उत्सव तरंग का तीसरा दिन गुरुवार भी खास रहा। अंतर सदन समूहगान प्रतियोगिता में बाल कव्वालों ने अपनी पेशकश से समां बांध दिया। विद्यालय के सभी छह सदनों की टीमों ने एक से बढ़कर एक कव्वालियों की झड़ी लगा दी और पूरा माहौल सूफियाना इबादत के रंग में रंगा रहा। हारमोनियम की मचलती स्वरलहरियों, ढ़ोलक-तबले की सुंदर थाप और अन्य वाद्ययंत्रों की मनमोहक संगत के साथ-साथ तालियों के बीच जिस गर्मजोशी से उन्होंने अपनी सुरीली प्रस्तुतियां दीं, उसने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत गंगा हाउस की टीम ने तू ही तू की ऊजार्वान प्रस्तुति से की। इसके बाद क्रमशः झेलम सदन की टोली ने नित खैर मंगा सोणेया दी तेरी., चेनाब हाउस के बच्चों ने अलबेला साजन., जमुना की टीम ने दमादम मस्त कलंदर., रावी हाउस के विद्यार्थियों ने छाप तिलक सब छीनी रे मोसे नैना मिलाई के... और अंत में सतलज के कव्वालों ने आजा तेनु अखियां उडीक दिया, सजणा तेनु अखियां उडीक दिया...की बेजोड़ पेशकश से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतिभागियों की आकर्षक वेशभूषा और मंच-सज्जा भी अनुपम बनी रही। प्रतिभागियों के साथ हारमोनियम पर संगीत शिक्षक विक्की पाठक व शुभोजीत मिश्रा, तबले पर भास्कर रंजन डे एवं गिटार पर मृत्युंजॉय भट्टाचार्जी ने कुशल संगत की।

## झारखंड महिला कबड्डी टीम बनी 72वीं सीनियर नेशनल चैंपियनशिप की उपविजेता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** झारखंड की महिला कबड्डी टीम ने 72वीं सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब जीता। यह प्रतियोगिता 25 से 28 जुलाई तक चंडीगढ़ में आयोजित की गई थी। फाइनल मुकाबले में झारखंड की टीम को हरियाणा के हाथों हार का सामना करना पड़ा, लेकिन खिलाड़ियों ने पूरे टूनार्मेंट में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए राज्य का नाम रोशन किया। टीम के रांची लौटने पर रेलवे स्टेशन पर झारखंड राज्य कबड्डी संघ और रांची जिला कबड्डी संघ के द्वारा खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और निर्णायकों का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष तपन रावत, कोच हरीश कुमार, मैनेजर अंगद सिंह और नीतू नाग के साथ-साथ कई वरिष्ठ खिलाड़ी व पदाधिकारी उपस्थित रहे। विशेष रूप से राष्ट्रीय अंपायर के रूप में शामिल ए. एम. त्रिपाठी, मनोज कुमार शर्मा, ज्योति रंजन एवं छोटे लाल साहू, और दीपिका कुजूर की उपस्थिति में प्रतियोगिता का संचालन शानदार ढंग से किया गया। खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए झारखंड की खिलाड़ी स्नेहा थापा को महिला वर्ग में बेस्ट कैचर का पुरस्कार प्राप्त हुआ, जो पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। झारखंड राज्य कबड्डी संघ के महासचिव संजय कुमार झा ने जानकारी दी कि उपविजेता झारखंड महिला कबड्डी टीम की सभी खिलाड़ियों को शीघ्र ही राज्य संघ की ओर से विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। स्वागत समारोह के अवसर पर संघ के संरक्षक रमेश सिंह, राजेश कुमार गुप्ता, प्रो. अरुण कुमार सिंह, चंचल भट्टाचार्य, जिला सचिव सुनील कच्छप, उमेश दास, प्रदीप तिर्की, शिव सागर, नीरज कुमार, रमन कुमार, सहित कई वरिष्ठ खिलाड़ी, सदस्य और कबड्डी प्रेमी उपस्थित थे।

## सेंट जेवियर स्कूल में धूमधाम से मनाया गया लोयोला दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** सेंट जेवियर विद्यालय में श्रद्धा और समर्पण के साथ संत इग्नेशियस लोयोला दिवस मनाया गया। संत इग्नेशियस, जो कि जेसुइट समाज के संस्थापक थे, उनकी शिक्षा, सेवा और आध्यात्मिकता के आदर्शों को स्मरण करते हुए लोयोला हाउस के विद्यार्थियों ने विशेष प्रार्थना सभा एवं प्रेरणादायक गतिविधियों में भाग लिया। यह दिन नोवेना प्रार्थनाओं के नौ दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन के रूप में भी विशेष रहा। समारोह की शुरूआत एक मधुर प्रातःकालीन भजन से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने प्रेरक उद्धरणों, भावनात्मक कविता, तथा आध्यात्मिक नाटक के माध्यम से संत इग्नेशियस के जीवन और उनके सिद्धांतों को जीवंत किया। शिक्षकों के लिए विशेष मास का आयोजन किया गया। संत इग्नेशियस के जीवन से हम सभी ने यह सीख लेना चाहिए कि हर कार्य को विनम्रता और सेवा की भावना से करना ही सच्चा आध्यात्मिक प्रयास है। आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सेंट इग्नेशियस लोयोला को श्रद्धांजलि देना नहीं था, बल्कि विद्यार्थियों के हृदय में सेवा, त्याग और विनम्रता जैसे गुणों को जागृत करना भी था। इस विशेष अवसर पर फादर निर्मल, फादर मनोज और फादर अरुण मिंज , एस. जे. उपस्थित रहे। साथ-ही हाई स्कूल के उप-प्रधानाचार्य श्री दीपक चौधरी ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# पूर्णिमा टॉकीज परिसर में त्रिदिवसीय आकांक्षा हाट शिविर सह मेला कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** जिला के झुमरी तिलैया स्थित पूर्णिमा टॉकीज परिसर में गुरुवार से लेकर दिनांक 2 अगस्त 2025 दिन शनिवार तक आकांक्षा हाट शिविर सह मेला का भव्य शुभारंभ कोडरमा उपयुक्त ऋतुराज द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस मेले का उद्देश्य सतत कृषि, स्वास्थ्य एवं पोषण को बढ़ावा देना एवं स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। इस अवसर पर संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें संपूर्णता अभियान के अंतर्गत चार प्रमुख इंडिकेटरों हेल्थ न्यूट्रिशन एग्रीकल्चर सहित को सैचुरेशन मोड में प्राप्त करने की सफलता पर आकांक्षी प्रखंड जयनगर को विशेष सम्मान दिया गया। जयनगर प्रखंड ने नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग (ईस्ट जॉन) में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए नीति आयोग के बैनर तले, कोडरमा जिला प्रशासन द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी गौतम कुमार जयनगर सहित 25 फ्रंटलाइन वर्कर्स को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही मरकच्चो प्रखंड को भी डेल्टा रैंकिंग में तृतीय स्थान मिलने पर सम्मानित किया गया।

मेले में 35 से अधिक स्टॉल लगाए गए, जिनमें जयनगर प्रखंड के 6 से अधिक स्टॉल शामिल रहे। आमजन इन स्टॉलों से जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हो रहे हैं, जबकि स्थानीय नवाचारों को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। यह त्रिदिवसीय आयोजन जिले में स्थानीय विकास, जनसहभागिता तथा आकांक्षी प्रखंडों की सफलता को नई दिशा देने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। संपूर्णता अभियान के अंतर्गत कृषि, पोषण एवं स्वास्थ्य क्षेत्रों में निर्धारित लक्ष्यों को सैचुरेशन मोड में प्राप्त किया गया। इस सफलता के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीपीएम, बीटीएम, सेविका दीदी, सहिया, एएनएम, कृषक मित्र आदि को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। नीति आयोग द्वारा 2024 के तृतीय तिमाही डेल्टा रैंकिंग में मरकच्चो प्रखंड को तृतीय स्थान एवं जयनगर प्रखंड को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, जिसके लिए दोनों प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ब्रॉन्ज मेडल प्रदान किया गया। जयनगर प्रखंड के 25 फ्रंटलाइन वर्कर्स को भी विशेष रूप से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मेले के पहले दिन 35 से अधिक स्टॉल लगाए गए, जिनमें जयनगर प्रखंड के 6 से अधिक स्टॉल शामिल हैं। इन स्टॉलों पर आमजन अपने हुनर, उत्पाद एवं सेवाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे आगंतुक भी लाभान्वित हो रहे हैं। यह त्रिदिवसीय आकांक्षा हाट मेला जिले में स्थानीय विकास, महिला सशक्तिकरण और सतत आजीविका को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सेल कर्मचारियों की प्रोमोशन नीति में बदलाव की मांग डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन ने दिल्ली में रखा प्रस्ताव



**बोकारो** : सेल में कार्यरत युवा कर्मचारियों के फ्यूचर ग्रोथ के मुद्दे को लेकर डिप्लोमा इंजिनीर्स फेडरेशन ऑफ इस्पात सेल कॉरपोरेट कार्यालय दिल्ली में अधिशासी निदेशक बी एस पोपली एवम मुख्य महाप्रबंधक, हरि मोहन झा से मिला एवम वर्तमान ई-0 जूनियर अधिकारी प्रोमोशन पालिसी में बदलाव करते हुए डिप्लोमा होल्डर्स को एस-6 ग्रेड से ई-0 परीक्षा की पात्रता देने और साथ ही बी टेक होल्डर को एस-5 ग्रेड एवम आई टी आई होल्डर को एस-6 के बाद 5 वर्ष का अनुभव होने पर ई-0 परीक्षा की पात्रता देने पर विस्तृत चर्चा की। इसके अलावा ई-0 परीक्षा में डिप्लोमा होल्डर्स के अनुभव के अंकों की गिनती उनके जॉइनिंग डेट से करने तथा बी टेक कर रहे सेल कर्मचारियों को एजुकेशन इंसेंटिव दस हजार रु से बढ़ाकर पचास हजार रु करने पर भी जोर दिया गया। डिप्लोमा इंजीनयर प्रतिनिधिगणों ने कहा कि वर्तमान में डिप्लोमा इंजिनीर्स प्लांट के विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ चढ़कर योगदान दे रहे हैं आवश्यकता के अनुसार कुछ क्षेत्रों में डिप्लोमा इंजिनीर्स शिफ्ट इन्चार्ज के रूप में कार्य कर रहे हैं। पूर्व में जब डिप्लोमा इंजीनियर्स की बहाली एस-6 ग्रेड में होती थी उस समय डिप्लोमा इंजीनियर को एस-8 ग्रेड के बाद 5 वर्ष का अनुभव होने पर यानी कि परमानेंट होने के तेरह वर्षों के बाद जूनियर ऑफिसर में प्रोमोशन के लिए ई जीरो परीक्षा की पात्रता दी जाती थी लेकिन वर्तमान में डिप्लोमा इंजीनियर्स को एस-3 ग्रेड में ज्वाइन कराया जा रहा है उसके बाद उनको 6 ग्रेड में 5 वर्ष का अनुभव होने पर ई जीरो परीक्षा की पात्रता दी जा रही है यानी कि वर्तमान में डिप्लोमा इंजिनीर्स को जोइनिंग के 16 वर्षों के बाद जूनियर ऑफिसर परीक्षा की पात्रता दी जा रही है। ईसलिये डिप्लोमा इंजिनीर्स के फ्यूचर ग्रोथ के लिए इसमे बदलाव करते हुए डिप्लोमा इंजिनीर्स को एस- 6 ग्रेड में पहुंचते ही ई-0 परीक्षा की पात्रता दी जानी चाहिए।

### अभियुक्त के घर कोर्ट से निर्गत इस्तेहार को ढोल नगाड़े के साथ चिपकाया गया



**मरकच्चो** : मरकच्चो थाना कांड संख्या 36 / 25 के अभियुक्त फरार रहने के कारण मरकच्चो थाना पुलिस ने अभियुक्त के घर गुरुवार को कोर्ट से निर्गत इश्तेहार को ढोल नगाड़े बजाकर चिपकाया है।मौके पर मरकच्चो थाना प्रभारी नन्दकिशोर तिवारी ए एस आई मो इसराफुल समेत पुलिस बल मौजूद थे। इस मामले में थाना प्रभारी मरकच्चो नन्दकिशोर तिवारी ने बताया कि मरकच्चो प्रखंड के ग्राम दशारो संजय यादव,बीरेंद्र यादव एवं उनके पिता द्वारिका यादव पर न्यायालय से इस्तेहार निर्गत किया गया है। उन्होंने बताया कि इन लोगो पर अपने ही गोतिया रामदेव यादव व राजेश यादव पर जानलेवा हमला करने का आप है।अगर इसके बाद भी अभियुक्त कोर्ट में आत्मसमर्पण नहीं करते हैं तो उनके घर में कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

### कैलाश राय विद्यालय में पूर्व छात्रों द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**झुमरी तिलैया** : कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में आज वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय के पूर्व छात्रों द्वारा इस कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के पश्चात पूर्व छात्र परिषद के संयोजक पंकज कुमार सिंह ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालय में पढे हुए हम भैया बहनों को विद्या भारती के द्वारा बतलाए गए सिद्धांत और आदर्श आज भी हमारे मनो मस्तिष्क पर वैसे ही हैं। इसी प्रेरणा के तहत आज अपने साथियों के साथ एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के तहत हम सभी पूर्व छात्र यहां उपस्थित हैं। विद्यालय के कीड़ा प्रांगण में बरगद का वृक्ष लगाया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्राचार्य आनंद मोहन ने कहा की वृक्ष फलदार हो या ना हो यह मायने नहीं रखता है। यदि वृक्ष फल ना भी दें तो छाया लकड़ी पत्तियां और ऑक्सीजन हमें जरूर देते हैं जो हमारे जीवन के लिए अमूल्य हैं। एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम का उद्देश्य वृक्षारोपण को बढ़ावा देना है और विद्यालय की यह योजना है कि हमारे भैया बहन एक वृक्ष विद्यालय के क्रीड़ा प्रांगण में अवश्य लगाएंगे। हम आग्रह करते हैं अपने अभिभावकों से कि वे भी हमारे इस उद्देश्य में सहभागी बने।इस मौके पर पूर्व छात्र रौनित छाबड़ा, विकास जैन, विनीत के साथ-साथ विद्यालय के प्रभारी मनोज सिंह, आचार्य प्रदीप कुमार, नीरज कुमार, रामानुज पांडेय, विजय मिश्रा, रानी प्रसाद, शर्मिष्ठा साहा, चंद्र कावेरी निहाल, सोनी कुमारी, अर्चना सिन्हा, रिमझिम कुमारी, मोनिका कुमारी, सोनिया आदि सक्रिय थे।

### सोशल ऑडिट का प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**डोमचांच (कोडरमा)** : प्रखंड सभागार मे दिन बुधवार को सोशल ऑडिट का प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सत्यनारायन यादव ने किया। जिसमे मुख्य रूप से डोमचांच प्रखंड विकास पदाधिकारी भोला पाण्डेय मौजूद रहे। मौके पर शिक्षा बिभाग से प्रखंड पदाधिकारी, प्रखंड संसाधन दिलीप कुमार राणा, एम. डी. एम ऑपरेटर छोटन प्रसाद, उत्कृमित मध्य विद्यालय के शिक्षक, उत्कमित प्राथमिक विद्यालय जियोरायडीह के शिक्षक, उत्कमित प्राथमिक विद्यालय सरोनिया के शिक्षक एवं सोशल ऑडिटिंग से भीमलाल साव मौजूद थे।

## एक नजर

### नामकुम में बस खलासी का शव संदिग्ध हालात में मिला

**रांची** : नामकुम थाना क्षेत्र स्थित रेलवे क्रॉसिंग के समीप श्री साईं बस के एक खलासी का शव गुरुवार को बरामद किया गया है। मृतक की पहचान हदीस अंसारी के रूप में हुई है, जो पलामू जिले के तरहसी का रहने वाला था। हदीस अंसारी बीती रात नामकुम बस स्टैंड पर अपनी बस में ही सोया था। सुबह उसका शव नामकुम रेलवे क्रॉसिंग के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। पुलिस ने बताया कि वे मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में कुछ कहा जा सकता है। पुलिस बस चालक और अन्य संबंधित लोगों से पूछताछ कर रही है। हदीस अंसारी के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है।

### एसआर डीएवी स्कूल में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**रांची** : एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल पुंदाग में गुरुवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शार्प साइट आई हॉस्पिटल के डॉ अफरोज आलम ने अपने सहयोगी आशीष प्रकाश और भीमसेन थापा के साथ मिलकर विद्यार्थियों की आंखों की जांच कर और उन्हें उपयोगी सलाह दी। साथ ही ओरो डेंटल क्लिनिक के दंत चिकित्सक डॉ आशुतोष सिन्हा ने भी अपने सहयोगी कृष्णजी के साथ कक्षा तृतीय से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों की दांतों की जांच करके उपयोगी सलाह दी। शार्प साइट हॉस्पिटल और आरो डेंटल क्लिनिक की ओर से न केवल स्वास्थ्य जांच की जिम्मेदारी ली गई, बल्कि विद्यार्थियों के लिए हेल्थ कार्ड बनाने के प्रति प्रतिबद्धता भी दिखाई गई। विद्यालय के प्राचार्य डॉ तापस घोष ने चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चिकित्सकों को धरती पर भगवान का दर्जा दिया जाता है, क्योंकि वे मरीजों को नया जीवन देते हैं। आजकल छोटे-छोटे विद्यार्थी भी आंख और दांतों की समस्या से जूझ रहे हैं। सही समय पर सही इलाज होने से वे खतरनाक बीमारियों से बच सकते हैं।

### सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की बैठक भाड़ा विवाद पर चर्चा



**रांची** : झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को नामकुम सरना मैदान में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह और प्रदेश सचिव रमाशंकर सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में ऑटो चालक व मालिक शामिल हुए। मौके पर झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश सचिव रमाशंकर सिंह ने कहा कि बैठक का मुख्य एजेंडा नामकुम-रामपुर मार्ग पर ऑटो भाड़ा निर्धारण और अन्य रूटों के ऑटो के अवैध परिचालन को लेकर था। महासंघ ने 19 जुलाई को भाड़ा तय किया था, लेकिन कुछ चालकों की ओर से इसका विरोध किए जाने के बाद यह बैठक बुलाई गई। निर्णय लिया गया कि एक अगस्त से प्रस्तावित नया भाड़ा फिलहाल लागू कर दिया जाएगा। संगठन ने घोषणा की कि आगामी 10 अगस्त को दुर्गा सोरेन चौक पर नामकुम, कांटाटोली, टाटीसिलवे, गोंदलीपोखर और अनगड़ा मार्ग के चालकों की एक और बैठक की जाएगी। इसमें अवैध रूट पर चलने वाले ऑटो को बंद कराने और यात्री हित में यूनियन गठन पर विचार होगा। बैठक में भेरू थापा, अजीत सिंह, एचडी टिंकू, गुड्डू, विनोद लकड़ा, मनोहर, संजय नेपाली, अजय, एमडी सलीम सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# रांची से अगवा छात्रा रामगढ़ में सकुशल बरामद, हथियार के साथ पांच गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : राजधानी के व्यस्तम इलाका सिरमटोली चौक से बुधवार की सुबह एक स्कूली छात्रा को अगवा कर लिया गया। ई रिक्शा से स्कूल जा रही छात्रा को अगवा करने के क्रम में अपराधियों ने सिरमटोली चौक के समीप फायरिंग भी की। सरेराह हुई इस घटना के बाद हरकत में आयी पुलिस ने काफी सक्रियता दिखायी। पड़ोस से 10 जिलों की पुलिस की मदद ली और सभी जगह सघन चेकिंग शुरू कर दिया। अपहरण के दो घंटे के अंदर ही अगवा स्कूली छात्रा को रामगढ़ के कुज्जू से सकुशल बरामद कर लिया गया। पकड़े जाने के डर से अपराधियों ने उसे कुज्जू में कार से उतार कर फरार हो गये थे। हालांकि इस घटना के छह घंटे के अंदर ही पुलिस ने इस वारदात में शामिल चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक नंबर प्लेट बदलने वाले को भी गिरफ्तार किया गया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार रात प्रेस वार्ता में बताया कि घटना में शामिल चारों अपराधी ने अपना छद्म नाम अपराध के दौरान रखा था ताकि पीड़ित पक्ष को या पुलिस को असली अपराधी का नाम पता नहीं चल पाए। अपराधियों ने अपना छदम नाम हसबुल्ला, सुनील, बिट्टू और प्रीतम रखा था। गिरफ्तार अपराधियों में रुद्रांशु विश्वकर्मा, ऋषभ वर्मन, विकास कुमार शामिल है। जबकि एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। इन अपराधियों को गोला के करीब से पकड़ा गया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल हुंडई कार और हथियार को भी बरामद कर लिया है। बरामद हथियार में एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, दो जिंदा गोली, एक खोखा के अलावा, दो स्मार्टफोन, नकद बावन सौ रुपये शामिल है। चारों आरोपितों से पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है, ताकि छात्रा को अगवा किये जाने के सही कारण का पता चल सके। बताया जा रहा है कि पकड़े गये सभी अपराधी रांची के ही रहने वाले हैं। एसएसपी ने बताया कि जिस कार का इस्तेमाल छात्रा को अगवा करने में किया गया था, उसका रजिस्ट्रेशन नंबर फर्जी था। इस कार का रजिस्ट्रेशन किसी दूसरे के नाम पर है। इससे यह स्पष्ट है कि अपराधियों ने पूरी साजिश रचकर इस घटना को अंजाम दिया था। बताया गया कि छात्रा की बरामदगी में मांडू थाना प्रभारी सदानंद की बहादुरी सामने आयी। रांची पुलिस से लड़की के अपहरण की सूचना मिलने के बाद पूरी रामगढ़ पुलिस सड़क पर निगरानी कर रही थी। इसी बीच मांडू और कुजू के बीच एक कार काफी रफ्तार से भागती हुई दिखाई दी। मांडू थाना प्रभारी ने उस कार का पीछा किया। पुलिस को पीछा करते देख अपराधी कार को और भी तेज भगाने लगे थे। हालांकि पकड़े जाने के डर से अपराधियों ने छात्रा को चलती कार से कुजू में बैंक के पास सड़क पर फेंक दिया और फरार हो गये थे। एसएसपी ने कहा कि रांची पुलिस उस व्यक्ति को गोपनीय रूप से सम्मानित करेगी जिसने घटना के वक्त अपराधियों के द्वारा उपयोग की गई गाड़ी का नंबर नोट कर पुलिस को बताया था। उल्लेखनीय है कि छात्रा हर दिन की तरह ई-रिक्शा से स्कूल जा रही थी। सिरमटोली के पास हुंडई कार से अपराधी पहुंचे और ई-रिक्शा को पीछे से धक्का मार दिए। इसके बाद दो बदमाश नीचे उतरे जो चेहरे पर मास्क लगये हुए थे। अपराधियों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग की और छात्रा को ई रिक्शा से जबरन खींच कर कार में बैठा लिया और सुजाता चौक होते हुए मेकॉन की ओर फरार हो गये थे।

## हाई कोर्ट ने जेएससीए चुनाव याचिका के प्रतिवादी को किया नोटिस जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : झारखंड हाईकोर्ट ने झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के सत्र 2025-28 के लिए हुए चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए गुरुवार को प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है। अदालत ने सभी प्रतिवादियों को छह सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश भी दिया है। जेएससीए चुनाव के बाद उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहे नंदू पटेल ने याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि चुनाव में कुल 107 वोट ऐसे डाले गए जो जेएससीए बायलॉज और न्याय के नैसर्गिक सिद्धांतों का उल्लंघन है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि 18 मई को संपन्न हुए चुनाव में जेएससीए की धारा-5 के तहत लगातार पांच वार्षिक आमसभा से अनुपस्थित रहनेवाले अवैध सदस्यों, राज्य के बाहर निवास करनेवाले अवैध सदस्य, दो साल तक सदस्य रहने के बाद वोट देने का प्रावधान का उल्लंघन करने और लगभग ढाई दर्जन सदस्यों ने एक से ज्यादा वोट डालने के कारण कुल 107 वोट अवैध तरीके से डाले गए। ऐसा करने से जेएससीए बायलॉज का उल्लंघन किया गया है। इसलिए, समस्त चुनावी प्रक्रिया को रद्द करते हुए नियमानुकूल निर्विवाद वोटर लिस्ट तैयार कर फिर से निष्पक्ष चुनाव कराए जाए।

## भैरव सिंह को फर्जी मुकदमे में फंसाने की जा रही तैयारी : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमन्त सरकार पर हिंदू समाज से जुड़े लोगों को साजिश के तहत फर्जी मुकदमों में फंसा कर जेल भेजने का आरोप लगाया है। मरांडी ने ताजा मामले में रांची के युवा नेता भैरव सिंह का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि उन्हें भी एक नए फर्जी मुकदमे में फंसाने की तैयारी की जा रही है।मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, "हेमन्त सरकार अपने विरोधियों, विशेषकर हिंदू समाज से जुड़े लोगों को साजिश के तहत फर्जी मुकदमों में फंसा कर जेल भेजने का प्रयास करती रही है। पिछले साढ़े पांच वर्षों में ऐसे कई उदाहरण सामने आ चुके हैं, जहां निर्दोष लोगों को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित होकर षड्यंत्र का शिकार बनाया गया है।" उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में एक बार फिर रांची के युवा भैरव सिंह को एक नये फर्जी मुकदमे में फंसाने की तैयारी की जा रही है। भैरव सिंह से जुड़े जो तथ्य सामने आ रहे हैं, वे प्रथम दृष्टया संदेहास्पद प्रतीत हो रहे हैं। उन्होंने सरकार और पुलिस अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार के इशारे पर षड्यंत्र करने वाले पुलिस अधिकारी कान खोलकर सुन लें कि आम जनता को झूठे मामले में फंसा कर जेल भेजना जितना आसान है, उसे न्यायालय में साबित करना उतना ही मुश्किल है। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कि कानूनी दुष्परिणाम भुगतने से पहले ही लोगों को फंसाने से परहेज किया जाए। मरांडी ने कहा कि झारखंड की जनता कानून का सम्मान करती है और न्यायप्रिय है। जनता मुख्यमंत्री की तरह गलत काम करने और मुकदमेबाजी में न निपुण है और न ही महंगे वकीलों के दम पर जांच एजेंसियों की जांच को लटकाने-भटकाने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से आग्रह है कि पूर्वाग्रह छोड़कर इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करें और राज्य के युवाओं का भविष्य बर्बाद होने से बचाएं। उल्लेखनीय है कि भैरव सिंह को रांची पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया था। चुटिया थाना में पूर्व में दर्ज एक मामले में उनकी गिरफ्तारी की गई है।

## कांग्रेस विधायक दल की हुई बैठक, एसआईआर के विरोध में विस में प्रस्ताव लाने की तैयारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र से पहले कांग्रेस विधायक दल की एक अहम बैठक बुधवार को कांग्रेस भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने की। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी डॉ. सीरीबेला प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रदीप यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव आयोग की ओर से लागू की जा रही एसआईआर प्रणाली आम लोगों के मतदान अधिकार को छीनने की साजिश है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस इसका झारखंड में भी पुरजोर विरोध करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि महागठबंधन की ओर से विधानसभा में एसआईआर के खिलाफ प्रस्ताव लाने की कोशिश की जाएगी, ताकि पूरे देश में यह संदेश जाए कि यह व्यवस्था संविधान प्रदत्त अधिकारों के विरुद्ध है। बैठक में मानसून सत्र के दौरान विपक्ष की भूमिका, संभावित मुद्दे और अनुपूरक बजट को लेकर रणनीति पर भी चर्चा की गई। यादव ने कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों को विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाएगी। बैठक में कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, डॉ. रामेश्वर उरांव, अनूप सिंह, रामचंद्र सिंह, ममता देवी, सोनाराम सिंकू, नमन विक्सल कोंगाड़ी, भूषण बारा, श्वेता सिंह और निशत आलम सहित कई विधायक उपस्थित थे।

## दो अगस्त को डाक सेवा समीक्षा बैठक, उपलब्धियों की होगी प्रस्तुति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : भारतीय डाक विभाग, रांची मंडल की ओर से आगामी दो अगस्त (शनिवार) को सीसीएल सभागार में डाक सेवा समीक्षा बैठक का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी वरिष्ठ डाक अधीक्षक रांची मंडल के रूपक कुमार सिन्हा ने गुरुवार को प्रेस रिलीज जारी कर दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आहूत की जाएगी। आयोजन का उद्देश्य रांची मंडल के डाक सेवाओं की प्रगति की समीक्षा करना, विभागीय उपलब्धियों को साझा करना, उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित करना एवं भविष्य की दिशा तय करना है। बैठक की अध्यक्षता निदेशक डाक (मुख्यालय) आर.वी. चौधरी, झारखंड सर्कल करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर रांची मंडल के सभी विभागीय अधिकारी, चयनित कर्मचारी, टीम लीडर्स सहित अन्य मौजूद थे।

# सरना झंडा स्थापना को लेकर बिरसा समाधि स्थल पर दो आदिवासी गुटों में टकराव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : सरना झंडे की स्थापना को लेकर गुरुवार को बिरसा मुंडा समाधि स्थल के सामने रांची में आदिवासी समाज के दो पक्ष आमने-सामने हो गए। एक पक्ष इसे पारंपरिक आस्था और जमीन की रक्षा से जोड़ रहा है, जबकि दूसरा पक्ष इसे झूठी आस्था के नाम पर जमीन कब्जा करने की साजिश बता रहा है। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की पर झंडा गाड़ने और समाज में फूट डालने के आरोप लगाया गया है। निशा भगत ने सीधे तौर पर तिर्की को दलाली करने वाला बताते हुए कहा कि झंडा का अपमान सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झंडा पारंपरिक पुजारी के हाथों ही स्थापित होना चाहिए, न कि किसी दलाल के माध्यम से। सोमा उरांव ने झंडा के गलत इस्तेमाल की बात उठाते हुए कहा कि पूजा स्थलों पर श्रद्धा (सरना) के लिए झंडा लगाया जाता है, लेकिन अब कुछ लोग इसे जमीन कब्जाने के हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। कानूनी कार्रवाई की मांग की उन्होंने दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। वहीं अजय तिर्की ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ईसाई और सरना परिवार वर्षों से मिलजुल कर रह रहे हैं। झंडा इसलिए लगाया जा रहा है, ताकि बिल्डर माफिया जमीन पर कब्जा न कर सकें। इसकी शिकायत थाना में भी दी गई है। अरगोड़ा मौजा के पाहन (परंपरागत पुजारी) शिबू पाहन ने दावा किया कि बिना शुद्धिकरण के झंडा उखाड़ा गया है, जो परंपरा के खिलाफ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनका परिवार पीढ़ियों से उसी जमीन पर रह रहा है और अब जमीन बचाने के लिए ही झंडा स्थापित किया गया है। कोकर समाधि स्थल के सामने केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की के गुट के सैकड़ों लोग जमीन बचाने के लिए सरना झंडा स्थापित करने पहुंचे। वहीं इसके विरोध में जेएलकेएम नेता निशा भगत, सोमा उरांव, मेघा उरांव सहित दर्जनों आदिवासी संगठनों के लोग सरना झंडा स्थापना का विरोध किया। इस दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। निशा भगत ने कहा कि सरना झंडा पूजा स्थलों पर ही लगाया जाना चाहिए। वहीं दोनों पक्षों के बीच हो रहे हंगामे को देखते हुए लालपुर थाना के कई महिला पुलिसकर्मियों को मौके पर तैनात किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### मोर्चा ने अनुसूचित जातियों पर हिंसा पर की अंकुश लगाने की मांग



**रांची** : प्रदेश भाजपा एससी मोर्चा के अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर राज्य में अनुसूचित जाति समाज पर हो रही हिंसा पर अंकुश लगाने को लेकर मांग-पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने समाज की समस्याओं को लेकर कई सुझाव और मांगें रखी। ज्ञापन के जरिए मोर्चा ने जो मांगें की उनमें राज्य में अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की जल्द नियुक्ति करने, अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम का गठन करने, अनुसूचित जाति समाज के लिए परामर्शदात्री परिषद का गठन करने, रांची नगर निगम में महापौर पद को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित करने, राज्य के प्रत्येक जिले में अनुसूचित जाति छात्रावास का निर्माण करने और अनुसूचित जाति वर्ग के मेधावी छात्रों को विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सहयोग और देना शामिल है। इस मौके पर भाजपा के चतरा जिला मुखिया संघ अध्यक्ष सह भाजपा नेता अरविंद सिंह, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रंजन पासवान, प्रदेश उपाध्यक्ष सूरज दास, प्रदेश मंत्री राजीव राजलाल, विनोद कुमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, प्रदेश प्रवक्ता संदीप कुमार, प्रदेश मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी सहित अन्य मौजूद थे।

### रांची सहित आसपास के इलाकों में हुई बारिश से लोगों की बढ़ी परेशानी



**रांची** : राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में गुरुवार को सुबह से ही रिमझिम बारिश दर्ज की गई। हल्की बारिश होने से लोगों को अपनी दिनचर्या में परेशानी हुई, जबकि स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इधर, मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। हालांकि मौसम विभाग ने अगस्त माह के पहले हफ्ते में भारी बारिश नहीं होने की बात कही है। विभाग ने एक अगस्त को राज्य के उत्तरी और मध्यवर्ती जिलों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की है। विभाग ने इन इलाकों के कुछ हिस्सों में आकाशीय बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की चेतावनी दी है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश धनबाद जिले के भाव नागपुर में 62.1 मिलीमीटर दर्ज की गई। गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री, जमशेदपुर में 30.9 डाल्टनगंज में 30.8, बोकारो में 31.1 और चाईबासा में तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### झारखंड सरकार की पहल से कुवैत में दिवंगत श्रमिक रामेश्वर महतो का शव रांची लाया गया



**रांची** : झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अधीन संचालित राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष, रांची की सक्रिय पहल से कुवैत में कार्यरत दिवंगत प्रवासी श्रमिक रामेश्वर महतो का पार्थिव शरीर भारत लाया गया। हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड के ग्राम बंडखरो निवासी रामेश्वर महतो पिछले 12 वर्षों से कुवैत की मेसर्स आईएमसीओ इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत थे। 15 जून 2025 को उनका आकस्मिक निधन हृदय और श्वसन गति रुकने के कारण हुआ। उनकी पत्नी प्रमिला देवी ने 19 जून को राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर पार्थिव शरीर को झारखंड लाने का अनुरोध किया था। त्वरित कार्रवाई करते हुए भारतीय दूतावास, कुवैत तथा प्रवासी संरक्षक कार्यालय, रांची के साथ समन्वय स्थापित किया गया। प्रारंभ में परिजनों ने अंतिम भुगतान प्राप्त हुए बिना पार्थिव शरीर स्वीकारने से इनकार कर दिया था, जिससे प्रक्रिया में विलंब हुआ। 27 जुलाई को उपायुक्त, हजारीबाग की मध्यस्थता से परिजनों की सहमति प्राप्त हुई और भारतीय दूतावास, कुवैत को औपचारिक अनुरोध भेजा गया। 28 जुलाई को कंपनी ने आवश्यक प्रक्रिया शुरू की और 31 जुलाई को पार्थिव शरीर भारत लाया गया। दोपहर 3:45 बजे शव बिरसा मुंडा हवाई अड्डे, रांची पर उनके पुत्र किशोर महतो और प्रखंड विकास पदाधिकारी, विष्णुगढ़, अखिलेश कुमार द्वारा प्राप्त किया गया। जिला प्रशासन ने शव को हजारीबाग स्थित उनके पैतृक गांव तक पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था की है। यह पहल राज्य सरकार की संवेदनशीलता और प्रवासी श्रमिकों के हित में त्वरित कार्रवाई की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### योगदा कॉलेज में स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ, पुस्तक का हुआ लोकार्पण

**रांची** : योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में गुरुवार को योगदा सत्संग महाविद्यालय में दो दिवसीय स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जीवन और जलवायु विषय पर आधारित पुस्तक का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन स्वामी निश्चलानंद गिरी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि हर व्यक्ति सुख चाहता है, दुख नहीं। लेकिन जीवन में सुख-दुख दोनों अपरिहार्य हैं। यदि हम सुखी हैं तो अहंकार नहीं करना चाहिए और अगर दुख में हैं तो निराश नहीं होना चाहिए। इन दोनों अवस्थाओं के बीच संतुलन बनाना ही जीवन की कला है। उन्होंने कहा कि जीवन में क्या करना है और क्या नहीं, यह समझना बेहद जरूरी है। सोचने की आजादी सबको है, लेकिन सोच-समझकर ही निर्णय लेना चाहिए। अतीत को छोड़ वर्तमान में सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ जीने की आवश्यकता है। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में जीवन मूल्यों की समझ विकसित करनी चाहिए ताकि भविष्य बेहतर बन सके। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की सफलता शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों से ही संभव होती है। समारोह में कॉलेज की प्राचार्या प्रगति बक्सी, सचिव ए.के. सक्सेना, वाइस चेयरमैन लेफ्टिनेंट जनरल ज्ञान भूषण, कर्नल हिमांशु शेखर, मृणाल गौरव, सिमरन कौर, रवींद्र कुमार समेत कॉलेज के शिक्षक, विद्यार्थी एवं अन्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# डिंपल की तौहीन पर अखिलेश की चुप्पी की मजबूरी

उत्तर प्रदेश की सियासत में समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की छवि एक प्रखर नेता के रूप में होती है। अखिलेश खुलकर अपनी बात कहते हैं। यूपी में बीजेपी को समाजवादी पार्टी टक्कर देती रही है,लेकिन अखिलेश की राजनीति का यह एक ही पक्ष है दूसरा पक्ष इसके बिल्कुल उलट है। दरअसल,बात जब अल्पसंख्यकों से जुड़ी होती है तो अखिलेश यादव अपना मुंह सिल लेते हैं। सत्ता मे रहते अखिलेश न ने तुष्टिकरण की सियासत के चलते सीरियल ब्लास्ट के आरोपी आतंकवादियों पर से केस वापस लेने तक में गुरेज नहीं किया। इसी तरल लव जेहाद की घटनाओं और धर्मांतरण पर भी सपा प्रमुख चुप्पी साधे रखते हैं,जबकि हिन्दुत्व, आरएसएस, श्री रामलला मंदिर, कावड़ियों और सनातन के खिलाफ जहर उगलने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। हद तो तब हो गई जब मुस्लिम वोट बैंक के चक्कर में सपा प्रमुख ने एक मौलाना द्वारा उनकी पत्नी डिंपल यादव के खिलाफ दिये गये विवादित बयान पर भी चुप्पी साधे रखी। शायद उनको लगता होगा कि यह इम्पारटेंट नहीं है कि डिंपल की बेइज्जती हुई हुई,बलिक इम्पारटेंट यह है कि डिंपल की बेइज्जती करने वाले के खिलाफ मुंह खोलने से सपा का मुस्लिम वोट बैंक नाराज हो सकता है। गौरतलब हो, इसी के चलते राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी और मैनपुरी सांसद डिंपल यादव पर मौलाना साजिद रशीदी की अभद्र टिप्पणी ने न केवल एक राजनीतिक विवाद को जन्म दिया है, बल्कि सपा के लिए एक गंभीर चुनौती भी खड़ी कर दी है। इस घटना पर अखिलेश यादव की चुप्पी ने न सिर्फ उनके नेतृत्व पर सवाल उठाए हैं, बल्कि सपा के महिला वोट बैंक को भी खतरे में डाल दिया है। यह मुद्दा 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले सपा की रणनीति और छवि के लिए गंभीर संकट बन सकता है।

मौलाना साजिद रशीदी ने 22 जुलाई 2025 को संसद मार्ग स्थित मस्जिद में सपा सांसदों की बैठक के दौरान डिंपल यादव के पहनावे पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने डिंपल को राजनीतिक हिंदू महिला कहकर उनके साड़ी पहनने पर सवाल उठाए और मस्जिद की तौहीन का आरोप लगाया। इस टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसके बाद लखनऊ के विभूतिखंड थाने में सपा नेता प्रवेश यादव ने मौलाना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। प्रवेश यादव ने अपनी तहरीर में कहा, मौलाना साजिद ने मैनपुरी सांसद डिंपल यादव पर अमर्यादित टिप्पणी कर पूरे समाज को ठेस पहुंचाई है। यह सिर्फ एक महिला की गरिमा को ठेस नहीं, बल्कि समाज की हर महिला इस टिप्पणी से आहत है,लेकिन अखिलेश ने अंत तक मुंह नहीं खोला। बहरहाल, इस विवाद ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सपा पर हमला करने का मौका दे दिया। भाजपा की वरिष्ठ नेता और महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य ने लखनऊ में पत्रकार वार्ता में कहा, डिंपल यादव पर की गई टिप्पणी नारी सम्मान पर हमला है। अखिलेश यादव की चुप्पी सवाल खड़े करती है। क्या उन्होंने सत्ता के लिए अपनी पत्नी का अपमान स्वीकार कर लिया है? उन्होंने यह भी जोड़ा,ह्ययह एक महिला सांसद की गरिमा पर ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति पर हमला है। सपा का मौन क्या इस सोच की सहमति है कि अब मौलवी उनकी महिला सांसदों की गरिमा तय करेंगे? प्रयागराज में पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने भी सपा पर तंज कसते हुए कहा,ह्यअखिलेश तुष्टिकरण की नीति पर चलते हैं। चाहे उनके परिवार या पत्नी का अपमान हो, वे चुप रहते हैं। यह महिलाओं के लिए बड़ा संदेश है कि सपा में उनका सम्मान सुरक्षित नहीं है। अखिलेश यादव की चुप्पी को भाजपा ने वोट बैंक की राजनीति से जोड़ा है। लखनऊ में भाजपा एमएलसी सुभाष यदुवंश ने अटल चौक पर होर्डिंग लगाकर अखिलेश को मौन मुखिया करार दिया।

## सूडोकु नवताल- 7508

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7507 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

# टैरिफ आर्थिक युद्ध नहीं, आत्मनिर्भर शांति का रास्ता बने

**ललित गर्ग**

जब किसी वैश्विक ताकत के शिखर पर बैठा नेता 'व्यापार' को भी 'सौदेबाजी' और 'दबाव नीति' का औजार बना ले, तब यह न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था को झकझोर देता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों के आधारभूत सिद्धांतों को भी चुनौती देता है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाकर ऐसा ही एक आर्थिक आघात पहुँचाया है। इस टैरिफ का लक्ष्य स्पष्ट है, भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धा को बाधित करना और अमेरिकी वर्चस्व की पुनः स्थापना करना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य एवं भारत की उभरती अर्थव्यवस्था में अमेरिका की 'ट्रंपीय' दादागिरी, एवं टैरिफ का तात्कालिक और दीर्घकालिक प्रभाव कितना क्या असर दिखायेगी, यह भविष्य के गर्भ में हैं। लेकिन इस सन्दर्भ में भारत सरकार की दृढ़ता सराहनीय है। अमेरिका हमारा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है, दोनों का द्विपक्षीय व्यापार 2024 में 190 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। ट्रंप और मोदी ने इस आंकड़े को दोगुना से भी ज्यादा 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन उस लक्ष्य पर सवालिया निशान लग गए हैं। ऐसे में, भारतीय कंपनियों को बहुत संभलकर अपने लिए नए बाजार खोजने व बढ़ाने चाहिए।

भारत की अर्थव्यवस्था अब दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों ने भारत को उत्पादन और नवाचार का नया केंद्र बनाया है। भारत का टेक्सटाइल, स्टील, ऑटो पार्ट्स और आईटी सेवा क्षेत्र वैश्विक बाजार में निरंतर अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं। ऐसे में अमेरिका द्वारा टैरिफ थोपना भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा से उपजे भय का संकेत है। लेकिन यह निर्णय केवल व्यापारिक नहीं, बल्कि रणनीतिक भी है। ट्रंप प्रशासन हमेशा से ही व्यापार संतुलन के मुद्दे को राष्ट्रीय गौरव से जोड़कर देखता रहा है। 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति का मुख्य हथियार रहा है, दूसरों को पीछे धकेलकर अमेरिका को आगे लाना। यह एकतरफा सोच व्यापार के मूल्यों और साझेदारी की भावना को कमजोर करती है। व्यापार समझौते पर 1 अगस्त की समय सीमा तक दोनों देशों के बीच जारी बातचीत किसी नतीजे पर न पहुंचने का बड़ा कारण भारत का अमेरिका की शर्तों पर समझौता करने के लिए तैयार नहीं होना रहा है। उसे आगे भी तैयार नहीं होना चाहिए। इसका कोई मतलब नहीं कि भारत अमेरिका से ऐसा व्यापार समझौता कर ले, जो केवल उसके हित में हो। इस तरह के समझौते तो तभी हो पाते हैं, जब दोनों पक्षों के हित सधते हैं। भारत को अपने हितों की रक्षा के लिए अडिग रहना चाहिए और यह स्पष्ट करने में संकोच भी नहीं करना चाहिए कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति के अनुचित दबाव के आगे झुकने वाला नहीं। भारत को ट्रंप के मनमाने फैसलों से डरने की आवश्यकता इसलिए भी नहीं, क्योंकि वे अपने फैसलों से पीछे हटने और उन्हें पलटने के लिए जाने जाते हैं। उनके इस रवैये



के कारण उनकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फजीहत भी हो रही है। उन्हें यह समझ आ जाए तो अच्छा कि आज का भारत पहले वाला भारत नहीं है और अमेरिका का भी प्रभाव पहले जैसा नहीं रहा।

डोनाल्ड ट्रंप की नीति अक्सर 'दबाव डालो और झुकावो' पर आधारित रही है। चीन, यूरोप, मैक्सिको के साथ भी ट्रंप की व्यापार नीति टकरावपूर्ण रही है। लेकिन भारत, ऐतिहासिक रूप से संतुलन साधने वाली कूटनीति में विश्वास करता रहा है। भारत ने कई बार वार्ता के माध्यम से समझौते की दिशा में पहल की, लेकिन ट्रंप की आक्रामक नीति और 'डीलमेकिंग' की व्यक्तिगत शैली ने किसी संतुलन को बनने नहीं दिया। भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ न केवल आर्थिक रूप से अनुचित है, बल्कि यह उभरते राष्ट्रों के आत्मनिर्भर बनने के अधिकार का भी हनन है। यह नव-उपनिवेशवाद का नया रूप है, जहाँ आर्थिक हथियारों से शक्तिशाली राष्ट्र, विकासशील देशों को नियंत्रित करना चाहते हैं। राष्ट्रपति ने भारत पर टैरिफ बढ़ाने और जुमार्ना लगाने की जो घोषणा की, वह उनकी दबाव की राजनीति का ही हिस्सा है। इस राजनीति की पोल खुल चुकी है। अच्छा होगा कि इसे देश के विपक्षी दल भी समझें। इसलिए और भी समझें कि संसद में आपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने साफ तौर पर कहा कि सैन्य कार्रवाई को स्थगित किए जाने के सिलसिले में विश्व के किसी भी नेता की कहीं कोई भूमिका नहीं। स्पष्ट है कि भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई को कथित तौर पर रोकने का ट्रंप का दावा फर्जी है। वास्तव में इसी कारण वे अपने इस थोथे दावे को बार-बार दोहरा रहे हैं।

आज का भारत न केवल एक विशाल बाजार है, बल्कि एक नवाचारशील शक्ति भी है। दुनिया की सबसे बड़ी युवा जनसंख्या, तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था, और विविधता से समृद्ध उत्पादन क्षमता भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर कर रही है। भारत अब 'निर्भरता' की नीति से निकलकर 'आत्मनिर्भरता' की ओर बढ़ रहा है। ट्रंप के टैरिफ का प्रभाव सीमित और अस्थायी होगा, लेकिन भारत की आर्थिक विकास यात्रा दीर्घकालिक और दृढ़ है। भारत के लिए यह चुनौती अवसर में बदलने का समय है, नए बाजारों की तलाश, घरेलू उत्पादन को और सशक्त बनाना, और वैश्विक साझेदारियों को नए रूप में ढालना। ट्रंप की दादागिरी भारत को झुका नहीं सकती। बल्कि यह भारत को और मजबूत और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दे सकती है। यह समय है जब भारत को अपने उत्पादन, नवाचार, निर्यात और कूटनीति को और धार देने की आवश्यकता है। हमें यह समझना होगा कि शक्ति का उत्तर शक्ति से नहीं, दूरदृष्टि और नीति से दिया जाना चाहिए। ट्रंप का टैरिफ एक चुनौती है, लेकिन भारत की आत्मा में संघर्ष से जीतने का इतिहास है। हमने हर संकट को अवसर में बदला है, और इस बार भी हम यही करेंगे, न केवल अपनी अर्थव्यवस्था के लिए, बल्कि वैश्विक आर्थिक संतुलन के लिए भी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आर्थिक चिंतन मूलतः 'आत्मनिर्भर भारत', 'विकास के साथ विश्वास', और 'समान साझेदारी' के सिद्धांतों पर आधारित रहा है। वे वैश्विक मंच पर भारत को एक समानाधिकार संपन्न राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करते हैं, न कि किसी बड़े राष्ट्र की कृपा पर चलने वाली व्यवस्था के रूप में। जब डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेता भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ का प्रहार करते हैं, तो नरेंद्र मोदी की सोच विरोध नहीं, विकल्प पर आधारित होती है। वे इस तरह के दबावों को एक नई दिशा में सोचने और घरेलू उत्पादन एवं वैश्विक विविधीकरण का अवसर मानते हैं। टैरिफ वार के उत्तर में मोदी की प्रतिक्रिया सकारात्मक ही होती हुई दिख रही है, वे ट्रंप के टैरिफ से प्रभावित क्षेत्रों जैसे स्टील, ऑटो पार्ट्स, टेक्सटाइल को सरकारी सब्सिडी, टैक्स रियायत और तकनीकी समर्थन के जरिए बल दे सकते हैं। अमेरिका के अतिरिक्त यूरोप, दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे नए बाजारों में भारत अपनी पकड़ को और मजबूत करते हुए इस टैरिफ से उत्पन्न संकट को संतुलित कर सकता है।

ट्रंप भारत को अपना मित्र मानते हैं। लेकिन यह कैसी मित्रता है, जिसमें ट्रंप को भारत के गरीबों, किसानों, मजदूरों की कोई चिंता नहीं है। लेकिन मोदी की विदेश नीति में भी 'अमेरिका के साथ मित्रता' है, लेकिन 'आत्मगौरव की कीमत पर नहीं'। वे संवाद और दृढ़ता-दोनों का प्रयोग करते हैं। दबाव की राजनीति से न तो भारत झुकेगा, न रुकेगा। ट्रंप का टैरिफ हो या कोई और वैश्विक चुनौती, मोदी का भारत हर संकट में अवसर खोजता है। मोदी की आर्थिक दृष्टि एवं नीतियां किसी बाहरी राष्ट्र के मनोनुकूल नहीं, बल्कि भारत की आवश्यकताओं, संभावनाओं और स्वाभिमान के अनुरूप गढ़ी गई है। जब वैश्विक महाशक्तियां टैरिफ के हथियार से डराने लगें, तो समझो कि भारत की प्रतिस्पर्धा ने उन्हें असहज कर दिया है। मोदी इसे चुनौती नहीं, पहचान मानते हैं। मोदी कहते हैं- 'लोकल को ग्लोबल बनाओ', और यही उनका उत्तर है हर टैरिफ, हर दबाव, हर चुनौती को। मोदी की अर्थनीति उद्यमशीलता को राष्ट्रनिर्माण से जोड़ती है। उनका आर्थिक चिंतन 'केवल विकास' नहीं, बल्कि स्वराज्य आधारित समावेशी आर्थिक स्वतंत्रता है। ट्रंप के टैरिफ की चुनौती को वे उसी तरह लेते हैं जैसे उन्होंने कोविड या ग्लोबल मंदी की ली थी-साहस, दूरदर्शिता और आत्मनिर्भरता के साथ।

# वामपंथी उग्रवाद की विदाई की ओर भारत : हथियार नहीं, विकास ही अंतिम समाधान

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत में उग्रवाद के कई रूप देखने को मिले हैं, धार्मिक आतंकवाद से लेकर सीमापार प्रायोजित चरमपंथ और वामपंथी अतिवाद तक, लेकिन इन सबमें सबसे लंबे समय तक और भीतर से देश की जड़ों को खोखला करने वाले उग्रवादों में रहा है वामपंथी उग्रवाद, जिसे 'लाल आतंक' या 'नक्सलवाद' के नाम से भी जाना जाता है। बीते दो दशकों में यह समस्या देश के कई राज्यों में गंभीर चुनौती बनी रही है। किंतु केंद्र और राज्यों के संयुक्त प्रयासों, बहुआयामी रणनीतियों और सुरक्षा के साथ-साथ विकास को समान गति से आगे बढ़ाने की नीति ने इस उग्रवाद के खात्मे को निर्णायक मोड़ पर ला दिया है।

यहां यह ध्यान देने योग्य है कि देश के संविधान की सातवीं अनुसूची में 'पुलिस' और 'लोक व्यवस्था' को राज्यों का विषय माना गया है, लेकिन वामपंथी उग्रवाद जैसी जटिल समस्या को देखते हुए केंद्र सरकार ने समय-समय पर व्यापक सहयोग की भूमिका निभाई है। वर्ष 2015 में इस दिशा में निर्णायक पहल के रूप में राष्ट्रीय नीति एवं कार्य योजना को मंजूरी दी गई थी, जिसमें चार स्तंभों सुरक्षा, विकास, अधिकारों की रक्षा और पुनर्वास को केंद्र में रखा गया। जिसके बाद इन सभी बिन्?दुओं पर गंभीरतापूर्वक कार्य आरंभ होता हुआ देखा जाने लगा। जिसका परिणाम है कि जो 'नक्सलवाद' एक समय देश के लगभग 126 जिलों में फैल चुका था, वह सिमट कर सिर्फ 18 जिलों तक सीमित हो गया। वास्तव में आज केंद्र की मोदी सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था को अत्याधुनिक बनाने, राज्यों को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) बटालियन, खुफिया सूचनाएं, आधुनिक हथियार और प्रशिक्षण जैसे साधनों से सशक्त किया है।

विशेष योजनाओं के अंतर्गत सुरक्षा संबंधी व्यय योजना के तहत 3357 करोड़ रुपये राज्यों को दिए गए। विशेष आधारभूत संरचना योजना के तहत 71 किलेबंद पुलिस स्टेशनों का निर्माण हुआ, जो कि सीधे मुठभेड़-प्रवण क्षेत्रों में स्थापित किए गए। यह केवल पुलिस बलों की रक्षा नहीं करते, बल्कि नागरिकों में विश्वास भी जगाते हैं। केंद्र सरकार ने माना कि वामपंथी उग्रवाद का सबसे बड़ा कारण सामाजिक और आर्थिक उपेक्षा रहा है। इसीलिए, आज मोदी सरकार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क, टेलीफोन, शिक्षा, स्वास्थ्य, वित्तीय समावेशन जैसे क्षेत्रों पर विशेष जोर दे रही है। दो प्रमुख योजनाएं, रोड रिक्वायरमेंट प्लान और वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क संपर्क परियोजना (आरसीपीएलडब्ल्यूईए) के तहत 17,589 किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली, जिसमें से अब तक 14,902 किलोमीटर बन चुकी हैं। टेलीकॉम कनेक्टिविटी सुधारने हेतु 10,644 मोबाइल टावरों की योजना बनी, जिनमें से 8640 अब कार्यरत हैं। राज्यों के स्?तर पर झारखंड जैसे तीव्र नक्सल प्रभावित राज्य जहाँ कभी संचार व्यवस्था पूरी तरह ठप रहती थी, अब वहाँ 1589 टावर क्रियाशील हैं।

इसी तरह युवाओं को हिंसात्मक गतिविधियों से बचाने के लिए सरकार ने आईटीआई और कौशल विकास केंद्रों की स्थापना कर उन्हें हुनरमंद बनाने की ओर कदम बढ़ाया है। अब तक 46 आईटीआई और 49 कौशल विकास केंद्र संचालित हैं। जनजातीय क्षेत्रों में 258 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों को मंजूरी दी गई, जिससे कि आदिवासी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। इनमें से 179 स्कूल पहले ही चालू हो चुके हैं।

कोई भी शासन व्यवस्था क्यों न हो, विकास की असली बुनियाद तब बनती है जब नागरिकों को वित्तीय अधिकार मिले हों। वामपंथी उग्रवादियों को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए केंद्र व राज्यों की अपनी आत्मसमर्पण सह पुनर्वास नीतियां हैं। आत्मसमर्पण करने वाले अति उग्रवादियों को पांच लाख, अन्य वामपंथी उग्रवादी कैडरों के लिए ढाई लाख रुपये तत्काल दिए जाते हैं। इसके अतिरिक्त तीन वर्षों के लिए 10,000 रुपये के मासिक वृत्ति के साथ उनकी रुचि के व्यापार/व्यवसाय में प्रशिक्षण दिए जाने का भी प्रावधान है।

कुल मिलाकर आत्म निर्भरता तक की वित्तीय सहायता, हथियारों के आत्मसमर्पण पर प्रोत्साहन, मासिक वृत्ति, और व्यवसाय में प्रशिक्षण जैसे कई विकल्प दिए गए हैं। राज्यों को आत्मसमर्पण सह पुनर्वास की बेहतर नीतियां अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया है। इसके पीछे मंशा यही है कि जो युवा बंदूक उठा चुके हैं, वे मुख्यधारा में लौटकर सम्मानपूर्वक जीवन जी पाएं। आज इन नीतियों के दृढ़तापूर्वक क्रियान्वयन से वामपंथी हिंसा में लगातार कमी आई है और वामपंथ का विस्तार सीमित हुआ है। केंद्र एवं राज्यों सरकारों के प्रयासों का यह भी परिणाम दिखाई देता है कि 2016 के बाद से नक्सली नेतृत्व में स्पष्ट दरारें दिखीं, जिसके कारण से तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की सीमाओं से माओवादी पूरी तरह बेदखल किए जा चुके हैं। छत्तीसगढ़ और झारखंड में भी अनेकों शीर्ष माओवादी मारे गए या गिरफ्तार हुए हैं। माओवादियों का आंतरिक नेटवर्क, चाहे वह हथियारों की आपूर्ति हो, शहरी नक्सल नेटवर्क या विचारधारात्मक प्रचार, आज सभी ध्वस्त होने लगे हैं । सुरक्षा एजेंसियों द्वारा सटीक खुफिया अभियानों के कारण बड़े नेताओं जैसे गणपति, माधवी, सुनंदा, नवीन जैसे शीर्ष माओवादियों का खात्मा हुआ है। साथ ही 'शहरी नेटवर्क' के खिलाफ शुरू हुए अभियानों ने बौद्धिक और कानूनी परिधि में छिपे समर्थकों को भी बेनकाब किया जाना जारी है।

आज जब हम 2025 का आधा साल बिताकर खड़े हैं, तब उस समय में यह स्पष्ट दिखता है कि वामपंथी उग्रवाद अब भारत की प्रमुख सुरक्षा चुनौती नहीं रह गया। झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा जैसे राज्यों में जो सफल प्रयोग हुए हैं, उन्हें अब मॉडल के रूप में पूरे देश में लागू करने की आवश्यकता है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि वर्ष 2014 के बाद वामपंथी उग्रवाद पर लगाम लगाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका राजनीतिक इच्छाशक्ति की रही है। जहाँ पहले इससे जुड़ी रणनीतियां संकोच, विरोधाभास और सीमित प्रभाव की शिकार रहती थीं, अब पूरे देश में एकीकृत सोच और दिशा के साथ कार्रवाई हुई है। गृह मंत्रालय, राज्य पुलिस, अर्धसैनिक बल और स्थानीय प्रशासन का सामंजस्य बनाना आसान नहीं था, किंतु यह गृहमंत्री अमित शाह के प्रयासों से संभव हुआ है। इसीलिए आज नक्?सल हिंसा में पूर्व की तुलना में 85 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है । गृहमंत्री अमित शाह का संकल्प वर्ष 2026 तक नक्सलवाद को भारत से समाप्त कर देना है।

कहना होगा कि नक्सलवाद भारत के लोकतंत्र की सबसे लंबी और कठिन परीक्षा रही है। इस संघर्ष में हमने हजारों पुलिसकर्मियों, सीआरपीएफ जवानों, राजनेताओं, ग्रामीणों और शिक्षकों को खोया है। लेकिन 2025 में हम यह देख रहे हैं कि भारत ने नक्सल विरोधी अपनी लड़ाई में निर्णायक बढ़त पा ली है। अब यह सुनिश्चित करना है कि देश के दूरदराज के गांव, जो वर्षों तक विकास और भरोसे से वंचित रहे, उन्हें शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सम्मान के साथ मुख्यधारा में समानता का स्थान मिले।

# चीन के हथियारों की पोल खुली, जंग के मैदान में इस्तेमाल करने वालों की ही आ रही शामत

**ओम पराशर**

चीन की सैन्य ताकत और वैश्विक हथियार बाजार में बढ़ती दखल का दावा अब गंभीर सवालों के घेरे में है। अभी कुछ दिनों पहले ही बांग्लादेश के एक शिक्षण संस्थान पर जो फाइटर प्लेन क्रैश हुआ था वह चीन में ही बना था। हाल के वर्षों में एशिया, अफ्रीका और मध्य पूर्व के कई देशों ने चीनी हथियारों को खरीदकर भारी रणनीतिक जोखिम उठाया है। दिखावे में उन्नत और सस्ते हथियार, युद्ध के मैदान में बार-बार विफल साबित हुए हैं। चीन के लड़ाकू विमान, ड्रोन, टैंकों और मिसाइल प्रणालियों में तकनीकी खामियां, खराब डिजाइन, और रखरखाव की समस्याएं सामने आई हैं। इसकी वजह से जंग के मैदान में तो नाकामी आ ही रही है, साथ ही इनका इस्तेमाल करने वालों की जान भी जा रही है।

भरोसे की कमी और घटती बिक्रीबीते कुछ वर्षों में चीन के हथियारों पर दुनिया का भरोसा लगातार डगमगाया है। थाईलैंड और अल्जीरिया जैसे देश चीनी हथियारों में लगे उपकरणों को पश्चिमी तकनीक से बदलने को मजबूर हुए हैं। कथित 'कम कीमत' की असलियत तब सामने आती है जब जंग के समय ये हथियार जवाब दे जाते हैं। रिपोर्टों के अनुसार, 2016 से 2020 के बीच चीन के हथियार निर्यात में लगभग आठ प्रतिशत की गिरावट आई है। पाकिस्तान, म्यांमार और बांग्लादेश जैसे पारंपरिक ग्राहक भी अब दूसरी दिशाओं में झांक रहे हैं।

बार-बार फेल हुए चीनी हथियारचीन से निर्यात किए गए कई हथियार हाल के वर्षों में बुरी तरह असफल हुए हैं। म्यांमार ने JF-17 फाइटर जेट्स (चीन के साथ मिलकर बने) को ग्राउंड कर दिया क्योंकि इनमें इंजन और रडार से जुड़ी गंभीर दिक्कतें थीं। नाइजीरिया को दिए गए नौ F-7 लड़ाकू विमानों में से सात को रखरखाव और दुर्घटनाओं के कारण वापस भेजना पड़ा। बांग्लादेश में K-8W ट्रेनर विमान की रडार प्रणाली और हथियार प्रणाली बार-बार फेल हुई।

अल्जीरिया और मिस्र ने शिकायत की है कि उन्हें मिले उ्ल-4 ड्रोन बार-बार क्रैश हुए और किसी भी वास्तविक सैन्य अभियान में भरोसेमंद नहीं साबित हुए। पाकिस्तान की नौसेना को F-22P फ्रिगेट्स और HQ-9 व PL-15 मिसाइलों में इंजिन, सेंसर और गाइडेंस की गंभीर तकनीकी समस्याएं झेलनी पड़ीं।

ऑपरेशन सिंदूर में खुली कलई2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' ने चीनी हथियारों की पोल सार्वजनिक रूप से खोल दी। चीन से मिले एयर डिफेंस सिस्टम ल्दद-9 और PL-15 एयर टू एयर मिसाइलें भारतीय हमलों को रोकने में असफल रहीं, जिससे पाकिस्तान को भारी बुनियादी ढांचे का नुकसान हुआ। इन विफलताओं ने साबित कर दिया कि चीनी हथियारों की प्रदर्शन क्षमता सिर्फ कागजों में है, जमीन पर नहीं।

सिस्टम की जड़ में खामीचीन में हथियार निर्माण प्रक्रिया में गहरी समस्याएं हैं। पश्चिमी देशों की तरह कोई सख्त गुणवत्ता नियंत्रण या प्रमाणन प्रणाली नहीं है। हथियारों की रियल-टाइम कॉम्बैट टेस्टिंग ना के बराबर होती है। उत्पादन की होड़ में गुणवत्ता की अनदेखी होती है और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। हाल के वर्षों में कई पीएलए जनरलों की बर्खास्तगी इसी का प्रमाण है।

इसके अलावा, चीन का रक्षा क्षेत्र नवाचार में पीछे है और वह अब भी पश्चिमी व रूसी हथियारों की रिवर्स इंजीनियरिंग पर निर्भर है। J-20 फाइटर जेट दिखने में अमेरिकी F-22 जैसा है, पर उसकी तकनीक और परफॉर्मेंस काफी पीछे है।

मरम्मत में मुसीबत, खरीदार परेशानचीन से हथियार खरीदने वाले कई देशों को मरम्मत और स्पेयर पार्ट्स के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। नाइजीरिया और म्यांमार जैसे देशों को तो विदेशी तकनीशियन बुलाने पड़े ताकि सिस्टम काम कर सके। चीनी हथियारों की ट्रेनिंग और दस्तावेज भी स्थानीय भाषाओं में नहीं होते, जिससे संचालन में और दिक्कत आती है।

गिरती साख और रणनीतिक नुकसानचीन की हथियार बिक्री 5.6 फीसदी से गिरकर 5.2 फीसदी पर आ चुकी है और 2013-17 से 2018-22 के बीच 23 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। पाकिस्तान तक अब टर्की जैसे देशों की तरफ रुख कर रहा है। भारत ने हाल ही में एक व्यापक समीक्षा शुरू की है, ताकि सैन्य उपकरणों में चीन-निर्मित हिस्सों को हटाया जा सके।

विशेषज्ञों की रायअलेक्जेंडर वुविंग और कॉलिन कोह जैसे रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि चीनी हथियार तकनीकी रूप से कमजोर, अनुभवहीन और कम भरोसेमंद हैं। रैंड कॉरपोरेशन की रिपोर्टें भी बार-बार चेतावनी देती रही हैं कि चीन की रक्षा निर्यात प्रणाली में मूलभूत खामियां हैं।

सस्ता है, पर जानलेवा भीम्यांमार, नाइजीरिया, बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे देशों का अनुभव यही दशार्ता है कि चीनी हथियारों पर भरोसा करना रणनीतिक भूल हो सकती है। ये सिस्टम जंग के समय नाकाम होते हैं और उनकी मरम्मत या प्रतिस्थापन कई गुना महंगा पड़ता है।

चीन जब तक गुणवत्ता, पारदर्शिता, नवाचार और भरोसेमंद सपोर्ट सिस्टम में सुधार नहीं करता, तब तक उसका वैश्विक हथियार बाजार में दावा अधूरा ही रहेगा। सस्ते सौदों की लालच में देश अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा को जोखिम में डाल रहे हैं। अब समय है कि खरीददार देश सिर्फ लागत नहीं, बल्कि विश्वसनीयता और युद्धक्षमता को प्राथमिकता दें।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

## दैनिक पंचांग

**1 अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 06.43 बजे से |
| चंद्र | तुला में | कन्या | 08.55 बजे से |
| मंगल | कन्या में | तुला | 11.06 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 13.20 ब.से |
| गुरु | मिथुन में | धनु | 15.36 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | मकर | 17.41 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 19.28 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 21.01 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 22.31 बजे से |
| | | वृष | 00.11 बजे से |
| राहुकाल | 10.30 से 12.00 बजे तक | मिथुन | 02.09 बजे से |
| | | कर्क | 04.23 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 213 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082
**शक संवत्** 1947
**मास** श्रावण **पक्ष** शुक्ला
**तिथि** अष्टमी अहोरात्र।
**नक्षत्र** स्वाती 03.41 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** शुभ 05.30 बजे प्रात: को समाप्त।
**करण** विष्टि 18.11 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 07.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 00'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872423
**जूलियन दिन** 2460888.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सफर
**तारीख** 06

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### सावन में ज्योतिलिंगों में भगवान शिव का प्रत्यक्ष रूप से वास : आचार्य

**चतरा :** भगवान शिव का प्रिय महीना सावन का धार्मिक और वैज्ञानिक दृष्टि से विशेष महत्व है। यह बातें चतरा के आचार्य चेतन पाण्डेय ने कही। उन्होंने कहा कि इस माह हम भीतर की दिव्य शक्ति जगा पाते हैं। खुद को भीतर से मजबूत कर पाते हैं। इस शक्ति से विश्व कल्याण के साथ स्वयं को भी स्वस्थ रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि सावन श्रद्धा को जगाने का समय है। वैज्ञानिक भी मानते हैं कि जहां ज्योतिर्लिंग विरामान हैं। वहां सबसे ज्यादा रेडिएशन निकलता है। जहां स्वयं भू-शिवलिंग हैं। वहां हमें शक्ति का अहसास होता है। तभी बड़ी-बड़ी आपदाओं में ऐसे मंदिर सुरक्षित रहे हैं। मान्यता है कि सावन में भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए देवताओं ने आराधना की थी। देवता शिव की शरण में योग शिक्षा लेते हैं। असमय मौत से मुक्ति के लिए अनुष्ठान का विशेष विधान है।

# रांची ग्रामीण कांग्रेस की संगठन सृजन बैठक संपन्न पंचायत स्तर पर मजबूत संगठन की रणनीति तैयार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**अनगड़ा :** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस भवन,रांची में प्रखंड पर्यवेक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची जिला ग्रामीण के पर्यवेक्षक शहजादा अनवर थे। इस बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला पर्यवेक्षक शहजादा अनवर ने कहा कि पार्टी के गांव एवं पंचायत स्तर तक के हर कार्यकर्ता को सुदृढ़ और मजबूत करना होगा। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि पंचायत कमिटी के 50% सदस्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समुदायों से होंगे तथा इसमें महिलाओं व युवाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष के द्वारा हस्ताक्षरित एक व्यक्तिगत नियुक्ति आदेश ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी के प्रत्येक 12 सदस्यों को दिया जाएगा। 12 सदस्यीय ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी का गठन करते समय इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि कम से कम एक सदस्य ग्राम पंचायत के प्रत्येक मतदान केंद्र से हो। उन्होंने अपने संबोधन में राहुल गांधी के द्वारा दिये गये नारा को याद करते हुए बताया कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हो हिस्सेदारी। रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने अपने संबोधन में कहा कि सभी प्रखंड पर्यवेक्षकों को अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करना होगा। विगत 19 जुलाई को पुराना विधानसभागार में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के द्वारा बताया गया था कि पंचायत कमेटी गठन हेतु प्रवचन पर्यवेक्षकों को हर पंचायत में एक- दो दिन समय देना होगा। जिलाध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने प्रखंड पर्यवेक्षकों को सम्बोधित करते हुए क्हा कि आप सब कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही है और मुझे पूरी उम्मीद है कि आप सभी हर पंचायत में जाकर पूरी निष्ठा एवं लगन से अपने दायित्वों को पूरा करेंगे और कांग्रेस पार्टी के संगठन को पंचायत से लेकर प्रदेश तक मजबूत करेंगे। जिला अध्यक्ष डॉक्टर महतो ने प्रखंड पर्यवेक्षकों को प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए बूथ लेवल एजेंट (बी एल ए) का भी चयन साथ-साथ करने का निर्देश दिया। इस कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता जगदीश साहु,निरंजन पासवान, बलजीत सिंह बेदी, कार्यालय प्रभारी राजीव रंजन राजू,मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार सिंह, रमेश पांडे सहित अन्य नेता एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध शराब व एंट्री क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया भट्टी ध्वस्त एक बाइक जब्त



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के नीमडीह पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। मुरु गांव के नदी किनारे जंगल झाड़ में अवैध रूप से चलाए जा रहे अवैध महुआ शराब भट्टी को ध्वस्त किया गया एवं करीब 50 किलो जावा महुआ को विनष्ट किया गया। वहीं शराब माफिया मौके से फरार हो गया। वहीं मुरू पुल के समीप एंट्री क्राइम चेकिंग अभियान भी चलाया गया, जिसमें बीना नंबर लगे एक बाइक को जप्त किया गया। थाना प्रभारी संतन तिवारी ने बताया कि गुप्त सुचना के आधार पर अवैध देशी शराब भट्टी को ध्वस्त किया गया एवं 50 किलो जावा महुआ को विनष्ट किया गया। उन्होंने कहा कि अवैध शराब भट्टी के संचालक का पता लगाकर आवश्यक कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एंट्री क्राइम चेकिंग के दौरान एक बीना नंबर बाइक को जप्त कर विधि सम्मत कारवाई किया जा रहा है। अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाए जाने से क्षेत्र में शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

### ईचागढ़ के कलाकार थाईलैंड और म्यांमार में दिखाएंगे छऊ नृत्य का जलवा



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के नटराज कला केंद्र चोगा के छऊ कलाकार प्रभात कुमार महतो के नेतृत्व में थाईलैंड के लिए रवाना हुए। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में 1 से 6 अगस्त तक आयोजित इंटरनेशनल मास्क कार्निवल 2025 में छऊ नृत्य का परचम लहरेगा। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय छऊ नृत्य कलाकार सह सचिव नटराज कला केंद्र चोगा के सचिव प्रभात कुमार महतो के नेतृत्व में 9 सदस्यीय छऊ नृत्य कलाकार दल बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा रांची से कोलकाता के लिए रवाना हुए तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा कोलकाता से बैंकॉक पहुंचेगी। बैंकॉक में आयोजित इंटरनेशनल मास्क कार्निवल के कार्यक्रम के बाद दिनांक 7 से 10 अगस्त तक लोई में आयोजित एशियन डे कार्यक्रम में भी अपना प्रस्तुति देंगे तथा 11 से 13 अगस्त तक म्यांमार में भी अपना छऊ नृत्य की प्रस्तुति करने के बाद 15 अगस्त को भारत वापस आएगी। प्रभात कुमार महतो अपने दल के साथ इसके पहले भी ताइवान भूटान आदि देशों में अपना प्रस्तुति दे चुके हैं। भारत जापान शिखर वार्ता, टाटा आइपीएल, जी 20 सम्मेलन, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, भारतीय अंतराष्ट्रीय व्यापार मेला, एशियन महिला हॉकी प्रतियोगिता, नेशनल गेम आदि में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। दल में प्रभात कुमार महतो, सुचांद महतो, जगदीश चंद्र महतो, जयराम महतो, सीताराम महतो, अजीत कुमार महतो गणेश चंद्र महतो, मंटू महतो एवं जटल कालिंदी शामिल है।

### तिरुलडीह हत्या कांड में पति-पत्नी को उम्रकैद चांडिल न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला



**ईचागढ़ :** चांडिल अनुमंडल न्यायालय ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में तिरुलडीह थाना क्षेत्र में वर्ष 2020 में हुए एक हत्या के मामले में पति-पत्नी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सचिन्द्र नाथ सिन्हा की अदालत ने तिरुलडीह थाना क्षेत्र के गूंदलीडीह गांव निवासी अश्विनी महतो और उसकी पत्नी टुसुवाला महतो को दोषी करार देते हुए धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 20 हजार जुमार्ना एवं धारा 201 में 3 वर्ष सजा और एक हजार जुमार्ना की सजा सुनाई है। यह मामला 24 जनवरी 2020 का है, जब तिरुलडीह थाना क्षेत्र के गुंदलीडीह गांव स्थित एक कुएं से कूदा गांव निवासी 25 वर्षीय युवक विवेश्वर महतो का शव बरामद हुआ था। चार दिन से लापता विवेश्वर की काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला था, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी थी। उस समय के तिरुलडीह थाना प्रभारी सुभाष चंद्र सिंह ने पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुएं बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सरायकेला भेज दिया था और मामले की जांच शुरू की थी। अनुसंधान के क्रम में हत्या के कुछ ही दिनों बाद पुलिस ने अश्विनी महतो और उसकी पत्नी टुसुवाला महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि था हत्या अवैध संबंधों को लेकर की गई थी। आरोपी टुसुवाला महतो ने विवेश्वर महतो को अपने घर बुलाकर पति अश्विनी महतो के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी और सबूत छिपाने के लिए शव को कुएं में फेंक दिया था। इस मामले के अनुसंधान कर्ता तत्कालीन तिरुलडीह थाना प्रभारी सुभाष चंद्र सिंह स्वयं थे। लगभग पांच वर्षों तक चले मुकदमे के बाद न्यायालय ने दोनों को उम्रकैद की सजा सुनाई। इस फैसले के बाद मृतक के बड़े भाई शिवेश्वर महतो ने इसे न्याय की जीत बताया है। इस केस में कूल 11 लोगों की गवाही कराई गई एवं केस का अभियोजन प्रभारी अपर लोक अभियोजक श्री हर्षवर्धन द्वारा किया गया।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय बामनी में प्रधानाचार्य को दी गई बिदाई



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बामनी में सेवानिवृत प्रधानाध्यापिका बिभा दत्ता ने वर्ष 2016 में योगदान दिया था। विद्यालय परिवार की ओर से एक समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई ।इस दौरान स्कूली छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया ।सांस्कृतिक कार्यक्रम भी बच्चो ने प्रस्तुत किया ।कार्यक्रम में अंत में ग्रामीणों के द्वारा विद्यालय में शिक्षक की कमी होने की बात से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए शिक्षक की मांग की ।ग्रामीणों ने मांग किया कि विद्यालय में दो शिक्षिकाएं पदस्थापित थे। प्रधानाध्यापिका के सेवानिवृत होने के बाद मात्र एक शिक्षिका ही विद्यालय में पदस्थापित रहेगी ।ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के अधिकारी से विद्यालय में शिक्षक प्रतिनियुक्ति करने की मांग रखी। बीआरपी अबनी महंती ने बीईईओ से बात कर जल्द शिक्षक को कमी दूर करने का आश्वासन दिया ।इस विद्यालय में एक से आठ तक के छात्र छात्राएं अध्ययनरत हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पार्षद प्रदीप बेसरा उपस्थित थे ।उन्होंने संबोधन में कहा कि बच्चों के लिए माता पिता के साथ शिक्षक का अहम भूमिका होता हैं। छात्र के सफलता पर शिक्षक का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण होती हैं। हमें शिक्षक के बताए मार्ग का अनुसरण करते हुए सफलता की ओर आगे बढ़ने की जरूरत है। शिक्षक से बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सफलता के क्षेत्र में बच्चे आगे बढ़े। विद्यालय में शिक्षक की कमी को जल्द से जल्द दूर करने का काम शिक्षा विभाग के द्वारा किया जाए ।ताकि ग्रामीणों की मांग पूरी हो सके ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद प्रदीप बेसरा, खेडुआ मुखिया गंगाधर सिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष बासुदेव मंडल ,देवीलाल रजक,अध्यक्ष विशंभर सिंह, बीआरपी अबनी महंती,सीआरपी भवतारण प्रसाद सिन्हा, आकुल दत्ता, अशोक मंडल, सहायक शिक्षिका लुसिया कुजूर, अभिभावक और ग्रामीण उपस्थित थे ।सभी ने उनके सेवानिवृत के बाद कुशल भविष्य की कामना की।

### ट्रेन से गिर कर रांची के एक व्यक्ति की मौत



**सिल्ली :** मुरी रांची रेल खंड मुरी लगाम रेल फाटक के समीप ट्रेन से गिर कर रांची के एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक हटिया हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन में बुधवार देर रात 10 बजकर 40 मिनट में जैसे ही ट्रेन मुरी आउटर लगाम फाटक के पोल संख्या 353/28 के पास पहुंची तो उक्त व्यक्ति गेट खोल कर बाहर देखने लगा तभी वह रेलवे ओभर हेड तार के पोल से टकरा कर गिर गया। ट्रेन के यात्रियों ने मुरी रेलवे स्टेशन पहुंचने पर इसकी सूचना रेल पुलिस को दी। आनन फनन में घटना स्थल पुलिस पहुंची। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस से शव जब्त कर गुरुवार को सुबह पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस ने बताया कि उसके पॉकेट से मिली आई कार्ड से उसकी पहचान सत्यप्रकाश कुमार धुर्वा निवासी बताया जाता है। घटना की सूचना उनके परिजनों को दे दी गई है।

### हो भाषा साक्षरता कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

**पश्चिम सिंहभूम :** जिला में गुरुवार को हो साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे तुरतुंग प्रोजेक्ट को लेकर हो भाषा के शिक्षकों के साथ आदिवासी हो समाज युवा महासभा और नेशनल आदिवासी रिवाइवल एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक महासभा कला और संस्कृति भवन, हरिगुटू में हुई। बैठक में नए सत्र की शुरूआत, प्रशिक्षण की रूपरेखा, सेंटर चयन, अभिभावकों के साथ संवाद, नामांकन प्रक्रिया, छात्रों के फोटो-आधार एकत्रीकरण, उपस्थिति-गैरहाजिरी रिपोर्ट विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों संस्थाओं की ओर से उपस्थित शिक्षकों को इन बिंदुओं पर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि हो भाषा वारंगक्षिति के सेंटर पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में संचालित किया जाएगा।

## महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की 527 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**सरिया :** लक्ष्मी नारायण धर्मशाला सरिया में गुरुवार को सरयू पार में ब्राह्मण महासंघ सरिया केंद्र द्वारा संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की 527 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। जिसमें बताओ मुख्य अतिथि महासंघ के सभापति अनंत लाल शर्मा, महामंत्री राम लखन शर्मा, विहिप के जिला संयोजक विभाग कर पांडेय तथा सरिया मध्य जिप सदस्य अनूप कुमार पांडेय, भारत भूषण पांडेय,बाल विदुषी सुजाता किशोरी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पूर्व गोस्वामी तुलसीदास तथा श्री रामचरितमानस की षोडशोपचार विधि से पूजन की गई.सुंदरकांड का सस्वर पाठ किया गया.इसके पश्चात अतिथियों का सम्मान किया गया। वहीं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बंदखारो में भी तुलसी जयंती मनाई गई। उक्त दोनों कार्यक्रम स्थलों पर गोस्वामी तुलसीदास जी के चित्र परम माल्यार्पण किया गया। इनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि संत महाकवि गोस्वामी तुलसीदास जी का बचपन अनोखा था। पत्नी की फटकार तुलसीदास के लिए प्रेरणा मंत्र बनकर लौकिक जीवन को अलौकिक बना दिया। इन्होंने रामचरित मानस की रचना की। इनका काव्य इतना प्रभावी था कि कहते हैं कि इसे सुनने के लिए हवा ठहर जाती थी,पंछी उड़ना भूल जाते थे और दरिया का पानी रुक जाता था। महाकवि तुलसीदास केवल संत ही नहीं बल्कि एक क्रांतिकारी युगद्दष्टा भी थे। उनके जीवन काल में दिल्ली में मुगलों की सत्ता थी। हिंदू राजा आत्म गौरव शून्य हो गए थे। ऊंचे घराने के लोग विलासिता में डूबे हुए थे.निचले स्तर के लोग अभावों से संत्रस्त होकर आत्मविस्मृत हो गए थे।

## डीएवी को मिला नया प्राचार्य, मनीष कुमार सिन्हा ने अनुशासन और स्वच्छता को बनाया प्राथमिकता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया :** गिरिडीह जिला मुख्यालय से 72 किलोमीटर दूर बसा छोटा सा शहर सरिया है। यहां डी ए वी जैसा प्रतिष्ठित स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान रखता है। यह स्कूल वर्षों से क्षेत्र में शिक्षा का दीपक जलाए हुए है, जहां कई प्राचार्यों ने अपने नेतृत्व में इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास किया। इसी कड़ी में 19 जुलाई 2025 को मनीष कुमार सिन्हा ने सरिया डीएवी के नए प्राचार्य के रूप में कार्यभार संभाला। मनीष कुमार सिन्हा ने स्कूल में अपने पहले दिन से ही अनुशासन और स्वच्छता को अपनी प्राथमिकता बनाया। उन्होंने शिक्षकों और छात्रों के साथ बैठक कर स्कूल परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित रखने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उनके नेतृत्व में स्कूल में स्वच्छता अभियान शुरू किया गया, जिसमें छात्रों और कर्मचारियों ने मिलकर परिसर की सफाई की। इसके साथ ही, उन्होंने अनुशासन को स्कूल की संस्कृति का अभिन्न अंग बनाने पर जोर दिया। मनीष कुमार सिन्हा का मानना है कि अनुशासित वातावरण और स्वच्छ परिसर ही बेहतर शिक्षा का आधार तैयार करते हैं। स्थानीय लोगों और स्कूल स्टाफ ने नए प्राचार्य के इस उत्साह और दृष्टिकोण की सराहना की है। शिक्षक अनिल कुमार ने कहा, मनीष सर के आने से स्कूल में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उनका अनुशासन और स्वच्छता पर जोर न केवल स्कूल के माहौल को बेहतर बनाएगा, बल्कि छात्रों के समग्र विकास में भी योगदान देगा। मनीष कुमार सिन्हा ने अपने पहले संबोधन में कहा, डीएवी सरिया का गौरवशाली इतिहास रहा है। मेरा लक्ष्य इस विरासत को और समृद्ध करना है। अनुशासन, स्वच्छता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के जरिए हम नई पीढ़ी को बेहतर भविष्य के लिए तैयार करेंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि जल्द ही स्कूल में शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएं शुरू की जाएंगी।

### सर्पदंश और रेबीज से बचाव को लेकर कर्मियों को किया गया जागरूक

**पूर्वी सिंहभूम :** टाटानगर रेल सिविल डिफेंस की ओर से गुरुवार को इलेक्ट्रिक लोको शेड के सभागार में एक दिवसीय जागरूकता सेमिनार का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में कर्मचारियों को विषैले और विषहीन सांप के काटने की पहचान, लक्षण और प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता विनोद कुमार ने की। इस दौरान सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बताया कि इलेक्ट्रिक लोको शेड का भूगोल चारों ओर घना जंगल, झाड़ियां और पहाड़ी इलाका सांपों के आगमन को अनिवार्य बनाता है। विशेषकर मानसून के मौसम में प्राकृतिक आवास क्षतिग्रस्त होने, भोजन की कमी और प्रजनन काल के चलते सांपों की संख्या सेड परिसर में बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि परिसर में कोबरा, करैत, रसेल वाइपर और चित्ती सांप जैसे विषैले सांप अक्सर देखे जाते हैं। इनकी पहचान, दंश के निशान, विष के लक्षण, शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव की जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गई। साथ ही विषहीन सांपों की पहचान और उनसे जुड़ी भ्रांतियों पर भी प्रकाश डाला गया। इससे अनावश्यक भय के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# बाराद्वारी सड़क की दुर्दशा पर विधायक का अल्टीमेटम, 7 अगस्त तक सुधार नहीं तो आंदोलन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक पूर्णिमा साहू ने गुरुवार को बाराद्वारी स्थित श्रेष्ठम से जानकी भवन तक की मुख्य सड़क की बदहाल स्थिति और बीच सड़क पर बांस-बल्ली से बनाए गए अस्थायी डिवाइडर को लेकर सड़क पर उतरकर निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क की बदहाली और ट्रैफिक व्यवस्था की लापरवाही पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए जिला प्रशासन व टाटा स्टील यूआईएसएल को दो टूक चेतावनी दी और कहा कि 7 अगस्त तक स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो 8 अगस्त को वे स्वयं आंदोलन के लिए सड़क पर उतरेंगी। निरीक्षण के दौरान टाटा स्टील यूआईएसएल रोड डिवीजन के हेड, साकची ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी और सीतारामडेरा थाना की पुलिस टीम मौके पर मौजूद थी। मौके पर ही विधायक पूर्णिमा साहू ने टेलीफोन पर टाटा स्टील यूआईएसएल के जीएम और ट्रैफिक डीएसपी से बात की और स्पष्ट शब्दों में कहा कि इसमें अब और समय नहीं दिया जा सकता है। विधायक ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर वे पहले भी जिले के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक और टाटा स्टील प्रबंधन को लिखित रूप से अवगत करा चुकी हैं। सड़क निर्माण के लिए टाटा स्टील यूआईएसल से वार्ता भी हुई, लेकिन बारिश की बात बताकर देरी की जा रही है। विधायक पूर्णिमा साहू ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि 7 अगस्त तक बांस-बल्ली से बना अस्थायी डिवाइडर हटाकर, सुसज्जित और स्थायी डिवाइडर बनना चाहिए। साथ ही सड़क पर बने गहरे गड्ढों की मरम्मत, टूटे नालों की सफाई एवं समतलीकरण का कार्य पूरा कर लिया जाए। कहा कि विधानसभा सत्र के समाप्त होने पर 8 अगस्त को दोबारा निरीक्षण करने आएंगी और अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो वे स्वयं सड़क पर उतरकर आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव, पवन अग्रवाल, रंजीत सिंह, अमित अग्रवाल, अरुण मिश्रा, मुरारी गोयल, मिथिलेश साव, दिलीप पासवान व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला**

''अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना'' संख्या –24 / 2025–26

1. विभाग का नाम :- भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का पद नाम :- कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :- दिनांक 07.08.2025 को अपराह्ण 1:00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 08.08.2025 को अपराह्ण 3:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय :-दिनांक 08.08.2025 को अपराह्ण 3:30 बजे से।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, गुमला। 2. सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल सं.–01, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य की विवरणी :–

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Construction of Culvert at Dewaki Nursery Road Gumla, Block Ghaghra District Gumla for the Year 2025-26 | 7,60,710.00 | 15,500.00 | 1250.00 | 3 माह |

नोटः–परिमाण विपत्र क्रय के समय Original Registration एवं अग्रधन की राशि के रूप में NSC, TD, BG, Fixed Deposit अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से प्लेज किया हुआ जमा करना होगा, जिसे अवलोकन करने के पश्चात् विपत्र के साथ संवेदक को लौटाया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल,गुमला।

PR.NO.358656 Building(25-26):D

## एक नजर

### आज बाजार समिति पाकुड़ में लगेगी आकांक्षा हाट




**पाकुड़ :** ज़िले में नीति आयोग भारत सरकार के निदेशानुसार 1 अगस्त से 2 अगस्त तक आकांक्षा हाट कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन बाजार समिति पाकुड़ में पूर्वाह्न 11 बजे से होगा। इस आयोजन से स्थानीय उत्पादकों को अपने उत्पादों को बड़े पैमाने पर दर्शकों तक पहुंचाने का सुनहरा अवसर मिल सकेगा। 'आकांक्षा हाट' सिर्फ एक बाजार नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है जो उन कारीगरों, दस्तकारों और छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाने का काम करता है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य 'वोकल फॉर लोकल' के विचार को वास्तविक रूप देना है।

### सेवा निवृत शिक्षकों को दी गई सम्मानपूर्वक विदाई

**साहिबगंज :** माह जुलाई 2025 में कुल चार हुए प्रारंभिक विद्यालय के शिक्षकों को उनके सेवा निवृति पर दी गई भाव भीनी विदाई। गुरुवार को पुलिस लाइन समीप स्थित जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं उपहार देकर विदाई दी। जिसमें मो० नसीम आलम, स० शि०, उत्क्रमित म० वि उर्दू विशनपुर अंचल मंडरो, निर्मल त्रिपाठी, स० शि० उत्क्रमित म० वि० उर्दू छोटी कोदरजन्ना अंचल साहिबगंज, वासुदेव प्रसाद स० शि० म० वि० कांजीगांव अंचल राजमहल इस अवसर पर उपस्थित थे,वही मीना कुमारी स० शिक्षिका म० वि० चानन किसी कारण वश नहीं शामिल हुई। सभी सेवा निवृत शिक्षकों अपने अपने सेवाकाल में बिताए गए पल का अनुभव को जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष के साथ साझा किया। इस विदाई पर अपने संबोधन में जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने कहा एक लंबे कार्यकाल तक विभाग से जुड़े रहकर कार्य करने के बाद एक दूसरे से बिछड़ने का दुख तो होता ही है, लेकिन दूसरे ओर इस बात का सुख भी होता है कि सेवाकाल में रहकर परिवारों के सपने को पूरा करने का जो समय देना चाहिए दे नहीं सके। अब आप बिलकुल भरपूर परिवार को उनके बीच समय देने के लिए स्वतंत्र हैं सरकारी नियमानुसार सेवा निवृत हो रहे है, लेकिन हमारे मन से अलग नहीं हैं। आपसभी का दूसरे पारी का जीवन सुखमय मंगलमय बना रहे। अपनी ओर से शुभकामना एवं अशेष बधाई दी।

### महिला के साथ मारपीट मामले में चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना पुलिस ने मारपीट और छेड़खानी मामले में चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार रेहाना बीबी नामक महिला ने थाना में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने चार लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। रेहाना बीबी ने आरोप लगाया है कि बीते 27 जुलाई को शाम में वह चापाकल से पानी लाने गई थीं, तो उन्हें अकेला देखकर उनके देवर जियाउल शेख ने बुरी नीयत से पकड़कर छेड़खानी शुरू कर दी। रेहाना बीबी के शोर मचाने पर जियाउल शेख वहां से भाग गया। रेहाना बीबी ने बताया कि जब उन्होंने इस घटना की सूचना अपने ससुर को दी। इसके बाद यूसुफ शेख, मुत्तालिम शेख और मंजूर शेख आक्रोशित होकर उनके साथ धक्का-मुक्की की। उन्होंने रेहाना बीबी के पुत्र नसीम शेख को भी बंधक बना लिया। जब उनके पति वहां पहुंचे, तो कथित तौर पर उन लोगों ने गंदी-गंदी गालियां दीं और मारपीट की।

# निरीक्षण में उपायुक्त ने दिया नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने गुरुवार को जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर परिषद कार्यालय, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, डंप यार्ड, नगर परिषद पार्क और आयुष्मान आरोग्य मंदिर सहित अन्य विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर परिषद कार्यालय में उपायुक्त ने साफ-सफाई की व्यवस्था, फाइलों के संधारण, कर्मियों की तैनाती और नागरिक सेवाओं की प्रक्रिया की गहन समीक्षा की। उन्होंने कार्यालय प्रणाली को अधिक सुव्यवस्थित बनाने पर बल देते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि आम जनता को त्वरित और सुलभ सेवाएं प्राप्त हों। साथ ही, कार्यालय भवन के ऊपरी तल पर बने मार्केट प्लेस की दुकानों का निरीक्षण कर इनके शीघ्र आवंटन का निर्देश नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान को दिया। नगर परिषद पार्क के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वहां की स्वच्छता, रखरखाव और सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि जुस्को प्रबंधन से समन्वय स्थापित कर दिन के समय में भी पार्क में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, क्योंकि वर्तमान में यह सुविधा केवल शाम के समय उपलब्ध है। डंप यार्ड का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की स्थिति का जायजा लिया और स्वच्छता व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने नियमित सफाई सुनिश्चित करने और कचरे के समुचित निस्तारण पर विशेष ध्यान देने को कहा। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा संचालित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर उपायुक्त ने इसे नगर परिषद को शीघ्र हस्तांतरित किए जाने की प्रक्रिया को तेज करने का निर्देश दिया ताकि स्थानीय स्तर पर पेयजल व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त, उपायुक्त ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर वहां दवाओं की उपलब्धता, चिकित्साकर्मियों की उपस्थिति और सेवा की गुणवत्ता की भी समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अंत में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दौरे के दौरान चिन्हित सभी कमियों और मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नागरिकों को बेहतर नगर सेवा, स्वास्थ्य सुविधा और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## तीनपहाड़ उप डाकघर में सॉफ्टवेयर टेक्निकल खराबी आने से निकासी में ग्राहकों को परेशानी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के तीनपहाड़ क्षेत्र में बीते बुधवार से पोस्ट ऑफिस तीनपहाड़ में सॉफ्टवेयर में टेक्निकल खराबी आने की वजह से पोस्ट ऑफिस में काफी दिक्कत हो रही है। वहीं निकासी और जमा एवं अन्य संबंधित कार्य स्थगित है। जिसको लेकर कार्यलय के कर्मचारी ने बताया की बीते बुधवार से सॉफ्टवेयर में दिक्कत आ गया है जिसके वजह से जमा और निकासी का राशि का मिलान नहीं हो पा रहा था जिसको लेकर इसकी सूचना संबंधित विभाग को तुरंत दे दी गई है। वही इस संबंध में वरीय डाक अधीक्षक बिनोद कुमार पंडित ने बताया की सॉफ्टवेयर में आई खराबी को सूचना प्राप्त हुई है जिसको लेकर इसकी सूचना संबंधित विभाग को दे दी गई है, शुक्रवार तक सेवा फिर से दुरुस्त होने की संभावना है। वही दो दिनों से जमा और निकासी का कार्य नहीं होने की वजह से खाताधारको सहित पोस्ट ऑफिस के एजेंट को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खाताधारक काफी परेशान दिख रहे हैं।

## सेवा निवृत शिक्षकों को दी गई सम्मानपूर्वक विदाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** माह जुलाई 2025 में कुल चार हुए प्रारंभिक विद्यालय के शिक्षकों को उनके सेवा निवृति पर दी गई भाव भीनी विदाई। गुरुवार को पुलिस लाइन समीप स्थित जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं उपहार देकर विदाई दी। जिसमें मो० नसीम आलम, स० शि०, उत्क्रमित म० वि० उर्दू विशनपुर अंचल मंडरो, निर्मल त्रिपाठी, स० शि० उत्क्रमित म० वि० उर्दू छोटी कोदरजन्ना अंचल साहिबगंज, वासुदेव प्रसाद स० शि० म० वि० कांजीगांव अंचल राजमहल इस अवसर पर उपस्थित थे,वही मीना कुमारी स० शिक्षिका म० वि० चानन किसी कारण वश नहीं शामिल हुई। सभी सेवा निवृत शिक्षकों अपने अपने सेवाकाल में बिताए गए पल का अनुभव को जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष के साथ साझा किया। इस विदाई पर अपने संबोधन में जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने कहा एक लंबे कार्यकाल तक विभाग से जुड़े रहकर कार्य करने के बाद एक दूसरे से बिछड़ने का दुख तो होता ही है, लेकिन दूसरे ओर इस बात का सुख भी होता है कि सेवाकाल में रहकर परिवारों के सपने को पूरा करने का जो समय देना चाहिए दे नहीं सके। अब आप बिलकुल भरपूर परिवार को उनके बीच समय देने के लिए स्वतंत्र हैं सरकारी नियमानुसार सेवा निवृत हो रहे है, लेकिन हमारे मन से अलग नहीं हैं। आपसभी का दूसरे पारी का जीवन सुखमय मंगलमय बना रहे। अपनी ओर से शुभकामना एवं अशेष बधाई दी। इस मौके पर तरुण कुमार घाटी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, मो० बेलाल सिद्दीकी,वरीय लिपिक, राजेश कुमार, चंद हांसदा, जय प्रकाश सागर लिपिक सहित कार्यालय के अन्य कर्मी मौजूद थे।

## पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 पर कार्यशाला उत्कृष्ट पंचायतों को मिला सम्मान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** सिद्धू-कान्हू सभागार, साहेबगंज में पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त साहेबगंज ने की। इस अवसर पर जिले के पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 पर आधारित पुस्तक का विधिवत विमोचन किया गया। कार्यशाला में जिले भर से आए विभागीय अधिकारियों को पंचायत उन्नति सूचकांक के उद्देश्यों, मापदंडों एवं कार्यान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिले के उच्च प्रदर्शन करने वाले पंचायतों एवं प्रखंडों को सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी अधिकारियों को आगामी पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 में और बेहतर परिणाम लाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि यह पहल ग्राम पंचायतों की क्षमता, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व में वृद्धि का माध्यम बनेगी। कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीपीएम, मास्टर ट्रेनर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यशाला के माध्यम से सभी उपस्थित प्रतिभागियों ने पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त और जनोन्मुखी बनाने की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया।

## विवाहित महिला के साथ छेड़छाड़ एवं मारपीट मामले में चार आरोपी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड क्षेत्र के उत्तर पलासगाछी नया टोला की एक विवाहित महिला के साथ छेड़छाड़ एवं मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी से पुलिस को दिए आवेदन में पीड़िता रुबी खातून (30) ने बताया है कि बीते बुधवार को शाम करीब 3:30 बजे जब वह अपने घर में काम कर रही थीं, तभी बरकत मोड़ निवासी मनारुल शेख, रेजाउल शेख, रेबिना बीबी और नजर गुणी टोला के वसीम शेख, यासीन शेख, तथा अजहर टोला के एब्राहीम शेख एक साथ मिलकर उनके घर में घुस आए। ये लोग षड्यंत्र के तहत लोहे का रॉड लेकर आए थे और गाली-गलौज करते हुए घर में दाखिल होकर मारपीट किया। जानलेवा हमला किया। आरोपित ने उनके साथ छेड़खानी भी किया। इस मामले को लेकर राधानगर थाना में कांड संख्या 294/25 दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले में संलिप्त चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# प्रेमचंद की कहानियों में अशिक्षा को प्रमुखता से दशार्या गया है : डीडीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** देश के महान साहित्यकार उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर गुरुवार को शहर के पुराने और प्रतिष्ठित अनंत कुमार सरस्वती सदन पुस्तकालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीडीसी सतीश चंद्रा, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, डीईओ डॉ दुगार्नंद झा, आईटीडीए निदेशक, डॉ मोहन पासवान, मॉडल कॉलेज प्राचार्य डॉ रंजीत सिंह सहित अन्य ने विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित करके ओर पुष्पांजलि करके किया। डीडीसी सतीश चंद्रा ने कहा कि प्रेमचंद की कहानियों और उपन्यास में ज्यादातर ग्रामीण चित्रण देखने को मिलता है। प्रेमचंद की कहानियों में अशिक्षा को भी प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया है। शिक्षा उस समय भी महत्वपूर्ण थी ओर आज भी महत्वपूर्ण है। हम केवल जयंती मनाकर अपने आप को गौरवान्वित ना महसूस करें. बल्कि उनके आदर्शों को अपनी जीवन में आत्मसात कर ही हम आगे बढ़ सकते हैं। वही डीईओ डॉ दुगार्नंद झा ने कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है, डिजिटल युग है, इंसान को समय नहीं है। आज के समय में मनुष्य का मन सुख खोजता है। सब अपने आप में हताशा निराशा दौड़ भाग रहा है। विद्यालय में शिक्षक बच्चों को लिखने का आदत बनाए, आज लिखने की प्रवृति खत्म हो गई है। मुंशी प्रेमचंद्र ने अपने लेखनी के माध्यम से चित्रण प्रदर्शन किया है। आज पेपर लेस हो गया है, कविता मृत्यु स्थिति में मनुष्य को जीवित करता है। आज के बच्चे किताब नहीं पढ़ते, सिर्फ यू ट्यूब से ज्ञान लेते है। बच्चे किताब पढ़ें और उसे लिखे फिर बोले। बच्चों को संस्कृत का श्लोक याद कराए, जिससे बच्चों को बोलने सीखने सीखेंगे। वही सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, आईटीडीए निदेशक सहित अन्य ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में शहर के केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, जमुना दास चौधरी बालिका उच्च विद्यालय, रेलवे उच्च विद्यालय, संत जेवियर्स स्कूल अंग्रेजी व हिन्दी मीडियम, संत जोसफ एकेडमी सहित अन्य स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने प्रेमचंद्र की रचनाओं में मजदूर विषय पर अपना अपना वक्तव्य दिया। लाइब्रेरी के बारे में विस्तार से सुरेश निर्मल ने बताया। प्रथम संत जेवियर्स स्कूल आद्रिका मिश्रा, द्वितीय यमुनादास बालिका विद्यालय शिवानी कुमारी, तृतीय संत जोसफ विद्यालय श्रेया उपाध्याय। वही विजेता छात्र छात्राओं को आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया। मंच संचालन भगवती रंजन पांडेय ने की। निर्णायक मंडली में भगवती रंजन पांडे, सुधीर श्रीवास्तव, डॉ कृष्णानंद महावीर थे। मौके पर कार्यक्रम संयोजक संजय शर्मा, डॉ विजय कुमार, गणेश तिवारी, अध्यक्ष प्रदीप कुमार, ललित स्वदेशी, कार्यक्रम संयोजक संजय शर्मा, प्रमोद पांडे, प्रो सुबोध झा, पंडित जगदीश शर्मा सहित अन्य है।

## संक्षिप्त खबरें

### साहिबगंज-गोड्डा पुलिस की संयुक्त बैठक अपराध पर शिकंजा कसने की बनी रणनीति



**साहिबगंज :** अपराध पर लगाम लगाने और फरार अपराधियों की गिरफ्तारी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से साहिबगंज और गोड्डा जिलों की पुलिस ने आपसी समन्वय की एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक का नेतृत्व साहिबगंज पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह और गोड्डा पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में दोनों जिलों के पुलिस पदाधिकारियों ने अपराध नियंत्रण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए यह निर्णय लिया कि वे मिलकर काम करेंगे और अपराध से संबंधित डेटा का आपसी आदान-प्रदान करेंगे। इस पहल के तहत दोनों जिलों की पुलिस टीमें एक-दूसरे का सहयोग करते हुए फरार अपराधियों की गिरफ्तारी में संयुक्त प्रयास करेंगी।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह समन्वय सिर्फ आंकड़ों के आदान-प्रदान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि दोनों जिलों में विशेष संयुक्त ऑपरेशन भी चलाए जाएंगे। इसका उद्देश्य सिर्फ अपराधियों की धरपकड़ नहीं, बल्कि समाज में सुरक्षा का वातावरण बनाना है। यह पहल आने वाले दिनों में साहिबगंज और गोड्डा जिलों को अपराधमुक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकती है।

### तेज रफ्तार हाइवा के चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार घायल




**साहिबगंज :** जिले के मिजाचौकी-साहिबगंज मुख्य पथ पर स्तिथ मुफौजदारी टेंपू स्टैंड के पास तेज रफ्तार हाइवा ने एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दिया है जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दुर्घटना के शिकार हुए व्यक्ति का नाम रुदल मंडल बताया जा रहा है,जो मिजाचौकी थाना क्षेत्र के आमपुर पीरपैंती के निवासी हैं और वह मिजाचौकी बाजार खरीदारी करने के लिए आया था। इसी बीच वापस घर जाने के क्रम में यह घटना घटी है। हालांकि घायल रुदल मंडल को तत्काल इलाज के लिए स्थानीय लोगों के सहयोग से मिजाचौकी उप स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया है। जहां फिलहाल उसका उपचार चिकित्सकों के द्वारा जारी है। मिजाचौकी की पुलिस मौके पर पहुंच कर वाहन को जप्त कर लिया है और इस घटना का छानबीन कर रही है।

### 2 वर्ष की मासूम बच्ची की पानी में डूबने से हुई मौत



**साहिबगंज :** जीरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत अम्बडीहा में गुरुवार को बाढ़ के पानी में एक 2 वर्ष की बच्ची डूब गई, परिजनों ने आनन फानन में बच्ची को बाढ़ के पानी से बाहर निकालकर सदर अस्पताल लेकर आया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया। वही जीरवाबाड़ी थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर जांच करके पोस्टमार्टम कराया। वही जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव को सूचना मिली तो वो तुरंत सिदो कान्हु सभागार में एक कार्यक्रम को छोड़कर सदर अस्पताल पहुंचकर परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। वही डॉक्टरों से मिलकर जल्द से जल्द सारी प्रक्रिया पूर्ण करके बच्ची को सौंपने ओर सीओ से वार्ता करके बच्ची को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा राशि जल्द से जल्द देने का मांग किया। वही सरकार से गंगा की नगरी में एनडीआरएफ की टीम यहां हमेशा के लिए रखने का मांग किया। उपाध्यक्ष ने कहा कि गंगा साहिबगंज में है, हर साल दर्जनों लोग डूबकर मौत के मुंह में समा जाते है, बाढ़ हर वर्ष आती है। फिर भी यहां अब तक एनडीआरएफ नहीं है, गंगा में डूबने ओर समय पर राहत बचाव कार्य नहीं होने के कारण प्रत्येक वर्ष दर्जनों लोगों की जान चली जाती है। वही बच्ची के दादा रामविलास ने बताया कि गंगा का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का पानी घर तक आ गया है। सानवी कुमारी जिसका उम्र 2 वर्ष लगभग है, घर में खेल रही थी, खेलते खेलते कैसे बाढ़ के पानी में सुबह लगभग नौ बजे गिर गई। पोती को निकालकर सदर अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हमलोग के घर की लक्ष्मी हमलोगों को छोड़कर चली गई। वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पिता अपनी बच्ची को गोद में उठाकर फुट फुट कर रो रहा था।

### हाथीगढ़ में विद्युत विभाग की ओर से लगाया गया नया ट्रांसफार्मर



**साहिबगंज :** जिला के तीनपहाड़ क्षेत्र के हाथीगढ़ में विद्युत विभाग के द्वारा नया विधुत ट्रांसफार्मर लगाया गया। वहीं आज के दिनों में घरों की संख्या बढ़ती जा रही है इसके साथ हर लोगो को जरूरत के उपयोग में बिजली की आवश्यकता पड़ रही और हर दिन उपभोक्ताओं के द्वारा नया बिजली का कनेक्सन लिये जा रहे है। जिससे पुराने ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ता जा रहा है। वही बैंक मोड़ में लगा ट्रांसफार्मर से उच्य विद्यालय के तरफ सप्लाई होता है लेकिन लोड ज्यादा होने के कारण रोजाना काफी जंफर और फ्यूज कट जा रहा है जिसको देखते हुए विधुत विभाग के पदाधिकारियों द्वारा तीनपहाड़ हाथीगढ़ में एक नया ट्रांसफार्मर दिया गया जिसको थोकदार के माध्यम से गुरुवार को लगाया गया। साथ ही इस तरफ कॉवर वाला बिजली सप्लाई का तार लगाया जाएगा ताकि आने वाले दिनों में लोगो को सुविधा मिल सके। वही विधुत विभाग के जेई चंदन कुमार ने कहा कि नया ट्रांसफर्मर लगने से उपभोक्ताओं को सुविधा मिलेगी इसके अलावे दूसरे ट्रांसफार्मर का लोड घट जाएगा जिससे जंफर और फ्यूज कटने की समस्या से निजात मिलेगा।

**एक नजर**

### जुबिली कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनी संत तुलसीदास जयंती

**भुरकुंडा** : जुबिली कॉलेज में गुरुवार को संत तुलसीदास की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे और भक्ति काव्य के महान प्रणेता संत तुलसीदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी प्राचार्य प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि संत तुलसीदास ने अपनी कालजयी रचना श्रीराम चरितमानस के माध्यम से भक्ति काव्य को जन-जन तक पहुंचाया और भारतीय संस्कृति को विश्व पटल पर स्थापित किया। उन्होंने कहा कि तुलसीदास जी का जीवन दर्शन ह्लपरहित सरिस धर्म नहीं भाई, पर पीड़ा नहीं अधमाईह्व आज भी प्रासंगिक है। मंच संचालन कर रहे हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. बी. रविदास ने संत तुलसीदास की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें प्रभु श्रीराम के महान भक्त की संज्ञा दी और कहा कि उनकी रचनाएं आज भी लोगों में भक्ति और श्रद्धा की गंगा प्रवाहित करती हैं। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि राम चरितमानस में वर्णित मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का आदर्श आचरण भारत की नैतिकता और सांस्कृतिक विरासत की पहचान बन चुका है। कार्यक्रम को सफल आयोजन में प्रो. बालकृष्ण, प्रो. राजेश कुमार, डॉ. एसपी पांडेय, प्रो. टीके झा, प्रो. सुनील कुमार, डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. एसपी दांगी, डॉ. मिथिलेश कुमार, डॉ. गोपाल विश्वकर्मा, प्रो. मनोज प्रसाद सहित गायत्री, दीपक, सोमनाथ, कृष्णा, नारायण, महावीर, रामेश्वर, सुशील, सनी आदि छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

### विभावि में एलएलएम में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा का हुआ सफल आयोजन



**हजारीबाग** : एलएलएम 2024-26 में नामांकन हेतु पुन: परीक्षा का आयोजन बुधवार को गहन पर्यवेक्षण में सफलता पूर्वक संपन्न किया गया। यह परीक्षा दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक बहुउद्देशीय परीक्षा भवन में संपन्न हुई। ज्ञात हो कि विभावि में एलएलएम की पढ़ाई पिछले दो वर्षों से नामांकन नहीं होने के कारण रुकी पड़ी थी। कुलपति के रूप में दायित्व संभालने के तुरंत बाद प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने इस विषय को गंभीरता से लिया। हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने भी एलएलएम पाठ्यक्रम में नामांकन की आवश्यकता पर कुलपति का ध्यान आकर्षित किया था। कुलपति ने राजभवन से प्राप्त निर्देशों के अध्ययन के उपरांत इस प्रवेश परीक्षा की व्यवस्था की। छात्रों का कोई नुकसान नहीं हो, इसीलिए 2024-26 के लिए नामांकन हेतु परीक्षा ली गई। इस निर्णय से विश्वविद्यालय और महाविद्यालय को हो रही आर्थिक क्षति से भी बचाने का प्रयास किया गया। परीक्षा नियंत्रक डॉ पंकज मांझी ने बताया कि पुन: परीक्षा एक समर्पित समिति की सतर्क निगरानी में आयोजित की गई। इसमे परीक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया गया। सख्त छवि वाले शिक्षक डॉ सुबोध कुमार सिंह ने केंद्र अधीक्षक की जिम्मेवारी संभाली। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सादिक रज्जाक परीक्षा में पर्यवेक्षक के दायित्व का निर्वहन किए। डॉ. जी. के. झा, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. नीरज डांग और विवेक कुमार तिवारी ने परीक्षा हॉल के भीतर वीक्षण का दायित्व को संभाला। प्रशांत कुमार परीक्षा के लिए नामित स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में उपस्थित थे।

# रामगढ़ उपायुक्त ने चितरपुर का किया दौरा सुकरीगढ़ा ज्वेलरी क्लस्टर का लिया जायजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने गुरुवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने चितरपुर प्रखंड अंतर्गत गोल्ड एंड सिल्वर ज्वेलरी क्लस्टर सुकरीगढ़ा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने गोल्ड एंड सिल्वर ज्वेलरी क्लस्टर सुकरीगढ़ा अंतर्गत कॉमन फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त ने कॉमन फैसिलिटी सेंटर के माध्यम से कारीगरों को मिलने वाले लाभ की जानकारी ली गयी। इस दौरान क्लस्टर डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव भूषण कुमार दांगी द्वारा उपायुक्त को बताया गया कि कॉमन फैसिलिटी सेंटर में कारीगरों के उपयोग हेतु कई उपकरण लगाए गए हैं। उपायुक्त ने कॉमन फैसिलिटी सेंटर में लगाए गए उपकरणों का जायजा लिया एवं सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करते हुए जल्द से जल्द कॉमन फैसिलिटी सेंटर का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया। कॉमन फैसिलिटी सेंटर के उपरांत उपायुक्त ने सुकरीगढ़ा क्षेत्र में गोल्ड एवं सिल्वर ज्वेलरी निर्माण कार्य से जुड़े कारीगरों के घरों का भी निरीक्षण किया एवं उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त ने कारीगरों की समस्याओं को सुना एवं उनके समाधान हेतु आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने सभी कारीगरों को उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों में किसी प्रकार की समस्या होने पर इससे जिला प्रशासन को अवगत कराने का निर्देश दिया। इस दौरान अंचल अधिकारी चितरपुर दीपक मिंज, ईओडीबी मैनेजर अंशुमन सिंह, निदेशक गोल्ड एवं सिल्वर ज्वेलरी क्लस्टर अयोध्या प्रसाद वर्मा, भोला कुमार वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## लि ओरिजिन गार्डन प्ले स्कूल में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : प्रखंड के करियातपुर स्थित लक्ष्मी मंदिर के बगल संचालित लि ओरिजिन किड्स गार्डन प्ले में बुधवार को शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया।बैठक में विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों के अभिभावकों ने मिलकर शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए बच्चों की पढ़ाई और समग्र विकास की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया तथा उस पर तैयारी की गई।मौके पर विद्यालय के निदेशक राहुल कुमार ने शिक्षकों और अभिभावकों को अध्ययन कार्य योजना और विद्यालय की शैक्षिक दिशा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के बौद्धिक, सामाजिक और रचनात्मक विकास को प्राथमिकता देते हुए शैक्षिक कार्यक्रम तैयार किया गया है। बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। एक अभिभावक ने कहा, ₹इस प्रकार की बैठक से हमें बच्चों की पढ़ाई की प्रक्रिया को समझने और विद्यालय के साथ समन्वय स्थापित करने में मदद मिलती है। यहाँ की पढ़ाई का तरीका बहुत ही सराहनीय है। अभिभावकों ने यह भी बताया कि लि ओरिजिन किड्स गार्डन में बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए आवश्यक सभी सुविधाएँ उपलब्ध हैं और स्कूल की फीस भी किफायती है, जिससे हर वर्ग के अभिभावक अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकते हैं। मौके पर पूजा कुमारी, अंकिता सिंह, निकिता कुमारी, शिवानी कुमारी व अभिभावक मेंअभिमन्यु कुमार, मुन्ना कुमार करीम अख़्तर, लव देवी, हैदर समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

## वाहन जांच से पहले गांवों में जागरूकता जरूरी : पूर्णिमा देवी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण** : थाना क्षेत्र में पिछले दो दिनों से चल रहे सघन वाहन जांच अभियान को लेकर प्रखंड प्रमुख पूर्णिमा देवी ने जहां थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश की सराहना की, वहीं ग्रामीणों की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। प्रमुख पूर्णिमा देवी ने स्पष्ट शब्दों में कहा, गांव के लोग भोले-भाले होते हैं। कितनों तक तो आपका संदेश भी नहीं पहुंच पाता है। कई लोगों को यह तक नहीं मालूम कि वाहन जांच अभियान क्यों चल रहा है। अचानक कागजात या हेलमेट की मांग करने पर वे असहज हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि चौपारण प्रखंड का अधिकांश हिस्सा ग्रामीण परिवेश वाला है, जहां तकनीकी और संचार सुविधाओं का अभाव है। कई इलाकों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या बनी रहती है, वहीं अधिकांश ग्रामीणों के पास न तो एंड्रॉयड फोन हैं और न ही सोशल मीडिया तक पहुंच। ऐसे में पुलिस या प्रशासन द्वारा साझा की गई जानकारी बहुत से लोगों तक नहीं पहुंच पाती। पूर्णिमा देवी ने थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश से आग्रह किया कि वाहन जांच अभियान शुरू करने से पहले गांवों में जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि अगर लोगों को पहले से नियमों और प्रक्रियाओं की जानकारी होगी, तो वे सहजता से सहयोग करेंगे और परेशानी से भी बचेंगे। प्रमुख ने यह भी सुझाव दिया कि अभियान के शुरूआती चरणों में पुलिस को नरमी बरतनी चाहिए और लोगों को समझाकर छोड़ना चाहिए, ताकि कोई भी अनजाने में कार्रवाई का शिकार न हो। उन्होंने कहा कि इस तरह के कदमों से प्रशासन और आम लोगों के बीच विश्वास बढ़ेगा। पूर्णिमा देवी ने यह भी स्पष्ट किया कि वह कानून-व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की पूरी तरह पक्षधर हैं, लेकिन प्रशासन को ग्रामीण संवेदनशीलता को भी समझना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश उनके सुझावों पर विचार करेंगे और आगे के अभियानों को जनोन्मुखी व प्रभावशाली बनाएंगे।

## अदाणी फाउंडेशन कोचिंग सेंटर की बड़ी सफलता आठ अभ्यर्थियों ने पास की अग्निवीर परीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : गोंदुलपारा खनन परियोजना के अंतर्गत अदाणी फाउंडेशन की ओर से संचालित कोचिंग सेंटर ने एक बार फिर उत्कृष्टता का परिचय दिया है। यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 13 अभ्यर्थियों में से आठ ने अग्निवीर की लिखित परीक्षा पास की है। इन सफल अभ्यर्थियों में रोशनी कुमारी एकमात्र महिला उम्मीदवार हैं, जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र की बेटियों के लिए मिसाल कायम की है। इस सफलता के उपलक्ष्य में अदाणी फाउंडेशन ने सभी सफल अभ्यर्थियों को टी-शर्ट और वॉटर बॉटल भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही, कोचिंग सेंटर के प्रशिक्षकों और मार्गदर्शकों का भी विशेष आभार जताया गया, जिनकी मेहनत और लगन से यह परिणाम संभव हो पाया। अब ये अभ्यर्थी आगामी शारीरिक दक्षता परीक्षा और चिकित्सीय परीक्षण की तैयारी में जुट गए हैं। इसके लिए एक ट्रायल सेशन का भी आयोजन हजारीबाग में जारी है, जहां फिजिकल ट्रेनर इन्हें विशेष मार्गदर्शन दे रहे हैं। जिन अभ्यर्थियों ने इस अग्निवीर की लिखित परीक्षा पास की है उनमें सुशांत शरम, सन्नी कुमार यादव, राजदीप कुमार, भानु सिंह राजपूत, सत्यम कुमार, ऋषभ कुमार और रोशनी कुमारी शामिल हैं। कोचिंग सेंटर में अभ्यर्थियों को निशुल्क किताबें और नाश्ता, मॉक टेस्ट भी अदाणी फॉउंडेशन के इस कोचिंग सेंटर में अभ्यर्थियों को निशुल्क किताबें और नाश्ता दिया जाता है। इसके अलावा यहां तीन शिक्षकों की नियुक्ति अदाणी फॉउंडेशन की ओर से की गई है। अभ्यर्थियों का निशुल्क मॉक टेस्ट संचालित कराया जाता है, जिससे उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ा है। इन्हें फिजिकल ट्रेनिंग के लिए ड्रेस भी प्रदान किए गए हैं, जिनमें ट्रैकशूट और जूता आदि शामिल हैं। गोंदुलपारा खनन परियोजना के अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र में अदाणी फाउंडेशन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और आजीविका के क्षेत्र में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हाल ही में, नेत्र जांच शिविर का आयोजन चंदौल और बड़कागांव के विद्यालयों में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के आंखों की जांच की गई। इसके अलावा, हाल ही में किसानों के बीच खाद-बीज का भी वितरण किया गया था। गोद लिए हुए टीबी मरीजों को भी लगातार पोषण किट आहार का वितरण किया जा रहा है।

## नो एंट्री का खुलेआम उल्लंघन, बड़कागांव में जाम की समस्या गंभीर : बालेश्वर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : बड़कागांव मुख्य चौक में भारी हाईवे जैसे गाड़ी शाम 7:00 बजे आवागमन अधिक होने के कारण दो-दो मिनट में गाड़ी बड़कागांव मुख्य चौक में जाम लगता रहता है। इसका मुख्य कारण है हाईवे चालक के द्वारा नो एंट्री का उल्लंघन किया जा रहा है इस स्थिति में भाजपा वरिष्ठ नेता डॉक्टर बालेश्वर मेहता ने कहा सुबह 6:00 से रात्रि 9:00 तक नो एंट्री का प्रावधान अखबारों के माध्यम से देखने को मिला था। लेकिन उसका खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। जिस पर प्रशासन का कोई निगरानी नहीं है। बार-बार रोड जाम होने के कारण आने जाने वाले ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# बड़कागांव थाना परिसर में आखिरी सोमवारी को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड में सावन माह की आखिरी सोमवारी शांतिपूर्वक सभी शिवालयों में पूजा करने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की अहम बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल एवं संचालन चेपाकला पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सह संसद विधानसभा प्रतिनिधि कृष्ण राम ने की ।बैठक में प्रशासन के द्वारा लोगों से कहा गया कि सभी जाति धर्म के लोग एक दूसरे का सम्मान करें पूजा पाठ त्योहार में खलल पैदा करने का प्रयास नहीं करें। अन्यथा बड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में ग्रामीणों ने अपने-अपनी बातों को प्रमुखता के साथ रखा और प्रशासन से सहयोग करने की मांग की है। ताकि शांतिपूर्वक कांवरिया पूजा अर्चना कर सकें। वही एसडीपीओ पवन कुमार ने लोगों से कहा कि एक दूसरे का सम्मान करें किसी के त्यौहार को आहत नहीं पहुंचे इसका विशेष ध्यान रखे। अफवाहों पर ध्यान नहीं देंगे सोशल मीडिया पर भड़काऊ मैसेज डालने वाले पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। बैठक में शामिल लोगों में मुख्य रूप से शांति समिति के बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, एसडीपीओ पवन कुमार, बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, थाना प्रभारी ने मधारी रजक,एस आई वरुण कुमार, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख वचनदेव कुमार, विश्व सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, सांसद प्रतिनिधि कृष्णा राम, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, पंसस उपेंद्र कुमार प्रसाद, मुखिया मो तकरीमुल्लाह, पूर्व मुखिया भीखन महतो, सहेश कुमार, विकास कुमार, दामोदर प्रसाद मेहता, सुरेश महतो, बालेश्वर महतो, झमन प्रसाद, जयशंकर महतो, हुलास प्रसाद दांगी, विकास कुमार ,सहेस कुमार, उदय मेहता, कामेश्वर महतो, जानिसार आलम, मोहम्मद सहूद, किशन राणा के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबरें**

### कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रामगढ़** : गुरुवार को रामगढ़ जिलान्तर्गत कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय, गोला में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत डिजिटल साक्षरता एवं साइबर क्राइम से संबंधित विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्राचार्य कस्तुरबा गाँधी विद्यालय एवं उपस्थित अतिथियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शांति बागे, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, रामगढ़ ने छात्राओं को साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा से बचने के उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी दी। रणजीत कुमार, विधि सह परिवीक्षा पदाधिकारी द्वारा बतलाया गया कि डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे है और सर्तक रहने की आवश्यकता है साथ ही छात्राओं को कानुनी अधिकार टोल फ्री न० 1098, 181,1930 के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में सोशल मिडिया पर सर्तकता, ओ०टी०पी० साझा नहीं करना अनजान लींक पर क्लीक न करना जैसी महत्वपूर्ण बातो पर जानकारी दी गयी। उक्त कार्यक्रम में छात्राओं को साइबर सुरक्षा से संबंधित हैंड बील का वितरण एवं इस संबंध में शपथ भी दिलवाया गया। कार्यक्रम में चाइल्ड राइट राजनन्दनी, विधि सह परिवीक्षा पदाधिकारी, रणजीत कुमार, महिला पर्यवेक्षिका उषा प्रसाद, बाल संरक्षण के आंकड़ा विश्लेषक सोबन कुमार, कस्तुरबा गाँधी की प्राचार्या रीना चौधरी साथ ही विद्यालय के शिक्षक गण उपस्थित थे।

### मनोविज्ञान विभाग में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रामगढ़** : राधा गोविंद विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में नेशनल माइनॉरिटी मेंटल हेल्थ अवेयरनेस के उपलक्ष्य पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के मध्य अल्पसंखक समुदाय के मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करना तथा मानसिक स्वास्थय से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों और कलंक को कम करना था। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उन्होंने कहा कि एक शिक्षक का दायित्व केवल ज्ञान देना नहीं है, बल्कि छात्रों की मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक भलाई को भी समझना है। विशेष रूप से उन छात्रों के लिए जो हाशिए पर खडे, समुदायों से आते हैं, अत: हमे एक संवेदनशील और समावेशी शैक्षणिक वातावरण बनाना होगा। सचिव प्रियंका कुमारी ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे इस जागरूपता कार्यक्रम से प्रेरणा लें तथा अल्पसंख्यक समुदाय के स्वास्थ्य को उन्नत बनाने में मानसिक स्वास्थ्य की उन्नत बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डा० भारती कुमारी ने की जबकि मंच संचालन सहायक प्राध्यापक विक्रम कुमार द्वारा किया गया। डॉ भारती कुमारी ने अपने ' वक्तव्य में कहा, ₹ मानसिक स्वास्थ्य सिर्फ चिकित्सा का विषय नहीं है, बल्कि सामाजिक समानता और मानव गरिमा का प्रश्न है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंधक समिति के सदस्य अजय कुमार, विभिन्न विभागों के शिक्षकगण, शोधार्थी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### श्री अग्रसेन स्कूल में मनी तुलसीदास व प्रेमचंद जयंती




**भुरकुंडा** : श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गुरुवार को गोस्वामी तुलसीदास और साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर हिंदी विभाग की देखरेख में विद्यार्थियों ने दोहा एवं काव्य पाठ, भाषण, स्लोगन राइटिंग आदि गतिविधियों में भाग लिया। शिक्षिका दीपिका तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में विशेष स्थान रखता है। तुलसीदास जी ने रामचरितमानस की रचना की। पहले के ग्रंथ देव वाणी संस्कृत में होने के कारण जनसाधारण में इतने प्रचलित नहीं हो सके थे। गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस के माध्यम से समाज में नई चेतना का जागरण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कई दोहे की प्रस्तुति की। वहीं प्रेमचंद जयंती मनाते हुए प्रेमचंद के जीवन पर चर्चा की गई। शिक्षिका नीलू श्रीवास्तव ने कहा कि प्रेमचंद की कहानियां हमें ग्रामीण भारत का दर्शन कराती हैं। साहित्य समाज का दर्पण होता है। इसे संभाल कर रखना हम सबका दायित्व है। प्रेमचंद की रचनाएं हमें यह सिखाती है कि सच्चाई, ईमानदारी और मानवीयता से भरा जीवन ही वास्तव में सार्थक जीवन होता है। इस अवसर पर मनोहर पांडेय व अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष राजेश सिन्हा की रिहाई पर भाजपा नेताओं ने जताई खुशी

**भुरकुंडा** : हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष एवं हिंदूवादी नेता राजेश सिन्हा की जेल से रिहाई के बाद भाजपा नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मुलाकात करने भुरकुंडा पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भाजपा जिला महामंत्री विजय जायसवाल ने किया। यह मुलाकात हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता के निर्देश पर हुई। नेताओं ने राजेश सिन्हा को रिहाई की शुभकामनाएं दीं और आश्वासन दिया कि हर परिस्थिति में भाजपा का पूरा परिवार उनके साथ खड़ा रहेगा। साथ ही, उनके अच्छे स्वास्थ्य और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी की कामना की गई। इस दौरान लोगों ने राजेश सिन्हा को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। साथ ही अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा रामगढ़ जिला मंत्री एवं कैंट क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि अनमोल सिंह, भाजयुमो नेता कुश श्रीवास्तव, आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, योगेश दांगी, रोबिन कुमार, राकेश जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा, जयश्री मेहता, प्रमोद राम, मनोज सिन्हा सहित कई लोग उपस्थित थे।



# हाई ब्लड शुगर होने पर शरीर के इन अंगों पर पड़ सकता है बुरा असर

डायबिटीज के मामलों में तेजी देखी जा रही है। भारत में डायबिटीज के आंकड़े चिंताजनक है। जी हां, करीब 77 करोड़ लोग इस बीमारी की चपेट में है। वहीं अनुमान जताया जा रहा है कि साल 2045 तक यह संख्या बढ़कर 134करोड़ तक पहुंच जाएगी। अचानक से शरीर में ब्लड के रक्तस्त्राव के बढ़ जाने को हाइपरग्लेसेमिया कहा जाता है। इससे शरीर के कई अंगों को क्षति पहुंचती है।

## आंखों की समस्या

डायबिटीज होने के बाद एक अच्छी लाइफस्टाइल से ही अच्छे से लॉन्ग लाइफ जी सकते हैं। ब्लड शुगर असामान्य रूप से बढ़ने से आंखों पर प्रभाव पड़ता है। इससे धुंधलापन होना, मोतियाबिंद होना, ग्लूकोमा जैसी समस्या घेरने लगती है। इसके लिए पौष्टिक आहार बहुत जरूरी है।

## घाव के ठीक होने में वक्त लगना

दरअसल, हाइपरग्लेसेमिया की वजह से घाव ठीक होने में वक्त लगता है। कई बार महीने भी लग जाते हैं। इतना ही नहीं घाव अगर ठीक नहीं होता है तो कई बार इंफेक्शन नहीं फैले इसलिए अंग को ही निकालना पड़ता है। जिसका कारण होता है रोग प्रतिरोधक क्षमता का कम होना।

## संक्रमण का खतरा

रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण संक्रमण का खतरा अधिक होता है। डायबिटीज मरीज को यूरिन के संक्रमण का खतरा बहुत अधिक होता है। इसका प्रभाव किडनी पर भी पड़ता है।

## पैरों की समस्या

मधुमेह होने के कारण पैर अधिक दर्द करते हैं। कई बार असहनीय दर्द रहता है। पैरों में घाव हो जाना, उंगलियों का कालापन होना।
शुगर कंट्रोल नहीं होने पर पूरे पैर में भी समस्या हो सकती है। इसलिए बेहतर है मीठा जरा भी नहीं खाएं और शुगर फ्री चीजों का ही सेवन करें।



# आहार में शामिल करें ये नॉन डेयरी कैल्शियम रिच फूड नहीं होगी कैल्शियम की कमी

शरीर में कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए दूध और दूध से बने उत्पादों का सेवन बहुत जरूरी होता है। लेकिन यदि आपको दूध पीना पसंद नहीं है या आपको दूध से एलर्जी है तब आप क्या करेंगी? नहीं आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। प्रकृति ने हमें ऐसे बहुत से खाद्य पदार्थ दिए हैं, जिनमें उच्च मात्रा में कैल्शियम होता है। इसलिए आज बात करते हैं उन फूड्स की जो दूध के बिना भी आपके शरीर में कैल्शियम की कमी नहीं होने देंगे।

## क्यों जरूरी है कैल्शियम

हमारे शरीर में हड्डियों के विकास के लिए कैल्शियम बेहद आवश्यक है। यह हड्डियों के साथ ही मांसपेशियों, कोशिकाओं और हृदय व नसों के सुचारू रूप से काम करने के लिए भी बहुत जरूरी है। हमारे शरीर में कैल्शियम की मात्रा सबसे अधिक पायी जाती है। इनमें से लगभग 98% हिस्सा हमारे दांतो और हमारे शरीर की हड्डियों में प्रयोग होता है। जबकि इसका 1% रक्त और मांसपेशियों में प्रयोग होता है। इसलिए कैल्शियम सभी के लिए आवश्यक है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक कैल्शियम की जरूरत होती है। इसी वजह से कैल्शियम की आपूर्ति के लिए दूध और दूध से बने पदार्थों का सेवन किया जाता है। मगर यदि आपको दूध से एलर्जी है या आपको दूध पीना पसंद नहीं है, तो आपको नॉन डेयरी प्रोडक्ट से यह जरूरत पूरी करनी होगी।

## हरी सब्जियां

गहरे रंग वाली सब्जियां जैसे बथुआ, पालक, चौलाई, मेथी आदि में आयरन और फोलेट के साथ-साथ कैल्शियम की भी अच्छी मात्रा होती है। आप इन्हें अपनी डाइट में शामिल कर कैल्शियम की प्राप्ति कर सकती हैं।

## बादाम और अंजीर

बादाम को पावर बैंक कहा जाता है, क्योंकि इसमें सभी आवश्यक आयरन और विटामिन होते हैं। यह कैल्शियम में भी काफी समृद्ध होता है। इसी के साथ-साथ अंजीर में भी आयरन और कैल्शियम की समृद्ध मात्रा होती है। नाश्ते, लंच या हल्की स्नैकिंग के रूप में आप बादाम और अंजीर का एक साथ सेवन कर सकती हैं।

## डाइट में शामिल करें सोया

यदि आप अपनी डाइट में सोया या उससे बने फूड्स जैसे टोफू का प्रयोग करती हैं तो आपको लगभग 220 मिलीग्राम से 250 मिलीग्राम कैल्शियम की आपूर्ति होती है। जो आपकी दैनिक जरूरत के बराबर है।

## भुने हुए तिल

यदि आप कैल्शियम रिच नॉन डेरी प्रोडक्ट की तलाश में हैं, तो भुने हुए तिल आपके लिए सबसे अच्छा विकल्प है। एक्सपर्ट के मुताबिक लगभग 25 ग्राम तिल आपको 270 मिलीग्राम कैल्शियम, दैनिक जरूरत के बराबर आपूर्ति करता है।

## मछली भी है कैल्शियम रिच

सार्डिन या साल्मन यह दो बेहतरीन मछलियां हैं। जिनसे दैनिक जरूरत की कैल्शियम की आपूर्ति होती है। यह दोनों ही कैल्शियम, ओमेगा 3 फैटी एसिड और प्रोटीन के बेहतरीन स्रोत हैं। आपको इनको बस जरूरत के मुताबिक ही खाना है। यानी कि हफ्ते में लगभग दो टुकड़े।

## साबुत अनाज एवं दालें

आप अपनी डाइट में ऐसे कुछ अनाज या दालों का प्रयोग कर सकती हैं, जो कैल्शियम का बेहतरीन स्रोत हैं। जैसे कि मोठ, राजमा, कुलथी, बाजरा, चना, सोयाबीन, रागी आदि।



# आयुर्वेद ने भी माना खाली पेट इन चीजों का सेवन करने से घटता है मोटापा

वजन घटाने के लिए लोग न जानें कितनी प्रकार की डायट फॉलो करते हैं। लेकिन अपने आपको भूखा रखकर लंबे समय तक बिना सोचे-समझे किसी भी प्रकार की डायट का पालन करना मुश्किल हो जाता है। वजन घटाना कोई आसान काम नहीं है। शरीर की एक्सट्रा चर्बी को निकालने के लिए नियमित व्यायाम के साथ कैलोरीज भी बर्न करनी पड़ती हैं। इसके लिए आयुर्वेद के पास ऐसे कई तरीके हैं, जिससे शरीर की गंदगी बाहर निकलेगी और आपको वजन कम करने में आसानी होगी। ये तरीके बेहद आसान हैं, लेकिन आपको इन्हें अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाना होगा। आइए जानते हैं क्या हैं वो तरीके जिसे मोटापा घटाने के लिए आयुर्वेद में अहम माना गया है.

## गर्म पानी के साथ घी और नींबू

200 मिलीलीटर पानी के साथ थोड़ा सा नींबू या घी का सेवन करने से पेरिस्टलसिस में सुधार होता है, जो कि वेस्ट और खाने की गति को नीचे की ओर ढकेलता है। यदि आपका शरीर वात या पित्त प्रकार का है, तो आप इससे आपका पाचन तंत्र चिकना होगा जिससे कब्ज की समस्या दूर होगी।

## डायजेस्टिव चाय

आजकल, बाजार में आयुर्वेदिक चाय की ढेर सारी वैराइटीज उपलब्ध हैं। लेकिन अच्छा होगा कि आप घर पर अपनी चाय खुद ही बना लें। इसके लिए 1 चम्मच जीरा, 1 चम्मच सौंफ, 1 चम्मच धनिया के बीज, 1 इलायची और थोड़ी सी अजवाइन को लेकर 500 मिलीलीटर पानी में तब तक उबालें, जब तक पानी की मात्रा आधी न हो जाए। इस चाय को खाली पेट पीने से अपच, ब्लोटिंग और वजन कम करने में मदद मिलेगी।
अपने मेटाबोलिज्म को तेज बनाने के लिए आप दालचीनी, इलायची, लौंग, कद्दूकस की हुई अदरक, काली मिर्च, हल्दी और स्टार ऐनीज को 500 मिली पानी में उबालें। यह पानी आधा हो जाए तब इसमें आधा नींबू और कोकोनट शुगर मिलाएं। चाय शरीर की गर्मी बढ़ाकर चयापचय में सुधार करके वजन कम करने में मदद करेगी।

## कच्चे फल

सुबह खाली पेट हर्बल चाय पीने के बाद, कच्चे फलों का सेवन करें जो प्रकृति में थोड़े से कसैले हो सकते हैं। ग्रीन और रेड एपल, क्रैनबेरी, ब्लूबेरी, चेरी, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, अनानास, आंवला और अनार जैसे फलों को ही चुनें। यह फल शरीर में वॉटर रिटेंशन को कम करते हैं और आपकी त्वचा में कोलेजन को बढ़ाते हैं, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

## सिलेरी जूस

तनाव से बचने के लिए आयुर्वेद कच्चे फल और पकी या उबली हुई सब्जियां खाने की सलाह देता है। ऐसी स्मूदी लेने से बचें जिसमें फल, सब्जियां, दूध और दही का मिश्रण शामिल हो। यह शरीर में विषाक्त पदार्थों के संचय का कारण बन सकता है। बल्कि पेट की ब्लोटिंग और अतिरिक्त चर्बी को कम करने के लिए एक चुटकी सेंधा नमक और नारियल तेल के साथ सिलेरी का जूस लें।

## वजन घटाने के बुनियादी नियम

- जब आपको भूख लगे तब ही खाएं।
- सूर्यास्त के बाद न खाएं।
- इंटरमिटेंट फास्टिंग करें जिसमें 16 घंटे के तक कुछ भी न खाएं। इससे आपकी ऊर्जा तो बढ़ती है साथ में दिमाग पर कंट्रोल रहता है।
- कच्चे फल खाने के बाद पका हुआ भोजन करें।
- आपका पेट केवल आपकी मुट्ठी के आकार का है। अपनी भूख से 80 प्रतिशत भोजन कम खाएं, ताकि खाना पचाने वाले रस अपना काम आसानी से कर सकें।



# डायबिटीज कंट्रोल करने के लिए डाइट में शामिल करें अनार के फूल

**खून बढ़ाने से लेकर ग्लोइंग स्किन पाने के लिए अनार खाने के फायदों के बारे में आपने सुना ही होगा। लेकिन क्या आपने अनार के फूल के फायदों के बारे में सुना है। प्राकृति ने मनुष्य को बहुत कुछ दिया है, जो स्वस्थ रहने और किसी बीमारी से लड़ने के लिए काफी है। ऐसा ही एक प्राकृति का तोहफा है अनार का फूल। आइए जानते हैं अनार के फूल के फायदों के बारे में।**

- शुगर की परेशानी इन दिनों आम हो गई है। दुनियाभर में कई लोग इस जानलेवा बीमारी से जूझ रहे हैं। हालांकि इसे कंट्रोल करने के कई तरीके हैं, लेकिन बावजूद इसके इसे ठीक नहीं किया जा सकता। ऐसे में एक स्वस्थ जीवन शैली पर स्विच करना महत्तवपूर्ण है। शुगर के मरीजों को कम चीनी और फाईड चीजों को अवॉइड करना चाहिए। ऐसे में डाइट में अनार के फूल शामिल करना अच्छा हो सकता है। हेल्थ रिपोर्ट्स के मुताबिक अनार के फूल में फोटोकेमिकल होता है, जो शुगर के मरीजों के लिए अच्छा होता है।
- बेदाग स्किन और स्वस्थ चमक इन दिनों खो सी गई है। पर्यावरण प्रदूषण और गलती जीवनशैली के चलते ऐसी त्वचा पाना बेहद ही मुश्किल हो गया है। वहीं बीजी रूटीन में नियमित त्वचा की देखभाल करना भी मुश्किल होता है। ऐसे में आप अनार के फूल पर विश्वास कर सकते हैं, इसकी मदद से झुर्रियों और समय से पहले बूढ़ा होने से बचा जा सकता है।
- कोरोना काल में हर किसी ने एक चीज अच्छे से सिखी है और वो है स्वस्थ्य रहना। लोग इन दिनों स्वस्थ और इम्यूनिटी को बढ़ावा देने वाली हर एक चीज का पूर्ण रूप से ख्याल रख रहे हैं। ऐसे में अनार के फूल भी स्वस्थ रहने में आपकी मदद कर सकते हैं। इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। जो बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने में मदद करते हैं।
- अनार के फूल को डाइट में शामिल करने से अपने कार्डियोवस्कुलर हेल्थ का ख्याल रख सकते हैं। शरीर में सबसे महत्तवपूर्ण अंगों में से एक होता है हृदय, जो पूरे शरीर में ब्लड पंप करता है। इससे न केवल ऑक्सीजन बल्कि शरीर के विभिन्न कार्यों को करने के लिए पोष्क तत्व भी पहुंचाता है। अगर दिल की सेहत का ध्यान न रखा जाए तो आप आलसी, सुस्त और लो एनर्जी महसूस करेंगे।
- अनार का फूल में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आपके इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने के साथ शरीर में जमा फैट को खत्म कर आपको हेल्दी रखता है। हालांकि अच्छे परिणाम के लिए आपको कसरत करनी होगी।

## कैसे करें अनार के फूल का इस्तेमाल

आप अनार के फूलों के सपलीमेंट ले सकते हैं, या फिर अगर आपको अनार के फूल मिल जाते हैं तो आप इसकी चाय बनाकर पी सकते हैं। हालांकि किसी भी तरह की जलन महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।




# दूध, दही, पनीर के सेवन से कम होता है डायबिटीज और हाई बीपी का खतरा

**वैज्ञानिकों के अनुसार दही, दूध या पनीर का रोजाना सेवन डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा कम करता है। हाल ही में एक शोध ने डेयरी रिच डाइट (यानी दही, दूध या पनीर युक्त खाद्य पदार्थ) को रक्त शर्करा के स्तर, ब्लड प्रेशर में सुधार और हृदय रोग संबंधी जोखिमों को कम करने से जोड़ा गया। शोध के मुताबिक, रोजाना इन डेयरी उत्पादों का दो बार सेवन इन बीमारियों से राहत दिलाने में फायदा करता है।**

इस अध्ययन को डायबिटीज रिसर्च जर्नल में प्रकाशित किया गया। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य पर डेयरी उत्पादों के प्रभाव का विश्लेषण करना था। उन्होंने भारत सहित दुनियाभर के 21 देशों के 35 से 70 वर्ष के लोगों में डेयरी रिच डाइट के प्रभाव का गहराई से अध्ययन किया। इस शो में डेयरी उत्पादों जैसे दूध, दही, दही से बने पेय, पनीर से बनी डिशेज शामिल थीं। इन्हें फुल या लो फैट के रूप में बांटा गया था। बटर और क्रीम का अलग से मूल्यांकन किया गया था, क्योंकि वे आमतौर पर उन देशों में नहीं खाए जाते थे जो अध्ययन का हिस्सा थे।
मेटाबॉलिक सिंड्रोम के पांच घटकों पर डेयरी उत्पादों के प्रभाव का अध्ययन किया गया था। यह अध्ययन लगभग 1,13,000 लोगों में किया गया। मेटाबॉलिक सिंड्रोम एक तरह से समस्याओं का झुंड होता है। मुख्य रूप से इसमें ब्लड प्रेशर बढ़ना, ब्लड शुगर बढ़ जाना, कमर के आसपास चर्बी बढ़ जाना और कोलेस्ट्रॉल व ट्राइग्लिसराइड का स्तर असामान्य हो जाना जैसी समस्याएं शामिल होती हैं। मेटाबॉलिक सिंड्रोम में ये समस्याएं एक साथ होती हैं जिससे स्ट्रोक, डायबिटीज व हृदय संबंधी बीमारियां होने का जोखिम बढ़ जाता है।
शोधकर्ताओं ने हाई ब्लड प्रेशर, बढ़ी हुई कमर, गुड कोलेस्ट्रॉल का निम्न स्तर, हाई ब्लड फैट्स और बढ़े हुए फास्टिंग ब्लड ग्लूकोज की 12 महीनों की स्थिति को ट्रैक किया। अध्ययन से पहले लगभग 46,667 लोगों को मेटाबॉलिक सिंड्रोम था, यानी उनमें पांच में से कम से कम तीन स्थितियां थीं। शोधकर्ताओं ने पाया कि फुल फैट वाले डेयरी का सेवन करने से मेटाबॉलिक सिंड्रोम का जोखिम कम था। इससे पता चलता है कि डेयरी प्रोडक्ट शरीर की कार्यप्रणाली में कैसे सुधार करते हैं। शोध में कहा गया है कि यदि इन निष्कर्षों के आधार पर बड़े और दीर्घकालिक परीक्षणों में पुष्टि की जाती है, तो बढ़ती डेयरी खपत मेटाबॉलिक सिंड्रोम, डायबिटीज और हृदय रोग के मामलों को कम करने के लिए बड़े काम की हो सकती है।
डेयरी उत्पादों में स्वास्थ्य लाभ में हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों की मजबूती, पाचन में सुधार, वजन घटाना आदि शामिल हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक डेयरी उत्पाद प्रोटीन और कैल्शियम के बड़े स्रोत हैं। इसके अलावा यह उत्पाद विटामिन और मिनरल्स के भी बड़े संयोजक होते हैं। डेयरी उत्पाद मुख्य रूप से पशुओं के दूध से निर्मित खाद्य या पेय पदार्थ होते हैं। मुख्य रूप से जिन पशुओं के दूध का प्रयोग इन उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है उनमें गाय, भैंस, बकरी, भेड, याक और ऊंट शामिल हैं।

# हेल्दी डाइट के लिए खाइए ब्राउन राइस

**जो लोग हेल्दी डाइट और व वजन कम करने में दिलचस्पी रखते हैं और चावल से परहेज करते हैं, उनके लिए ब्राउन राइस एक बेहतरीन विकल्प है। कैलोरी कम होने के साथ-साथ इसके और भी कुछ फायदे हैं। जानिए इसके 5 फायदे.**



## कोलेस्ट्रॉल

ब्राउन राइस खाने का सबसे बड़ा फायदा यही है कि यह कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और अनचाहे फैट को शरीर के आंतरिक भागों में जमने से रोकता है।

## डाइबिटीज

सामान्यत: चावल में शर्करा की मात्रा अधिक होती है, जिसके कारण डाइबिटीज के रोगी इससे दूरी बनाए रखते हैं। लेकिन ब्राउन राइस के सेवन से रक्त में शर्करा का स्तर नहीं बढ़ता। इसलिए यह आपके लिए बेहतर विकल्प है।

## हृदय रोग

हार्टअटैक या हृदय के अन्य रोग, ज्यादातर हृदय की धमनियों में कोलेस्ट्रॉल के जमाव के कारण होते हैं। ऐसे में ब्राउन राइस का सेवन इससे बचाकर आपके हृदय की भी रक्षा करता है।

## हड्डियां

मैग्नीशियम व कैल्शयिम से भरपूर होने के कारण ब्राउन राइस, हड्डियों को मजबूत करने के लिए बेहद फायदेमंद है। सफेछ चावल की अपेक्षा यह सेहत के कई फायदे देता है।

## वजन कम

वजन कम करना चाहते हैं, और चावल से दूर नहीं रह सकते, तो सफेद चावल की जगह ब्राउन राइस को भोजन में शामिल करें। कुछ ही समय में आप वजन में कमी महसूस करेंगे।

# जरूरी नहीं महंगी बादाम खाना, सस्ती मूंगफली भी है प्रोटीन का खजाना

मूंगफली का सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। बल्कि इसे बादाम का पर्याय माना जाता है। जितने पोषक तत्व बादाम में मौजूद होते हैं वह सभी मूंगफली में आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। लेकिन बादाम महंगा होता है और मूंगफली सस्ती होती है लेकिन आप बादाम की जगह मूंगफली भी खा सकते हैं। एक लीटर दूध के बजाए 100 ग्राम कच्ची मूंगफली में अधिक प्रोटीन होता है। मूंगफली के साथ ही मूंगफली के तेल के कई फायदे होते हैं। यह कीटाणुओं को खत्म करने में मददगार होता है। जानते हैं मूंगफली खाने के अचूक फायदों के बारे में -

## हड्डियों को करें मजबूत

मूंगफली के सेवन से हड्डियां मजबूत होती है। मूंगफली में मौजूद पोषक तत्वों से शरीर को विटामिन डी और कैल्शियम मिलता है। बादाम के बदले इसका आसानी से सेवन कर सकते हैं।

## हार्मोन को करें बैलेंस

जब महिला और पुरुषों में हार्मोंस अनबैलेंस्ड हो जाते हैं तब कई प्रकार की शारीरिक समस्या होती है। इसलिए महिला और पुरुष को रोज एक मुट्ठी मूंगफली का सेवन करना चाहिए।

## कैंसर से बचाएं

मूंगफली में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है जिसका नाम है पॉलीफिनॉलिक। इसके सेवन से पेट के कैंसर का खतरा कम हो जाता है। सप्ताह में 1 बार मूंगफली के साथ मक्खन का सेवन करना चाहिए।

## झुर्रियों को हटाए

मूंगफली खाने से झुर्रियां कम होती हैं। इसमें मौजूद तत्व चेहरे पर बारीक रेखा और झुर्रियों को बनने से रोकती है।

## डायबिटीज को करें नियंत्रित

मूंगफली का सेवन करने से डायबिटीज की आशंका कम होती है। रोज अपनी डाइट में इसे जरूर शामिल करना चाहिए। ताकि घातक बीमारियों से बचा जा सकें।



# शुभमन गिल ने रचा नया इतिहास, टूटा सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड

**लंदन (एजेंसी)।** इंडिया और इंग्लैंड के बीच द ओवल में आखिरी टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने सुनील गावस्कर का 46 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। ये रिकॉर्ड था बतौर कप्तान एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का। इंग्लैंड के खिलाफ 11 रन बनाते ही गिल ने इस रिकॉर्ड को अपने नाम कर लिया और वह भारत के नंबर-1 कप्तान बन गए हैं। बता दें कि, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 38 रन के स्कोर पर भारत को दो झटके लग गए।

जहां यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल का विकेट गिरने के बाद बल्लेबाजी करने आए शुभमन गिल पर काफी दबाव था। हालांकि, महज 11 रन बनाते ही उन्होंने बतौर कप्तान एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। सुनील गावस्कर ने 1978/79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 6 मैचों की 9 पारियों में 91.50 की औसत के साथ 732 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 4 शतक जड़े थे।

वहीं तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी में रेड हॉट फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल ने अब तक इस रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। वहीं खबर लिखे जाने तक गिल 23 गेंदों पर 15 रन बना चुके हैं। उनके नाम अब इस सीरीज में 737 रन हो गए हैं।

फिलहाल, अब उनकी नजरें बतौर सर डॉन ब्रैडमैन के रिकॉर्ड पर हैं। जो कप्तान एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड सर डॉन ब्रैडमैन के नाम है। गिल अब ब्रैडमैन के रिकॉर्ड को तोड़ने से महज 73 रन ही पीछे हैं।




# महिला टी20 विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले नेपाल में होंगे : आईसीसी



**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला टी20 विश्व कप 2026 के क्वालीफायर मैच नेपाल में रखे हैं। आईसीसी ने क्वालिफायर का पूरा कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। क्वालीफायर मैचों की शुरुआत 12 जनवरी 2026 से होगी और ये 2 फरवरी 2026 तक खेले जाएंगे। 21 दिन के इस इवेंट में कुल 10 टीमें दो अलग-अलग जगह खेलेंगी। बांग्लादेश और आयरलैंड की टीमों ने टी20 महिला कप 2024 में खेलकर पहले ही क्वालीफायर के लिए सीधे प्रवेश हासिल कर लिया है। वहीं थाईलैंड और नेपाल के अलावा यूएसए को भी प्रवेश मिल गया है। अब बची हुई 5 टीमों में से दो-दो टीमें अफ्रीका और यूरोप, जबकि एक टीम ईस्ट एशिया पैसेफिक से शामिल की जाएंगी।

आईसीसी महिला विश्व कप 2026 का क्वालीफायर इसलिए भी अहम होगा क्योंकि इसमें 10 टीमों को दो अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है। हर एक ग्रुप में 5 टीमें होंगी। इसके बाद सुपर सिक्स स्टेज और फाइनल मैच खेला जाएगा। आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 का कार्यक्रम पहले ही घोषित कर दिया गया है, जिसमें इंग्लैंड और वेल्स को मेजबानी मिली हैं। इस इवेंट की शुरुआत 12 जून से होनी है, जिसका फाइनल 5 जुलाई 2026 को खेला जाएगा।

# यशस्वी जायसवाल की फॉर्म पर सवाल, शुरुआती चमक के बाद बल्ला पड़ा शांत



**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय टीम इस समय इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में संघर्ष करती नज़र आ रही है, और टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की फॉर्म भी चिंता का विषय बन गई है। सीरीज की शुरुआत में शानदार शतक लगाने वाले जायसवाल के बल्ले से अब रन निकलना बंद हो गया है। फ्लैट पिचों के बावजूद वे लगातार असफल हो रहे हैं, जिससे भारत की बल्लेबाज़ी लाइनअप पर दबाव बढ़ गया है।

### पहला टेस्ट बना था उम्मीद की किरण

सीरीज के पहले टेस्ट की पहली पारी में जायसवाल ने शानदार 101 रन की पारी खेली थी, जिससे लगा कि वह पूरी सीरीज में भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ साबित होंगे। हालांकि, उसी मैच की दूसरी पारी में वह केवल 4 रन बनाकर आउट हो गए।

### दूसरे टेस्ट में चमक, फिर निराशा

दूसरे टेस्ट में उन्होंने एक बार फिर 87 रन की उपयोगी पारी खेली, लेकिन दूसरी पारी में सिर्फ 28 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद उनकी फॉर्म में गिरावट आनी शुरू हो गई।

### तीसरे और चौथे टेस्ट में बल्ला पूरी तरह शांत

तीसरे टेस्ट में लॉर्ड्स के मैदान पर जायसवाल की पहली पारी में 13 रन और दूसरी पारी में शून्य पर आउट होना उनके खराब फॉर्म का संकेत था। चौथे टेस्ट में उन्होंने एक पारी में 58 रन बनाए, लेकिन दूसरी पारी में फिर शून्य पर आउट हो गए।

### ओवल टेस्ट में फिर फ्लॉप

सीरीज के आखिरी यानी पांचवें टेस्ट की पहली पारी में जायसवाल महज 2 रन बनाकर आउट हो गए, जिससे उनके प्रदर्शन पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

### लंबी पारियों की कमी बनी चिंता

जायसवाल को एक ऐसा बल्लेबाज़ माना जाता है जो अगर क्रीज़ पर टिक जाएं तो बड़ी पारी खेल सकते हैं, लेकिन इस सीरीज में वह बार-बार शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं। उनकी बल्लेबाजी में न तो निरंतरता दिख रही है और न ही पहले जैसी गहराई।

# भारत / इंग्लैंड पांचवें टेस्ट मैच: ओवल टेस्ट में बारिश की एंट्री, शुभमन- सुदर्शन की सधी शुरुआत

**लंदन (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे पांचवें टेस्ट मैच का पहला दिन रोमांचक तरीके से शुरू हुआ, लेकिन बारिश ने इस मुकाबले में खलल डाल दिया। ओवल के मैदान पर भारत की पारी 23 ओवर ही खेली जा सकी थी कि बारिश ने दस्तक दे दी। इसके चलते खिलाड़ियों को मैदान छोड़ना पड़ा और अंपायरों ने जल्दी लंच की घोषणा कर दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत थोड़ी मिलीजुली रही। पहले दो विकेट जल्दी गिरने के बावजूद युवा बल्लेबाज़ों ने मोर्चा संभाल लिया। भारत ने लंच तक 2 विकेट के नुकसान पर 72 रन बना लिए हैं। साई सुदर्शन 25 रन और शुभमन गिल 15 रन बनाकर नाबाद लौटे हैं। दोनों बल्लेबाज़ों ने संयम से खेलते हुए टीम को स्थिरता दी।

### तेज़ गेंदबाज़ों का असरदार प्रदर्शन

इंग्लैंड की ओर से तेज़ गेंदबाज़ों ने शुरुआत में दबाव बनाया और भारत के दोनों सलामी बल्लेबाज़ों को जल्दी पवेलियन भेजा। लेकिन इसके बाद गिल और सुदर्शन ने मोर्चा संभाला और भारत की पारी को आगे बढ़ाया। हालांकि बारिश के कारण खेल रुक गया और लंच का समय घोषित कर दिया गया।




अब यह देखना दिलचस्प होगा कि बारिश के बाद खेल कब दोबारा शुरू होता है और भारतीय बल्लेबाज़ किस तरह पारी को आगे बढ़ाते हैं। ओवल की पिच बल्लेबाज़ों के लिए मददगार मानी जाती है और अगर मौसम साफ रहा तो भारत बड़ा स्कोर खड़ा कर सकता है।

# सीएएफए नेशंस कप के लिए भारतीय फुटबॉल टीम को मिला न्यौता

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत की सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम 31 अगस्त से 8 सितंबर तक होने वाले सेंट्रल एशियन फुटबॉल एसोसिएशन (सीएएफए) नेशंस कप 2025 में भाग लेगी। यह टूर्नामेंट एएफसी एशियन कप 2027 क्वालीफायर्स के फाइनल राउंड की तैयारी के लिए अहम माना जा रहा है। सेंट्रल एशियन फुटबॉल एसोसिएशन ने भारत को इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया है। यह टूर्नामेंट फीफा के आधिकारिक कैलेंडर का हिस्सा नहीं है। मलेशिया के मना करने के बाद भारत को इसमें खेलने के लिए बुलाया गया है। भारत को उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित द्विवार्षिक सेंट्रल एशियन टूर्नामेंट में शामिल किया गया। उसे ग्रुप-बी में रखा गया है। इसमें भारत भारत 29 अगस्त को मेजबान ताजिकिस्तान, 1 सितंबर को ईरान और 4 सितंबर को अफगानिस्तान से खेलेगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें प्ले-ऑफ चरण में पहुंचेंगी, जहां 8 सितंबर को दो मैच खेले जाएंगे। तीसरे स्थान का मैच दो ग्रुप उपविजेताओं के बीच दुशांबे में खेला जाएगा, जबकि दो ग्रुप विजेता टीमें ताशकंद में फाइनल खेलेंगी। उज्बेकिस्तान ग्रुप-ए की मेजबानी करेगा, जिसे ताशकंद में किर्गिज गणराज्य, तुर्कमेनिस्तान और ओमान के साथ रखा गया है। सीएएफए के छह सदस्य हैं जिसमें अफगानिस्तान, इस्लामी गणराज्य ईरान, किर्गिज गणराज्य, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान जैसी टीमें हैं। इसमें ओमान और भारत सीएएफए नेशंस कप के दूसरे संस्करण के लिए आमंत्रित दो टीमें हैं। ईरान गत विजेता है, जिसने 2023 के फाइनल में उज्बेकिस्तान को 1-0 से हराया था। भारत को एएफसी एशियन कप क्वालीफायर्स के फाइनल राउंड के अपने शुरुआती मैच में हांगकांग के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा।

# एशिया कप से पहले अगस्त में श्रीलंका से सीरीज खेल सकती है भारतीय टीम

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम इस समय इंग्लैंड के दौरे पर हैं। वहीं 9 सितंबर से एशिया कप का आयोजन शुरू होगा। ऐसे में एशिया कप की तैयारी के लिए भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवरों की एक सीरीज खेल सकती है।

भारत का एशिया कप का पहला मैच 10 सितंबर को है जबकि दूसरा मैच पाकिस्तान के खिलाफ 14 सितंबर को है। भारत को अगस्त में पहले बांग्लादेश टीम के साथ 3 एकदिवसीय और 3 टी20 मैचों की सीरीज खेलनी थी जो अब नहीं खेली जाएगी पर इसकी जगह भारतीय टीम श्रीलंका से एक सीरीज खेल सकती है हालांकि अभी इसके बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।। एक रिपोर्ट के अनुसार (बीसीसीआई) अगस्त में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का आयोजन इसलिए भी करना चाहता है ताकि एशिया कप से पहले टीम को लय में आने का अवसर मिल सके। ऐसे में श्रीलंका के साथ तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैचों की सीरीज होने की उम्मीद बढ़ गयी हैं। इससे रोहित शर्मा और विराट कोहली के प्रशंसकों को अपने इन पसंदीदा खिलाड़ियों को खेलते हुए देखने का अवसर मिल सकेगा।




# एशिया कप में बुमराह के खेलने की संभावना नहीं : आकाश चोपड़ा



नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एशिया कप नहीं खेल पाये। एशिया कप 9 से 28 सितंबर तक यूएई में टी20 प्रारुप में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट की मेजबानी भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) के पास है पर इसका आयोजन तटस्थ स्थल के रुप में यूएई रखा गया है। इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम की घोषणा अगस्त के मध्य में होने की संभावना है। चोपड़ा के अनुसार बुमराह की उपलब्धता एशिया कप के लिए पक्की नहीं है। उन्होंने कहा, बुमराह अगर उपलब्ध हैं तो मेरा मानना है कि उन्हें एशिया कप खेलना चाहिए। यह देखना होगा कि किस तरह की टीम चुनी जाती है पर यह पिछली बार चुनी गई टी20 टीम से बहुत अलग नहीं होगी। चोपड़ा ने यह भी कहा कि अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को उनकी फिटनेस समस्याओं के कारण टूर्नामेंट के लिए शायद ही शामिल किया जाएगा। उन्होंने साथ ही कहा, मेरा मानना है कि शमी इसमें शामिल नहीं होंगे, क्योंकि शमी को केवल उनकी फिटनेस परखने और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तैयार करने के लिए ही आखिरी बार टी20 टीम में शामिल किया गया था। अब जबकि टीम तय हो गयी है और ऐसे में अगर वह टेस्ट मैचों में नहीं खेलते हैं, तो मेरा मानना है कि टी20 क्रिकेट भी नहीं खेलेंगे।

# पाक और न्यूजीलैंड की टीमों को शायद ही ओलंपिक में प्रवेश मिले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की टीमें शायद ही आगामी 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में शामिल हो पायें। इस दोनो की टीमों को इसलिए जगह नहीं मिल सकती क्योंकि केवल 6-6 टीमों को ही भाग लेने की अनुमति मिली है। ऐसे में 128 साल के बाद ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की वापसी होने के बाद भी ये दोनो ही टीमें उसमें नहीं खेल पायेंगी। इसका कारण ये भी है कि लॉस एंजलिस ओलंपिक खेलों में केवल 6-6 ही टीमें ही पुरुष और महिला वर्ग से भाग लेंगी। अभी तक आईसीसी और आईओसी की ओर से इसके लिए कोई प्रवेश प्रक्रिया घोषित नहीं की गयी है।

एक रिपोर्ट के अनुसार जुलाई में सिंगापुर में हुई वार्षिक आम बैठक के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी ने क्वालीफिकेशन प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया था। इसमें न्यूजीलैंड और पाकिस्तान की टीम को पुरुष वर्ग में शामिल नहीं किया था। रीजनल क्वालीफिकेशन के कारण न्यूजीलैंड और पाकिस्तान को भी इसमें जगह नहीं मिली है।




आईसीसी ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमिटी के मानकों के अनुरूप ही एक क्षेत्रीय योग्यता प्रणाली अपनाई है। इसमें पांच महाद्वीपों - एशिया, ओशिनिया, यूरोप, अफ्रीका और अमेरिका शामिल हैं। इस प्रस्तावित प्रक्रिया के तहत, भारत (एशिया), ऑस्ट्रेलिया (ओशिनिया), ग्रेट ब्रिटेन (यूरोप) और दक्षिण अफ्रीका (अफ्रीका) अपनी वर्तमान में टी20 रैंकिंग के आधार पर महाद्वीपीय प्रतिनिधि के रूप में क्वालीफाई करेंगे। वहीं संयुक्त राज्य अमेरिका (अमेरिका) को मेजबान के रूप में रखा गया है। छठी टीम वेस्टइंडीज की हो सकती है पर उसके लिए प्रक्रिया अलग होगी।

वहीं आईसीसी मेंस टी20 रैंकिंग में चौथे स्थान पर कायम न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया से पीछे है, जो दूसरे स्थान पर है। ऐसे में अगर प्रवेश मौजूदा रैंकिंग के आधार पर मिलता है तो पाकिस्तान (आठवें स्थान) को एशिया से भारत पीछे छोड़ देगा। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड दोनों ने इस प्रस्तावित क्वालिफिकेशन प्रक्रिया पर नाराजगी जतायी है।

# ई-स्पोर्ट्स विश्व कप 2025 : क्वार्टर फाइनल में भारत के निहाल सरीन का मुकाबला नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन से



रियाद, सऊदी अरब। शतरंज को पहली बार ई-स्पोर्ट्स विश्व कप 2025 का हिस्सा बनाया गया है और पहले ही संस्करण में भारत के दो युवा खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा है। भारत के ग्रांडमास्टर निहाल सरीन (टीम एस8यूएल) ने लगातार बेहतरीन दो मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है, जहाँ अब उनका सामना विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के ग्रांडमास्टर मैग्नस कार्लसन (टीम लिक्विड) से होगा। निहाल सरीन ने पहले नीदरलैंड्स के ग्रांडमास्टर अनीश गिरी (टीम सीक्रेट) को 2-0 से हराया और फिर फांस के ग्रांडमास्टर मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव (टीम विटालिटी) को 1.5-0.5 से पराजित किया। निहाल ने इन दोनों मुकाबलों में एक भी बाजी नहीं गंवाई। भारत के ही एक और शीर्ष खिलाड़ी, ग्रांडमास्टर अर्जुन एरिगैसी (टीम जेन.जी) अब क्वार्टर फाइनल में रूस के ग्रांडमास्टर इयान नेपोमिनियाची (टीम ऑरोरा गेमिंग) से टकराएंगे।

**अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में** – उज़्बेकिस्तान के ग्रांडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव (टीम नावी) ईरान के ग्रांडमास्टर अलीरेज़ा फिरौज़जा (टीम फाल्कन्स) से, अमेरिका के ग्रांडमास्टर हिकारू नाकामुरा (टीम फाल्कन्स) अर्मेनिया के ग्रांडमास्टर लेवोन अरोनियन (टीम रिजेक्ट) से खेलेंगे।

प्रत्येक बाजी का समय नियंत्रण 10 मिनट है और इसमें कोई वृद्धि नहीं दी गई है।

इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 15 लाख अमेरिकी डॉलर है और खिलाड़ी अपनी-अपनी ई-स्पोर्ट्स टीमों के ज़रिए 2.7 करोड़ डॉलर की साझा पुरस्कार राशि के हिस्सेदार भी हैं। एक विशेष नियम के तहत हर मुकाबले के बाद विजेता खिलाड़ी, पराजित खिलाड़ी की फ्रचाबीफ्र मंच पर तोड़ता है।

# भारत के सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी बीडब्लयूएफ रैंकिंग में दसवें स्थान पर पहुंची



**लखनऊ (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष पुरुष युगल बैडमिंटन जोड़ी विश्व बैडमिंटन संघ (बीडब्लयूएफ) की रैंकिंग में तीन स्थान के लाभ के साथ ही 10वें नंबर पर आ गई है। सात्विक-चिराग को चाइना ओपन 2025 में सेमीफाइनल तक पहुंचने का लाभ मिला है और इसी कारण उन्हें शीर्ष दस में जगह मिली है। चाइना ओपन में इस जोड़ी को मलेशिया के आरोन चिया और सो वूई यिक की जोड़ी ने 13-21, 17-21 से हराया था। इस सत्र ये उनका तीसरा सेमीफाइनल था। इससे पहले वे सिंगापुर ओपन और इंडिया ओपन में भी अंतिम चार में पहुंचे थे। पिछला साल थाईलैंड ओपन जीतने के बाद इस भारतीय जोड़ी ने दुनिया की नंबर-1 रैंकिंग भी हासिल की थी।

वहीं भारत के टॉप रैंक वाले सिंगल्स खिलाडी लक्ष्य सेन को भी ताजा रैंकिंग में दो स्थान का लाभ हुआ है और वह 17वें स्थान पर पहुंच गये हैं। उनके अब 54442 अंक हैं, जो चीन के झेनजियांग वांग से थोड़ा ही आगे हैं। वहीं वांग ने इस हफ्ते 5 स्थान की छलांग लगायी है। वहीं भार के एचएस प्रणॉय को भी दो स्थान का लाभ हुआ है और वह नंबर 33 पर पहुंच गये हैं। उनके अब 40336 अंक हो गए हैं। वहीं महिला एकल में भातर की उन्नति हुडा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चार स्थान की छलांग लगाई है। उन्होंने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 31वीं रैंकिंग हासिल की है। उन्नति ने पिछले सप्ताह पीवी सिंधु को 21-16, 19-21, 21-13 से हराकर सबको हैरान किया था।

# ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 सीरीज के लिए घोषित की टीम

सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अगले महीने खेली जाने वाली टी20 और एकदिवसीय सीरीज के लिए कप्तान मिचेल मार्श की टीम में बल्लेबाज ट्रैविस हेड और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भी शामिल किया है पर तेज गेंदबाज पैट कमिंस को इस सीरीज के लिए शामिल नहीं किया गया है। इस बार एकदिवसीय टीम में एक नए खिलाड़ी मिच ओवेन को भी जगह मिली है। ओवेन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने 14-14 सदस्यीय टीम टी20 और एकदिवसीय सीरीज के लिए चुनी है। मिचेल मार्श दोनो ही प्रारुपों की कप्तानी संभालेंगे. 10 अगस्त से टी20 सीरीज खेली जाएगी जबकि 24 अगस्त को अंतिम एकदिवसीय के साथ ही ये सीमित ओवरों की सीरीज समाप्त होगी। इस टीम में ऑलराउंडर मैट शॉर्ट को भी जगह मिली है। ओवेन इस सीरीज से एकदिवसीय में पदार्पण कर सकते हैं। इसके अलावा सीन एबॉट, जेक फेजर-मैकगर्क, तनवीर संघा, कूपर कोनोली और आरोन हार्डी का भी टीम से बाहर कर दिया गया है। टीम के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा है कि टीम अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी जारी रखेगी।

**टी20 टीम:** मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, टिम डेविड, बेन ड्वार्शुइस, नाथन एलिस, कैमरोन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैट कुहनेमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट और एडम जैम्पा

**एकदिवसीय :** मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी, बेन ड्वार्शुइस, नाथन एलिस, कैमरोन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, लांस मॉरिस, मिचेल ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट और एडम जैम्पा

# अश्विन की रोमांचक भविष्यवाणी, कहा- ओवल टेस्ट में क्रिकेट की दुनिया को मिलेगा नया सुपरस्टार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही पांचवीं और अंतिम टेस्ट सीरीज से पहले पूर्व भारतीय क्रिकेटर और स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के युवा ऑलराउंडर जैकब बेथेल की जमकर तारीफ की है। अश्विन ने कहा है कि बेथेल में वो सारी खूबियां हैं जो उसे भविष्य का सुपरस्टार बना सकती हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स इस फाइनल टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे और जैकब बेथेल उनकी जगह टीम में शामिल होकर खेलेंगे। अश्विन ने इस युवा खिलाड़ी को लेकर बड़ी उम्मीदें जताई हैं।

### जैकब बेथेल को लेकर अश्विन की खास बात

अश्विन ने एक पॉडकास्ट के दौरान कहा कि ÷पांचवें टेस्ट में क्रिकेट की दुनिया को एक नया सुपरस्टार देखने को मिलेगा।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷मुझे कोई शक नहीं कि जैकब बेथेल सुपरस्टार बनेगा। वह सचमुच एक अलग तरह की प्रतिभा है।÷ अश्विन ने 21 वर्षीय इस खिलाड़ी की बल्लेबाजी और बाएं हाथ की गेंदबाजी दोनों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि बेथेल बल्ले से शानदार खेलता है और गेंदबाजी में भी कमाल दिखाने वाला खिलाड़ी है।

### इंग्लैंड की टीम और बेथेल का रोल

इंग्लैंड की टीम इस सीरीज में फिलहाल 2-1 की बढ़त पर है। हालांकि अंतिम टेस्ट में मेजबान टीम की कोशिश होगी कि वे भारत के खिलाफ जीत दर्ज कर सीरीज पर कब्जा जमाएं। लेकिन बेन स्टोक्स के ना खेलने से इंग्लैंड की टीम को बड़ा झटका लगा है। ऐसे में जैकब बेथेल की जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। यह युवा खिलाड़ी कप्तान के रूप में अपनी योग्यता दिखाने का मौका पाने वाला है।

### सीरीज की स्थिति और भारत की तैयारी

इस टेस्ट सीरीज की शुरुआत इंग्लैंड ने हेडिंग्ले में 5 विकेट से जीत के साथ की थी। इसके बाद एजबेस्टन में भारत को 336 रनों से भारी हार का सामना करना पड़ा। लॉर्ड्स में इंग्लैंड ने फिर से बढ़त बनाई और चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा। अब आखिरी टेस्ट ओवल में खेला जा रहा है, जहां भारत सीरीज को ड्रॉ कराने के लिए जी-तोड़ कोशिश करेगा।



भारतीय टीम के लिए शुभमन गिल इस सीरीज में शानदार फॉर्म में हैं। केएल राहुल, ऋषभ पंत और रविंद्र जडेजा जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी टीम के साथ हैं। हालांकि मैनचेस्टर टेस्ट में पंत के पैर में फ्रैक्चर हो गया था, इसलिए वे पांचवें टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह एन. जगदीशन को टीम में शामिल किया गया है।

## विधायक चेतन आनंद ने एम्स प्रबंधन पर लगाया आरोप

पटना (एजेंसी)। फुलवारी शरीफ स्थित पटना एम्स से है जहाँ बीते रात आनंद मोहन के बेटे विधायक चेतन आनंद अपने समर्थको के साथ मरीज को देखने के लिए एम्स पहुचे थे। जिसे लेकर चेतन आनंद ने एम्स प्रबंधन पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाया है। वही विधायक ने फुलवारी शरीफ थाना एक लिखित शिकायत दर्ज कराया है। वही सिटी एसपी ने बताया कि बीते रात एम्स में दो पक्षो के बीच गाली-गलौज और मारपीट का शिकायत दर्ज कराई गई है,इसमें से एक पक्ष डॉ आयोशी सिंह है उमके द्वारा लिखित शिकायत दर्ज कराया गया है। वही दूसरे पक्ष से एम्स प्रशाशन के तरफ से भी शिकायत दर्ज कराया गया है पुलिस मामले की जांच कर रही है जो दोषी होंगे उनके विरुद्ध करवाई की जाएगी।

## जानीपुर में दरिंदगी : दो मासूमों को जिंदा जलाया, ललन राज ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण



मुंगेर (एजेंसी)। राजधानी पटना के जानीपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां दो मासूम बच्चों को अपराधियों ने जिंदा जला डाला। घटना को लेकर क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। घटना की निंदा करते हुए असेंबली ऑफ ह्यूमन राइट्स एंड जस्टिस के ईस्ट जोन कोऑर्डिनेटर ललन राज ने इसे ₹दुर्भाग्यपूर्ण और मानवता को शर्मसार करने वाली₹ करार दिया है। उन्होंने कहा, इस बर्बरता की जितनी निंदा की जाए, कम है। हमारी पूरी सहानुभूति पीड़ित परिवारों के साथ है। सरकार को चाहिए कि ऐसे जघन्य अपराध के दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर सख्त सजा दिलवाए। ललन राज ने कहा कि बिहार में अपराध अपने चरम पर है और सरकार इसे रोकने में पूरी तरह विफल नजर आ रही है। उन्होंने राज्य सरकार से तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की।

# ट्रंप के टैरिफ लगाने और युद्धविराम के मुद्दों पर सरकार दे जवाबः प्रियंका गांधी

### -ये अमेरिका की ब्लैकमेलिंग ऑपरेशन सिंदूर भी रुकवाया, समझौता भी नहीं किया



बीकानेर (एजेंसी)। नई दिल्ली,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा और भारत-पाकिस्तान युद्ध संबंधी विवादास्पद बयान पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने दोनों मुद्दों पर केंद्र की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार को देश की जनता को जवाब देना चाहिए।

प्रियंका ने कहा कि सबने देखा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने क्या कहा है। उन्होंने टैरिफ के बारे में बात की, जंग के बारे में फिर से कहा कि उनके कहने पर भारत और पाकिस्तान ने जंग रोकी। दोनों बातों पर सरकार को जवाब देना होगा।

वहीं कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा टैरिफ की घोषणा पीएम मोदी और भारत के लिए एक बड़ा झटका है। हाउडी मोदी और नमस्ते ट्रंप का कोई फ़ायदा नहीं हुआ। राष्ट्रपति ट्रंप 30 बार कह चुके हैं कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर रुकवाया और इसलिए रुकवाया ताकि अच्छी ट्रेड डील हो सके। अब 25 फीसदी टैरिफ की घोषणा कर दी है और जुर्माना भी लगाने की बात कही है। ऐसे में सवाल है कि इस दोस्ती से हमें क्या मिला? सवाल ये भी कि अमेरिका कौन होता है हमें ये बताने के लिए हम कहां से क्या खरीदेंगे?

रमेश ने कहा कि यह हमारे देश, हमारी अर्थव्यवस्था और प्रधानमंत्री के लिए बहुत बड़ा झटका है, लेकिन पीएम को डरना नहीं चाहिए, उन्हें डटकर देशहित ऊपर रखना चाहिए। ये अमेरिका की ब्लैकमेलिंग है। ऑपरेशन सिंदूर भी रुक गया, ट्रेड समझौता भी नहीं हुआ और उसके ऊपर पेनल्टी भी लग गई। राज्यसभा चल रही थी, लेकिन पीएम मोदी सदन में आए नहीं। पीएम मोदी को पता चल गया था कि सवाल ट्रंप पर किया जाएगा, क्योंकि 25 फीसदी टैरिफ वाली बात सामने आ चुकी है। हम ये सोच रहे थे कि हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौतियां पाकिस्तान और चीन है, लेकिन अब अमेरिका भी हमारे लिए मुसीबत बन गया है।

वहीं समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव ने ट्रम्प द्वारा भारतीय उत्पादों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा पर कहा कि कुछ दिनों पहले एक प्रेस वार्ता के दौरान जब किसी पत्रकार ने ट्रम्प से पीएम मोदी के बारे में पूछा तो ट्रम्प ने कहा कि मोदी मेरे दोस्त हैं, लेकिन मुझे पाकिस्तान से प्यार है...ट्रम्प का व्यवहार पूरी दुनिया में दूसरे देशों के प्रति ऐसा है कि जैसे वे राजा हों और दूसरे लोग प्रजा हों। ऐसा कभी किसी बड़े और ताकतवर देश ने दूसरे देशों के साथ नहीं किया है। हिंदुस्तान को नए सिरे से सोचना होगा।

## पीएम मोदी से कोई भी काम धमकी देकर नहीं कराया जा सकता

### -कवि कुमार विश्वास ने भारत पर टैरिफ लगाने पर ट्रंप को दी नसीहत

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से होने वाले आयात पर 25 फीसदी टैरिफ और अतिरिक्त जुर्माने का ऐलान कर दिया है। यह फैसला 1 अगस्त से लागू होगा। ट्रंप ने कहा है कि यह फैसला भारत की ओर से रूस से सैन्य उपकरण और ऊर्जा खरीदने को लेकर किया है। ट्रंप के टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद अब सियासी घमासान शुरु हो गया है। कवि कुमार विश्वास ने कहा कि जो लोग पीएम मोदी को थोड़ा सा भी जानते हैं उन्हें मालूम है कि उनसे कोई भी काम धमकी देकर कोई नहीं करा जा सकता। ऐसे उन्होंने यूएस राष्ट्रपति को खास नसीहत दी है। कुमार विश्वास ने एक्स पर पोस्ट में लिखा- राष्ट्रपति ट्रंप के जो भी सलाहकार हैं वे उन्हें भारत के बारे में दो सलाह गलत दे गए। पहली तो यह कि ये संघर्ष और चुनौती को अपने अंतिम आदमी तक ले जाने वाला नया भारत है और अब इसे लड़कर जीतने की धीरे-धीरे आदत सी हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि दूसरे यह कि जो लोग पीएम मोदी को थोड़ा सा भी जानते हैं उन्हें मालूम है कि उनसे कोई भी काम धमकी देकर कोई नहीं कराया जा सकता। उल्टे आपत्ति और चुनौती के समय तो पीएम मोदी की कार्यक्षमता और दक्षता सर्वोत्तम होती है। कुल मिलाकर ट्रंप समेत दुनिया के सभी दादाओं से निवेदन है कि अपनी तेल-चटाई चाहे पाकिस्तान ले जाएं या चीन, भारत के विकास और शक्ति की बीन तो यूं ही बजेगी। विश्वास का ये ट्वीट ऐसे समय में आया जब एक दिन पहले ही ट्रंप ने टैरिफ की घोषणा की है। ट्रंप ने कहा है कि याद रखिए, भले ही भारत हमारा मित्र है, लेकिन सालों से हमने भारत के साथ अपेक्षाकृत बहुत कम व्यापार किया है, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं। अमेरिका को भारत के साथ व्यापार घाटे का सामना करना पड़ रहा है।



## कीव पर रूसी मिसाइल और ड्रोन हमले में 9 की मौत, 124 घायल

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन की राजधानी कीव में गुरुवार को रूस ने रातभर मिसाइलों और आत्मघाती ड्रोन से भीषण हमला किया, जिसमें कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई और 124 अन्य घायल हो गए। मारे गए लोगों में 6 साल का एक बच्चा भी शामिल है, जबकि 10 बच्चे घायल हुए हैं जिनमें सबसे छोटी 5 महीने की बच्ची है। कीव सिटी मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन के प्रमुख तिमुर त्काचेंको ने बताया कि एक नौ मंजिला इमारत का बड़ा हिस्सा हमले में ढह गया। स्थानीय निवासी याना जब्बोरोवा (35) ने बताया कि जब विस्फोट हुआ, तो घर की खिड़कियां और दरवाजे उड़ गए। अब तो बस सदमा और तनाव ही बाकी है, क्योंकि और कुछ भी नहीं बचा है। यूक्रेनी वायु सेना के मुताबिक, रूस ने कुल 309 शहीद ड्रोन और 8 इस्कंदर-के क्रूज मिसाइलें दागीं। इनमें से 288 ड्रोन और 3 मिसाइलों को यूक्रेनी वायु रक्षा प्रणाली ने मार गिराया, लेकिन 21 ड्रोन और 5 मिसाइलें अपने लक्ष्य तक पहुंच गईं और भारी तबाही मचाई।

# सांसद कार्ति चिदंबरम ने पीएम को लिख पत्र कहा- आवारा कुत्ते बड़ी समस्या, टास्क फोर्स बनाएं



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद कार्ति चिदंबरम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर देशभर में तेजी से बढ़ रही आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर चिंता जताई है और इस मुद्दे से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए एक राष्ट्रीय टास्क फोर्स के गठन की मांग की है।

कार्ति चिदंबरम ने अपने पत्र में लिखा कि देश के विभिन्न हिस्सों से लगातार कुत्तों के काटने की घटनाएं, बच्चों और बुजुर्गों पर हमलों की खबरें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकायों द्वारा उठाए गए कदम अपर्याप्त और बिखरे हुए हैं। ऐसे में केंद्र सरकार को एक सुनियोजित और समन्वित नीति बनानी चाहिए।

यह केवल जानवरों का नहीं, जन सुरक्षा का गंभीर मुद्दा है। देश के हर नागरिक को सुरक्षित वातावरण देना सरकार की जिम्मेदारी है। इसके लिए एक उच्चस्तरीय टास्क फोर्स बनाई जाए जो सभी राज्यों, नगरपालिकाओं, स्वास्थ्य एवं पशु कल्याण विभागों के साथ मिलकर ठोस कार्ययोजना बनाए।

उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में नसबंदी, टीकाकरण, और कुत्तों के पुनर्वास को लेकर कोई स्पष्ट और एकसमान दिशा-निर्देश नहीं हैं। इससे नीति निर्माण और अमल में भारी असमंजस की स्थिति बनी रहती है।

कार्ति ने सुझाव दिया कि प्रस्तावित टास्क फोर्स में स्वास्थ्य मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय, पशु कल्याण बोर्ड, विशेषज्ञ एनजीओ, और राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए ताकि हर पहलू से समस्या का समाधान संभव हो। उन्होंने यह भी चेताया कि अगर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह रैबीज और अन्य संक्रमणों के रूप में जनस्वास्थ्य संकट बन सकता है। उन्होंने ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों की ओर भी ध्यान दिलाया, जहां ऐसी घटनाएं अधिक होती हैं लेकिन दर्ज नहीं होतीं। गौरतलब है कि हाल के महीनों में सोशल मीडिया पर कुत्तों के हमलों के वीडियो, नवजातों की मौत, और स्कूल जाते बच्चों पर हमले जैसी खबरों ने इस मुद्दे को लेकर जनचिंता को और गहरा कर दिया है।

फिलहाल प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से इस पत्र पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार यह मुद्दा अंतर-मंत्रालयी स्तर पर चर्चा के लिए जल्द उठाया जा सकता है।

विदित हो कि आवारा कुत्तों के संदर्भ में पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने भी अपनी स्वयंसेवी संस्था के मार्फत समूची दिल्ली में एक अभियान चलाया हुआ है। उन्होंने भी सरकार से आग्रह किया है कि इस दिशा में जल्द ठोस उपाय किये जाएं।




नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशंनस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902